Page 11

Page 09

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



खेल

**नेमार ने लिया संन्यास, पेले के क्लब में हुए शामिल, नॉर्वे से हारकर ब्राजील बाहर**



देश

**20 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए, इतनी बड़ी संख्या में लोगों का बाहर होना बड़ा...**

कृष्ण पक्ष, उत्तर भाद्रपद, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • मंगलवार • 07 जुलाई 2026 • वर्ष 28 • अंक 215 • पृष्ठ

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,34,500 | ₹ 2,45,000 |

## आज का इतिहास

**2003** : जापान ने विकास कार्यों में मदद के लिए भारत को 90 करोड़ डालर की मदद की घोषणा की।

**2015** : पेरिस में दो बंदूकधारियों ने 'चार्ली आब्दो' पत्रिका के कार्यालय पर हमला किया जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य लोग घायल हो गए।

## न्यूज बाइट्स

### बांकीपुर उपचुनाव : राजद ने रेखा गुप्ता को बनाया उम्मीदवार

**पटना (नि.सं.)** । पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। पार्टी ने रेखा कुमारी गुप्ता को चुनाव मैदान में उतारा है। रेखा गुप्ता इससे पहले भी पिछले विधानसभा चुनाव में राजद की उम्मीदवार रह चुकी हैं। उम्मीदवार की घोषणा के साथ ही महागठबंधन में सीट को लेकर खींचतान भी सामने आ गई है। कांग्रेस ने बांकीपुर सीट को अपनी पारंपरिक सीट बताते हुए इस पर दावा ठोका है। कांग्रेस नेताओं ने महागठबंधन की ओर से साझा उम्मीदवार उतारने की मांग की है, जबकि राजद अपने फैसले पर कायम है।

### राम मंदिर चढ़ावा चोरीः चंपतराय और अनिल मिश्रा का इस्तीफा मंजूर

**अयोध्या (यूपी)(ए.)** । श्रीराम जन्मभूमि परिसर के मंदिरों से चढ़ावा चोरी प्रकरण में आठ लोगों की गिरफ्तारी और ट्रस्टियों पर गंभीर आरोपों के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बड़ा फैसला किया है।ट्रस्ट ने महासचिव चंपतराय और ट्रस्टी डॉ. अनिल कुमार मिश्रा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद गिरी ने बताया कि ट्रस्ट के संविधान के मुताबिक इस्तीफा देते ही वो स्वतः स्वीकार मान लिया जाएगा। गोविंद देव गिरि ने कहा कि ट्रस्ट के नियमों में प्राविधान है कि अगर कोई ट्रस्टी इस्तीफा देता है तो उसे स्वतः ही मान्य माना जाता है। इसी कारण चंपतराय जी और अनिल मिश्रा जी का इस्तीफा स्वीकार हो गया है। स्वामी गोविंद देव गिरी ने बताया कि ट्रस्ट की बैठक में चंपत राय और अनिल मिश्रा के त्यागपत्र पर विचार हुआ और परासरन जी के दखल के बाद दोनों के इस्तीफे स्वीकार कर लिए गए।

गुवाहाटी में ब्रिक्स देशों की एंटी-ड्रग एजेंसियों की बैठक, नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने पर मंथन

# युवाओं को नशे से बचाने और ड्रग नेटवर्क पर शिकंजा कसने पर जोर

- राज्यों में एंटी-ड्रग टास्क फोर्स को मजबूत करने और एनसीबी के नए क्षेत्रीय कार्यालयों पर जोर।
- पिछले एक वर्ष में ड्रग्स की बरामदगी बढ़ी और कई अंतरराष्ट्रीय तस्करी सरगनाओं की पहचान की गई।
- एनसीबी महानिदेशक अनुराग गर्ग ने ड्रग्स को वैश्विक चुनौती बताते हुए संयुक्त कार्रवाई की आवश्यकता बताई।



**मादक पदार्थों की तस्करी बन चुकी अंतरराष्ट्रीय समस्या**

भारतीय नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के महानिदेशक अनुराग गर्ग ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी आज अंतरराष्ट्रीय समस्या बन चुकी है और युवाओं को इससे बचाने के लिए सभी देशों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने बताया कि बैठक में डार्कनेट, क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से अवैध लेनदेन, समुद्री मार्गों से ड्रग्स की तस्करी और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जा रही है।

**म्यांमार को बताया गया हेरोइन का प्रमुख स्रोत**

अनुराग गर्ग ने बताया कि म्यांमार भारत में आने वाली मेथामफेटामाइन और हेरोइन का प्रमुख स्रोत बना हुआ है। इस चुनौती से निपटने के लिए राज्यों में एंटी-ड्रग टास्क फोर्स को मजबूत किया जा रहा है तथा एनसीबी ने हाल के वर्षों में गुवाहाटी सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र में नए क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों के परिणामस्वरूप ड्रग्स की बरामदगी में वृद्धि हुई है और अंतरराष्ट्रीय तस्करी से जुड़े कई प्रमुख सरगनाओं की पहचान भी की गई है।

एजेंसी | गुवाहाटी (आसाम)

भारत अपनी ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत 6 और 7 जुलाई को गुवाहाटी में ब्रिक्स देशों की मादक पदार्थ निरोधक एजेंसियों (एंटी-ड्रग एजेंसियों) के प्रमुखों की बैठक की मेजबानी कर रहा है। दो दिवसीय सम्मेलन में सदस्य देशों के शीर्ष अधिकारी नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने, खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। बैठक में भारत, ब्राजील, रूस, इथियोपिया सहित अन्य ब्रिक्स देशों के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी प्रतिनिधियों ने मादक पदार्थों की तस्करी को वैश्विक चुनौती बताते हुए इससे निपटने के लिए साझा रणनीति और समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। ब्राजील के विदेश मंत्रालय के अधिकारी लुकास बारबोसा ने कहा कि ब्रिक्स एंटी-ड्रग वर्किंग ग्रुप का सहयोग का लंबा इतिहास रहा है और भविष्य में कानून प्रवर्तन एजेंसियों तथा खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने भारत की मेजबानी और आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस बैठक से व्यावहारिक सहयोग को नई दिशा मिलेगी। रूस के एंटी-ड्रग प्रमुख इवान गोरबुनोव ने कहा कि विभिन्न देशों के अनुभवों का आदान-प्रदान मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लड़ाई को और प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य देशों का साझा उद्देश्य ड्रग्स नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई करना है।

नई दिल्ली स्थित इथियोपिया दूतावास के प्रभारी नेबियू टेडला ने कहा कि मादक पदार्थों की समस्या केवल किसी एक देश की नहीं, बल्कि वैश्विक चुनौती है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स जैसे मंच पर सदस्य देशों को अपने अनुभव साझा करने और एक-दूसरे से सीखने का अवसर मिलता है। उन्होंने भारत की अध्यक्षता और सर्वसम्मति आधारित नेतृत्व की भी सराहना की।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर सीएम ने कहा

# बिहार में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर होगा सड़क और पार्क का नामकरण

निज संवाददाता | पटना



**मुखर्जी की जयंती पर विस अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि**

बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रख्यात शिक्षाविद्, राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान देशभक्त डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने डॉ. मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती तथा देश के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया, जो आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि डॉ. मुखर्जी के आदर्श, राष्ट्रसेवा की भावना और उनके विचार आज भी सुशासन एवं विकसित भारत के निर्माण में मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को उनके सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि बिहार के सभी जिला मुख्यालयों में उनके नाम पर प्रमुख सड़क अथवा पार्क का निर्माण एवं नामकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अखंड भारत के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले डॉ. मुखर्जी की स्मृति को स्थायी रूप से संरक्षित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने घोषणा की कि उनके सम्मान में जिला मुख्यालयों में महत्वपूर्ण सड़क या पार्क का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखा जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में लिखा कि 'राष्ट्रीय एकता के धरातल पर ही सुनहरे भविष्य की नींव रखी जा सकती है।' उन्होंने डॉ. मुखर्जी को मजबूत और एकजुट भारत के निर्माण का दृढ़ संकल्पी, मानवता का उपासक तथा जनसंघ का संस्थापक बताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी भारत के महान राष्ट्र-निर्माताओं में से एक थे, जिनका जीवन विद्वता, साहस और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक था। उन्होंने शिक्षा, उद्योग, शासन और राष्ट्रीय एकता के क्षेत्र में उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनके विचार विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आज भी प्रेरणा प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उद्योग मंत्री के रूप में डॉ. मुखर्जी ने देश में औद्योगिक आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव रखी। साथ ही उन्होंने शिक्षा, नवाचार और पारंपरिक आजीविका के संरक्षण पर भी विशेष बल दिया। बंगाल अकाल के दौरान उनके मानवीय कार्यों और भारत की एकता एवं अखंडता के प्रति उनके समर्पण को भी प्रधानमंत्री ने प्रेरणादायी बताया।

## डीएम से मिले एनटीपीसी कांटी के परियोजना प्रमुख

निज संवाददाता | मुजफ्फरपुर




एनटीपीसी कांटी के परियोजना प्रमुख पंकज कुमार गुप्ता ने सोमवार को मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी कुमार गौरव से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच क्षेत्र के विकास और विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में परियोजना प्रमुख ने जिलाधिकारी को एनटीपीसी कांटी में विद्युत उत्पादन, पर्यावरण संरक्षण, औद्योगिक सुरक्षा, सामुदायिक विकास तथा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने स्थानीय समुदाय के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया।

जिलाधिकारी कुमार गौरव ने एनटीपीसी कांटी द्वारा क्षेत्रीय विकास एवं सामाजिक उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग और समन्वय का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन और एनटीपीसी के आपसी सहयोग से क्षेत्र के समग्र विकास को और अधिक गति मिलेगी। इस अवसर पर एनटीपीसी कांटी के अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) महेशकुमार सुथार भी उपस्थित रहे।

## सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों को जुलाई में मिलेगा नियुक्ति पत्र, 20 से 25 जुलाई के बीच करना होगा योगदान

निज संवाददाता | पटना



बिहार में तृतीय एवं चतुर्थ सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विशिष्ट शिक्षकों के लिए शिक्षा विभाग ने नियुक्ति प्रक्रिया तेज कर दी है। द्वितीय चरण की काउंसिलिंग पूरी कर चुके शिक्षकों को जल्द ही औपबंधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जाएंगे। इसके बाद उन्हें 20 से 25 जुलाई के बीच संबंधित विद्यालयों में योगदान देना होगा। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। प्राथमिक शिक्षा निदेशक के पत्र के अनुसार 15 से 18 जुलाई के बीच जिला स्तर पर शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र, विद्यालय पदस्थापन पत्र तथा विद्यालय योगदान पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन स्थानीय निकाय शिक्षकों ने तृतीय एवं चतुर्थ सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा जिनकी काउंसिलिंग 26 मई 2026 तक पूरी हो चुकी है, उन्हें पहले विशिष्ट शिक्षक के रूप में औपबंधिक नियुक्ति दी जाएगी। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी उसी विद्यालय में उनकी पदस्थापना का आदेश जारी करेंगे, जहां वे वर्तमान में कार्यरत हैं। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सभी चयनित शिक्षक 20 से 25 जुलाई के बीच अपने-अपने विद्यालयों में विशिष्ट शिक्षक के रूप में योगदान देंगे।

योगदान की तिथि से ही उनकी नई सेवा प्रभावी मानी जाएगी और वे आधिकारिक रूप से विशिष्ट शिक्षक के रूप में कार्य करेंगे। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि विद्यालय में योगदान देने के दिन से संबंधित शिक्षक स्थानीय निकाय शिक्षक के पद से स्वतः विरमित माने जाएंगे। उसी तिथि से उन्हें विशिष्ट शिक्षक के पद के अनुरूप वेतन, भत्ते तथा अन्य सेवा लाभ मिलने शुरू हो जाएंगे।

## बिहार में पत्थर खनन पट्टों की ई-नीलामी होगी तेज

**पटना(नि.सं.)**। बिहार सरकार ने राज्य में पत्थर खनन पट्टों की बंदोबस्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल और समयबद्ध बनाने के लिए बड़ा निर्णय लिया है। अब पत्थर भूखंडों की बंदोबस्ती ई-नीलामी सह-निविदा के माध्यम से की जाएगी, जबकि इसकी जिम्मेदारी जिला समाहर्ताओं (कलेक्टरों) को सौंपी गई है। खान एवं भू-तत्व विभाग के अनुसार इस नई व्यवस्था से खनन पट्टों के आवंटन की प्रक्रिया में तेजी आएगी और जिला स्तर पर लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन संभव होगा। विभाग ने बताया कि अनुमोदित जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (डीएसआर) में निर्धारित वार्षिक खनन योग्य पत्थर की मात्रा पर मिलने वाली रॉयल्टी राशि में 25 प्रतिशत की वृद्धि जोड़कर पहले वर्ष का न्यूनतम सुरक्षित मूल्य निर्धारित किया जाएगा।

## बिपार्ड को मिला आईएसओ 9001:2015 प्रमाण-पत्र, बिहार का तीसरा संस्थान बना

निज संवाददाता | पटना



बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड), पटना ने गुणवत्ता एवं प्रशासनिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए आईएसओ 9001:2015 अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण-पत्र प्राप्त किया है। इसके साथ ही बिपार्ड बिहार का तीसरा संस्थान बन गया है, जिसे यह प्रतिष्ठित प्रमाणन मिला है। लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में आईएसओ प्रमाणन संस्था के पदाधिकारी तरुण स्वरूप ने बिपार्ड के महानिदेशक डॉ. बी. राजेंद्र को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संस्थान के सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई देते हुए इसे बिहार के लिए गौरव का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि आईएसओ 9001:2015 प्रमाणन बिपार्ड की गुणवत्तापूर्ण कार्यप्रणाली, पारदर्शिता और उत्कृष्ट प्रशासनिक व्यवस्था का प्रमाण है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि बिहार की संस्थाएं अब अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य कर रही हैं और सुशासन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि बिपार्ड में वर्ष के 365 दिनों तक प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण से प्रशासनिक दक्षता बढ़ती है और शासन व्यवस्था अधिक प्रभावी बनती है। उन्होंने भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बिपार्ड पटना और गया दोनों की प्रशिक्षण क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए।

## समय पर होंगे पंचायत चुनाव आरक्षण रोस्टर रहेगा लागू

**पटना (नि.सं.)**। बिहार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश कुशवाहा ने बताया कि आरक्षण के रोस्टर को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देश में सारा काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि सभी जगह जनसंख्या का प्रकाशन किया गया है। आरक्षण के लिए 2011 की जनसंख्या को आधार बनाया है। इसके हिसाब से ही आरक्षण का रोस्टर लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरक्षण के लिए कुल आबादी में से उस आबादी की प्रतिशत देखा जाएगा, जिसे आरक्षण दिया जाना है। दीपक प्रकाश ने कहा कि अतिपिछड़ा समाज के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाता है, महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दिया जाता है।

**BAYC Institute** स्थापित 1972

**बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज**

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

**डॉक्टर बनें** एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

वैश्विक संकट के बीच भारत ने सुरक्षित रखी उर्वरक आपूर्ति

# हॉर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकले 15 जहाज़, भारत में बढ़ेगा उर्वरकों का भंडार

एजेंसी | नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने बताया है कि भारत के लिए उर्वरक एवं कच्चा माल लेकर आने वाले 15 जहाज़ सुरक्षित रूप से हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य पार कर चुके हैं। इन जहाज़ों के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भारतीय बंदरगाहों पर पहुंचने से देश में उर्वरकों का भंडार और मजबूत होगा तथा किसानों को आगामी कृषि सीजन में पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

सरकार के अनुसार पश्चिम एशिया में हालिया संघर्ष के कारण हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य में समुद्री यातायात प्रभावित हुआ था, जिससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर असर पड़ा। इसके बावजूद भारत सरकार ने समयबद्ध रणनीति, प्रभावी समन्वय और लगातार निगरानी के जरिए देश में उर्वरकों की उपलब्धता बनाए रखी। साथ ही कई नए देशों से भी उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित कर आपूर्ति श्रृंखला को और मजबूत किया गया।

केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण वैश्विक सप्लाई चेन प्रभावित हुई, उर्वरकों की कीमतों में वृद्धि हुई और माल की ढुलाई में अधिक समय लगने लगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार शुरू से ही सतर्क रही और समय रहते आवश्यक कदम उठाए गए, जिससे देश में उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकी। सरकार ने बताया कि विदेशों में स्थित 28 भारतीय मिशनों (दूतावास एवं उच्चायोग) ने संभावित उत्पादकों और आपूर्तिकर्ताओं से संपर्क स्थापित कर उर्वरकों की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यूरिया की आपूर्ति के लिए ओमान, मलेशिया, वियतनाम, जॉर्जिया, नाइजीरिया, रूस, फिनलैंड, मिस्र, अल्जीरिया, तुर्की और नीदरलैंड सहित कई देशों से व्यवस्था की गई है। वहीं डीएपी एवं एनपीके उर्वरकों के लिए रूस, मोरक्को, मिस्र, अमेरिका, जॉर्डन, दक्षिण कोरिया, ट्यूनीशिया और सऊदी अरब से आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। सरकार के अनुसार वर्तमान में भारत की ओर आ रहे 8 जहाज़ों में 3.32 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 4 जहाज़ों में 2.57 लाख मीट्रिक टन डीएपी तथा 3 जहाज़ों में 1.11 लाख मीट्रिक टन सल्फर लदा हुआ है। इसके अलावा 5 अन्य जहाज़ भी भारत के लिए निर्धारित हैं, जिनमें अमोनिया, यूरिया और सल्फर की खेप शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग ने विम्स में तोड़ा दम

**नारदीगंज (नवादा)** सड़क हादसों की बेलगाम रफ्तार ने एक और हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। नारदीगंज बाजार में बीते 4 जुलाई को तेज रफ्तार अज्ञात बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए 65 वर्षीय बुजुर्ग परमेश्वर ठाकुर ने रविवार रात पावापुरी के विम्स अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद जब बुजुर्ग का शव घर पहुंचा, तो परिजनों में कोहराम मच गया। घटना उस वक्त हुई थी जब मृतक पैदल ही लालिया डाक स्थान मोड़ की ओर जा रहे थे। स्थानीय समाजसेवियों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुँचाया गया था, लेकिन सिर और शरीर में गंभीर चोटों के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका। मृतक के पुत्र भोला शर्मा के बयान पर पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे की खबर मिलने पर पूर्व मुखिया प्रमोद कुमार, सरपंच प्रवेश रविदास,पूर्व सरपंच डा. किशोरी शर्मा,मनोज शर्मा, प्रदीप शर्मा, रामाशीष शर्मा समेत अन्य लोगों दुःख प्रकट करते हुए पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।

### तीन शराब धंधेबाज गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**कौआकोल**। कौआकोल थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के तेलहट्टा धमनी गांव में छापेमारी कर शराब के अवैध कारोबार से जुड़े तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। तीनों को सोमवार को न्यायिक हिरासत में नवादा भेज दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे तेलहट्टा गांव निवासी सकलदेव यादव के पुत्र पिंटू कुमार,मुरारी यादव के पुत्र संदीप कुमार तथा रामचंद्र यादव के पुत्र अजीत कुमार उर्फ बॉस को रविवार देर रात गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि तीनों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत थी। गिरफ्तार आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सोमवार को न्यायिक हिरासत में नवादा भेज दिया गया।

### कौआकोल के सभी पैक्सों में विशेष आमसभा आयोजित, आय-व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत कर लाभांश वितरण पर हुई चर्चा

**कौआकोल**। सहकारिता सप्ताह के समापन अवसर पर सोमवार को कौआकोल प्रखंड के सभी पैक्स पंचायतों में विशेष आमसभा का आयोजन किया गया। बैठक संबंधित पैक्स अध्यक्षों की अध्यक्षता में आयोजित हुई,जबकि इसकी निगरानी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी (बीसीओ) कुन्दन बर्णवाल एवं अजित कुमार द्वारा की गई। बैठक का आयोजन सहकारिता विभाग के निर्देश के आलोक में किया गया। इस दौरान प्रत्येक पैक्स में सदस्यों के समक्ष समिति की आय-व्यय एवं ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। साथ ही समिति की वित्तीय स्थिति की जानकारी देते हुए पात्र सदस्यों के बीच लाभांश वितरण की प्रक्रिया भी पूरी की गई। बीसीओ अजित कुमार एवं कुन्दन बर्णवाल ने बताया कि सहकारिता सप्ताह के तहत जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार सभी पैक्सों में विशेष आमसभा आयोजित करना अनिवार्य था। इसका उद्देश्य समितियों के कार्यों में पारदर्शिता लाना, सदस्यों को वित्तीय गतिविधियों से अवगत कराना तथा उन्हें लाभांश का लाभ उपलब्ध कराना है। बैठक में बड़ी संख्या में पैक्स सदस्य उपस्थित रहे। सदस्यों ने समिति के कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा सहकारिता आंदोलन को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। सभी पैक्सों में आयोजित विशेष आमसभा की सूचना विभाग को भी भेजी गई।

### काराकाट नगर पंचायत में स्थायी समिति की बैठक को लेकर विवाद, उपमुख्य पार्षद के पत्र के बाद कार्यपालक पदाधिकारी ने जारी किया बैठक का आदेश

**काराकाट (रोहतास)**। नगर पंचायत काराकाट में सशक्त स्थायी समिति की बैठक को लेकर पिछले कुछ दिनों से चल रहे गतिरोध के बीच अब 8 जुलाई को बैठक आयोजित करने का आदेश जारी कर दिया गया है। यह घटनाक्रम उपमुख्य पार्षद रविश रंजन द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी को भेजे गए पत्र और उसके बाद नगर पंचायत प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के बाद सामने आया है। उपमुख्य पार्षद रविश रंजन ने अपने पत्र में आरोप लगाया था कि पिछले तीन माह से सशक्त स्थायी समिति की बैठक नहीं बुलाई गई है, जबकि बिहार नगर पालिका अधिनियम एवं सशक्त स्थायी समिति कार्य संचालन नियमावली के अनुसार प्रत्येक माह दो बार बैठक आयोजित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने पत्र में स्पष्ट किया था कि यदि मुख्य पार्षद बैठक बुलाने में असफल रहते हैं तो नियमानुसार उपमुख्य पार्षद बैठक बुला सकते हैं। इसी आधार पर उन्होंने 8 जुलाई 2026 को दोपहर 12 बजे बैठक आयोजित करने का अनुरोध किया था। इसके बाद नगर पंचायत काराकाट के कार्यपालक पदाधिकारी ने आधिकारिक पत्र जारी कर मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद एवं सशक्त स्थायी समिति के सभी सदस्यों को 8 जुलाई 2026 को दोपहर 12 बजे नगर पंचायत सभागार में होने वाली बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है। बैठक के एजेंडे में विभिन्न विकास योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति, पिछली बैठक की पुष्टि, नगर क्षेत्र की नालियों एवं वर्षाती नालों की उड़ाही, सीसीटीवी कैमरा लगाने की प्रशासनिक स्वीकृति तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा शामिल है। नगर पंचायत की इस बैठक पर अब सभी की निगाहें टिकी हैं, क्योंकि लंबे समय से लंबित विकास कार्यों और प्रशासनिक निर्णयों पर इसी बैठक में महत्वपूर्ण फैसला लिए जाने की संभावना है।

# सेवानिवृत्त स्वास्थ्यकर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता






**वारिसलीगंज (नवादा)** नगर परिषद क्षेत्र स्थित रेफरल अस्पताल परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की वर्षों तक निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ सेवा देने वाले तीन सेवानिवृत्त कर्मियों स्वास्थ्य कार्यकर्ता राजकिशोर प्रसाद, एएनएम मंजू कुमारी तथा एएनएम गिरजानंदनी कुमारी को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अस्पताल परिवार की ओर से अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उनके लंबे एवं उत्कृष्ट सेवाकाल का सम्मान किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए चिकित्सा प्रभारी डॉ. आरती अर्चना ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज के प्रति समर्पण का माध्यम है। सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने पूरे कार्यकाल में ईमानदारी, अनुशासन और सेवा-भाव का परिचय देकर अस्पताल की कार्यसंस्कृति को मजबूत किया है। उन्होंने उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनका अनुभव आने वाली पीढ़ी के स्वास्थ्यकर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मियों ने भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ बिताए गए अनुभवों को साझा किया। वक्ताओं ने कहा कि तीनों कर्मियों ने कठिन परिस्थिति कोरोना काल में भी मरीजों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और अपनी कार्यशैली से लोगों का विश्वास जीता। उनके योगदान को अस्पताल परिवार हमेशा याद रखेगा।

अपने सम्मान से भावुक हुए सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अस्पताल प्रशासन एवं सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वारिसलीगंज अस्पताल उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा है और यहां बिताए गए वर्षों की यादें हमेशा उनके साथ रहेंगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों से मरीजों के प्रति संवेदनशीलता और समर्पण के साथ कार्य करने की अपील भी की।

समारोह के दौरान अस्पताल परिसर भावनात्मक माहौल से भर गया। सहयोगियों ने फूल-मालाओं एवं तालियों की गड़गड़ाहट के बीच तीनों कर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी और उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. राम कुमार, डॉ. शिवम कुमार, डॉ. सोनी कुमारी, डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. तरण खातून, अस्पताल प्रबंधक अजय कुमार, प्रधान लिपिक राजीव कुमार रंजन, वार्ड पार्षद टोनी कुमार , सत्यम कुमार, चंदन कुमार, नितिन, नवीन, गायत्री कुमारी, शोभा कुमारी, विजय कुमार,माधुरी कुमारी, डाटा ऑपरेटर शंकर कुमार, टिंकू, फार्मासिस्ट मनोज कुमार, मुरली मनोहर, रंजू कुमारी, एएनएम दिवाकर, शिशुपाल सहित अस्पताल के अनेक चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्थानीय पत्रकार अशोक कुमार, मिथिलेश कुमार, सुजीत कुमार, प्रदीप कुमार, मनीष कमलिया तथा सानू सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# तिलौथू थाना चौक पर खराब वाहन से लगा जाम

## स्थानीय दुकानदार दिलीप गुप्ता ने निभाई अहम भूमिका




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

तिलौथू (रोहतास)। तिलौथू थाना चौक के समीप एक वाहन खराब हो जाने से कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। इससे राहगीरों, ग्राहकों और स्थानीय दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान स्थानीय दुकानदार दिलीप गुप्ता ने वाहन चालक का सहयोग करते हुए वाहन को हटवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके बाद जाम की स्थिति सामान्य हो सकी। उनके इस सहयोग की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

# सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living)" के अंतर्गत आम नागरिकों के दैनिक जीवन को सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार सोमवार को जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तरीय सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

जिला स्तर पर समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश ने की। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा कुल 22 शिकायतें एवं आवेदन प्रस्तुत किए गए। जिला पदाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए कई शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया तथा शेष मामलों को आवश्यक जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई के लिए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को अग्रसारित किया।

जनसुनवाई में थाना नारदीगंज अंतर्गत ग्राम मधुबन निवासी विलास यादव द्वारा मुआवजा भुगतान, थाना पकरीबरावां अंतर्गत ग्राम पकरीबरावां निवासी पप्पू कुमार दास द्वारा जमाबंदी कायम करने, थाना मुफस्सिल अंतर्गत ग्राम अमेरिका बिगहा निवासी पुष्पा देवी द्वारा पारिवारिक विवाद तथा थाना नवादा सदर अंतर्गत नवीन नगर निवासी अमृत प्रसाद यादव द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों ने भी विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें एवं समस्याएं जिला पदाधिकारी के समक्ष रखीं।

जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त सभी शिकायतों एवं आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित एवं प्रभावी न्याय मिल सके।

इसी क्रम में नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल कार्यालयों सहित जिले के सभी ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तरीय सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए गए।

# रजौली में किसानों के बीच अनुदानित दर पर धान मक्का, अरहर और रागी के बीज का वितरण शुरू

## "पहले आओ-पहले पाओ" के आधार पर मिलेगा बीज, मिट्टी जांच और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर दिया गया जोर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली प्रखंड क्षेत्र के किसानों को खरीफ सीजन के लिए राहत देने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा अनुदानित दर पर बीज वितरण की शुरुआत कर दी गई है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रौशन कुमार ने बताया कि खरीफ (शारदीय) 2026-27 के लिए शंकर धान, शंकर मक्का, अरहर और रागी (मड़ुआ) का बीज अनुदानित दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। बीज वितरण "पहले आओ-पहले पाओ" के आधार पर किया जा रहा है। इसके लिए इच्छुक किसानों को अपने साथ किसान रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र और जमीन का रसीद लेकर कृषि कार्यालय या निर्धारित वितरण केंद्र पर पहुंचना होगा। पदाधिकारी ने सभी किसानों से अपील की है कि वे समय पर आकर बीज प्राप्त करें ताकि बुवाई में देरी न हो। रौशन कुमार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज कम दर पर उपलब्ध कराकर उत्पादन बढ़ाना है। शंकर धान और शंकर मक्का के उन्नत बीजों से पैदावार में बढ़ोतरी होगी, वहीं अरहर और रागी जैसी फसलों से पोषण सुरक्षा और आय में वृद्धि संभव होगी। उन्होंने किसानों से मिट्टी जांच कराने की भी विशेष अपील की। कहा कि खेत की मिट्टी की जांच कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार ही उर्वरक का प्रयोग करें। इससे न सिर्फ लागत कम होगी बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहेगी। मिट्टी जांच के लिए किसान अपने पंचायत के किसान सलाहकार या कृषि समन्वयक से संपर्क कर मिट्टी का नमूना जमा करा सकते हैं। कृषि पदाधिकारी ने बताया कि बीज के साथ-साथ किसानों को फसल की वैज्ञानिक खेती, संतुलित उर्वरक प्रयोग और कीट-रोग प्रबंधन की जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि विभाग का लक्ष्य है कि हर किसान को समय पर सही बीज और सही जानकारी मिले। किसानों ने बीज वितरण की पहल की सराहना की। किसानों का कहना है कि अनुदानित दर पर बीज मिलने से उनकी खेती की लागत कम होगी और उपज बेहतर होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बीज की उपलब्धता सीमित है, इसलिए पात्र किसान जल्द से जल्द आवश्यक कागजात के साथ संपर्क करें।



किसानों के बीच बीज वितरण करते प्रखंड कृषि पदाधिकारी

### क्या आने वाले कुछ वर्षों में रोहतासगढ़ किले का यह ऐतिहासिक दरवाज़ा सिर्फ़ तस्वीरों में रह जाएगा...?



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। यह है रोहतासगढ़ किले का पहला प्रवेश द्वार, जो रेहल गाँव से लगभग 6 किलोमीटर आगे स्थित है। यहीं से शुरू होता है उस दुर्ग का सफर, जिसे भारत के सबसे दुर्गम और विशाल किलों में गिना जाता है। इस दरवाज़े से आगे लगभग 7–8 किलोमीटर का पहाड़ी रास्ता तय करने के बाद रोहतासगढ़ किले का मुख्य परिसर शुरू होता है। लेकिन अफसोस की बात यह है कि सदियों से आंधी, बारिश और समय की मार झेलने वाला यह दरवाज़ा अब धीरे-धीरे अपनी पहचान खोता जा रहा है।

आज इसकी दीवारों से पत्थर टूट रहे हैं, कई हिस्सों में दरारें दिखाई देने लगी हैं और हर मानसून इसके लिए एक नई चुनौती लेकर आता है। अगर समय रहते इसका वैज्ञानिक तरीके से संरक्षण नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ियाँ शायद इस ऐतिहासिक धरोहर को सिर्फ़ पुरानी तस्वीरों और किताबों में ही देख पाएँगी।

यह सिर्फ़ ईंट और पत्थरों का बना दरवाज़ा नहीं है... यह उन हजारों कदमों का गवाह है, जिन्होंने सदियों तक इस किले की ओर अपना सफर तय किया। इतिहास अपने आप नहीं बचता... उसे बचाना पड़ता है।

# बौरी गांव पहुंचे एसपी हत्याकांड का लिया जायजा



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा** : जिले के काशीचक थाना क्षेत्र में हुए आर्यन हत्या कांड का जायजा लेने नवादा के एसपी अभिनव धीमान बौरी गावं घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने एक-एक बिंदु की गहन जानकारी लेने के बाद तकनीकी शाखा की टीम को गहन जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को गहन अनुसंधान कर दोषियों की पहचान कर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने तालाब, मो. कुर्बान के बगीचे सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया और इस दौरान दो बच्चों से भी पूछताछ की।

मामले के संबंध में अधिक जानकारी देने से इनकार करते हुए एसपी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने तक इंतजार करना होगा। घटना के संबंध में मृतक आर्यन के पिता रामबाबू चौधरी के लिखित आवेदन पर मो. कुर्बान एवं अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है।

**तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म**: अभी तक पुलिस जिस दिशा में जांच कर रही है और जिस बात पर संदेह जता रही है, उससे ग्रामीण संतुष्ट नहीं हैं। पुलिस के अनुसंधान से प्रतीत हो रहा है कि आर्यन की मृत्यु पानी में डूबने से हुई है।

लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि जहां बच्चे का शव मिला, वहां और उसके आसपास 3 फीट से ज्यादा पानी नहीं था। ऐसे पानी में 7 साल का बच्चा डूबकर नहीं मर सकता।

यह भी बताया जा रहा है कि आर्यन दो अन्य बच्चों के साथ स्नान करने उस तालाब में गया था। ग्रामीणों का मानना है कि जिस तालाब में शव मिला उसमें गंदा पानी है, जबकि बगल में साफ पानी वाला तालाब है। इसी कारण लोग पुलिस की जांच पर सवाल उठा रहे हैं।

इस संबंध में थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि चाहे जो भी चर्चा हो, जब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक कुछ भी कहना संभव नहीं है।

# शराब धंधेबाज के घर से 28 लीटर विदेशी शराब बरामद, आरोपी फरार




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल**। कौआकोल थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रविवार देर शाम थाना क्षेत्र के तेलहट्टा धमनी गांव में छापेमारी कर एक घर से 28 लीटर विदेशी शराब बरामद की।हालांकि पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही आरोपित मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष के निर्देश पर एसआई अजय कुमार के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान तेलहट्टा धमनी गांव निवासी गुली यादव के घर से कुल 52 बोतल विदेशी शराब जब्त की गई। बरामद शराब में 750 एमएल की मैजिक मोमेंट ब्रांड की 8 बोतल तथा 500 एमएल की किंगफिशर गॉड फादर ब्रांड की 44 बोतल शामिल है। बरामद शराब को पुलिस ने जब्त कर थाना लाया।पुलिस ने बताया कि फरार आरोपित के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# रजौली में बारिश से खिले किसानों के चेहरे, खेतों में शुरू हुई धान-मक्का-रागी की बुआई

## आधुनिक युग में भी परंपरा जिंदा, बैल और ट्रैक्टर दोनों से हो रही जुताई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



रामदासी गांव में हर-बैल से खेत जोतते, साथ में बीज छिड़कती पत्नी

**रजौली**। रजौली प्रखंड क्षेत्र में पिछले तीन-चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने किसानों के चेहरे पर रौनक लौटा दी है। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के खेतों में अब नमी आ गई है, जिसके बाद वे पूरी रफ्तार से खेती में जुट गए हैं। प्रखंड भर में हर-बैल और ट्रैक्टर के सहारे खेतों की जुताई और धान, मक्का, रागी एवं अरहर की बुआई का काम तेजी से चल रहा है। बारिश के बाद खेतों में हल चलने की आवाज फिर से गूंजने लगी है। किसान अपने-अपने खेतों में सुबह से ही पहुंचकर फसल की तैयारी में लगे हैं। कहीं ट्रैक्टर से जुताई हो रही है तो कहीं आज भी किसान पारंपरिक तरीके से हर-बैल का सहारा ले रहे हैं। इसका एक जीवंत उदाहरण रजौली प्रखंड के रामदासी गांव में देखने को मिला। यहां के निवासी राजेंद्र प्रसाद अपनी पत्नी के साथ खेत में हर-बैल से जुताई करते नजर आए। फोटो में राजेंद्र प्रसाद हाथ में हल लेकर बैलों को हांकते दिख रहे हैं, वहीं उनकी पत्नी पीछे-पीछे बीज छिड़कने का काम कर रही हैं। किसान राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि बारिश होने के बाद मिट्टी जुताई के लिए एकदम तैयार हो गई है। उन्होंने कहा कि "बारिश से खेत में जान आ गई है। अब समय पर बुआई कर देंगे तो फसल भी अच्छी होगी। ट्रैक्टर तो है, लेकिन छोटे खेत और नमी वाली जमीन के लिए बैल से जुताई सबसे बेहतर होती है।" कृषि जानकारों का कहना है कि समय पर हुई बारिश और खेतों में नमी के कारण इस बार धान, मक्का, रागी और अरहर की पैदावार अच्छी होने की उम्मीद है। किसान भी मौसम को देखते हुए बिना देरी किए बुआई में लगे हैं। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने रौशन कुमार ने किसानों से अपील की है कि वे मौसम की अनुकूलता का लाभ उठाते हुए उन्नत बीज और संतुलित उर्वरक का प्रयोग करें। साथ ही समय-समय पर फसल की देखभाल करते रहें ताकि उत्पादन बेहतर हो सके। बारिश और खेती की रफ्तार को देखकर किसानों को उम्मीद है कि इस साल खरीफ की फसल से उन्हें अच्छी आमदनी होगी।

# बोधगया में दलाई लामा का 91वां जन्मोत्सव मना, बौद्ध भिक्षुओं ने दीर्घायु की कामना की

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। बोधगया में दलाई लामा का 91वां जन्मोत्सव सोमवार को मनाया गया। सबसे पहले विश्व प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। बौद्ध भिक्षुओं ने दलाई लामा की दीर्घायु की कामना की। महाबोधि मंदिर में पूजा के बाद बोधगया के एक निजी होटल में भव्य समारोह का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम इंडियन नेशनल बुद्धिस्ट काउंसिल के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। समारोह में देश-विदेश से आए हजारों बौद्ध अनुयायियों ने हिस्सा लिया। विभिन्न बौद्ध मठों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और कई गणमान्य अतिथि भी इसमें शामिल हुए। होटल में भव्य समारोह, जुटे देश-विदेश के श्रद्धालु महाबोधि मंदिर में पूजा के बाद बोधगया के एक निजी होटल में भव्य समारोह का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम इंडियन नेशनल बुद्धिस्ट काउंसिल के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। समारोह में देश-विदेश से आए हजारों बौद्ध अनुयायियों ने हिस्सा लिया। विभिन्न बौद्ध मठों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और कई गणमान्य अतिथि भी इसमें शामिल हुए।





इस अवसर पर बोधगया के विधायक कुमार सर्वजीत मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आयोजकों ने उन्हें और अन्य विशिष्ट अतिथियों को तिब्बती परंपरा के अनुसार पवित्र 'खादा' (एक प्रकार का रेशमी स्कार्फ) ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सिक्किम सहित देश के कई अन्य राज्यों से भी अतिथि पहुंचे थे जिससे समारोह की रौनक और बढ़ गई।

**भाईचारा मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा- विधायकः** बोधगया विधायक कुमार सर्वजीत ने दलाई लामा के विचारों को आज के समय में सबसे प्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि दलाई लामा का पूरा जीवन प्रेम, भाईचारे और शांति को समर्पित है। आज के समय में सामाजिक सौहार्द और आपसी विश्वास को मजबूत करना सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाईचारा मजबूत होगा तो देश भी मजबूत होगा। विधायक ने सभी से प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता बनाए रखने की अपील की।

दो साल से हो रहा है सामूहिक आयोजन कार्यक्रम के आयोजक आमची लांबा ने बताया कि बोधगया में 100 से अधिक बौद्ध मठ हैं। इंडियन नेशनल बुद्धिस्ट काउंसिल पिछले 2 वर्षों से दलाई लामा का जन्मोत्सव सामूहिक रूप से मना रही है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल जन्मदिन का उत्सव नहीं है। यह विश्व शांति, करुणा, मानवता व सह-अस्तित्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का एक बड़ा माध्यम है। बांटा गया प्रसाद समारोह का समापन बेहद भावुक और उल्लासपूर्ण माहौल में हुआ। दलाई लामा की दीर्घायु और विश्व शांति की प्रार्थना के साथ एक बड़ा केक काटा गया। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं और अतिथियों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। लोगों ने एक-दूसरे को जन्मोत्सव की बधाई दी और दलाई लामा के बताए करुणा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा में सड़क हादसे में महिला की मौत बेटे के साथ मजदूरी के लिए जा रही थी



**नालंदा**। नालंदा में सड़क हादसे में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। रोड क्रॉस करने के दौरान हादसा हुआ है। मृतका की पहचान सलमाबाद निवासी देवी बिंद की पत्नी शरीफा देवी(60) के रूप में हुई है। घटना रहुई थाना क्षेत्र की है मृतका के भतीजे अशोक कुमार ने बताया कि चाची रविवार सुबह करीब 8:00 से 9:00 बजे के बीच मजदूरी के लिए बेटे और गांव के कुछ लोगों के साथ जा रही थी। इस दौरान सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गंभीर रूप से घायल हो गईं। इलाज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्हें बिहार शरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बेहतर इलाज की उम्मीद में परिजन उन्हें निजी क्लीनिक भी ले गए, लेकिन रविवार शाम में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही रहुई थानाध्यक्ष ललित विजय दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष ने बताया कि बाइक को पुलिस ने जब्त कर लिया है। वाहन नंबर के आधार पर बाइक सवार की पहचान की जा रही है। परिजन की ओर से आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पर्यटकों के लिए ईको-कॉटेज और होमस्टे की व्यवस्था, घूमने के लिए सुरक्षित और प्राकृतिक रास्ते होंगे



**नालंदा**। नालंदा और शेखपुरा जिले के पर्यटन स्थलों का कायाकल्प करने की बड़ी योजना तैयार की गई है। सरकार का उद्देश्य न केवल पर्यटकों को लुभाना है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देते हुए रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। योजना के तहत, राजगीर की पहाड़ियों, नेचर सफारी, ग्लास ब्रिज और घोड़ा कटोरा झील जैसे स्थलों के साथ-साथ शेखपुरा के ऐतिहासिक गिरिहिंडा पहाड़ और मटोखर दह झील को भी विशेष रूप से विकसित किया जाएगा। इन स्थलों पर पर्यटकों के ठहरने के लिए ईको-कॉटेज और होमस्टे जैसी आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सैलानियों को प्रकृति के करीब लाने के लिए पर्यटन स्थलों पर बदलाव देखने को मिलेंगे। इनमें पर्यटकों को घूमने के लिए सुरक्षित और प्राकृतिक रास्ते उपलब्ध कराए जाएंगे। दर्शनीय स्थलों पर वॉच टावर और डिजिटल साइनेज लगाए जाएंगे, ताकि सैलानियों को जानकारी प्राप्त करने में आसानी हो। होमस्टे और ईको-कॉटेज के निर्माण से पर्यटक इन क्षेत्रों में अधिक समय बिता सकेंगे, जिससे स्थानीय व्यापार को मजबूती मिलेगी। पर्यटन विभाग की ओर से तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में राज्य में 10 से 15 ईको-टूरिज्म स्थल सक्रिय हैं। सरकार ने आने वाले 5 वर्षों में इस संख्या को बढ़ाकर 60 से 70 करने का लक्ष्य रखा है। विभाग 24 से अधिक प्रमुख वन्यजीव अभयारण्यों, झीलों और जलप्रपातों को विकसित करने पर तेजी से काम कर रहा है। पर्यटन विशेषज्ञों का मानना है कि इन सुविधाओं के विस्तार से न केवल देश-विदेश के सैलानी आकर्षित होंगे, बल्कि बिहार की सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों का संरक्षण भी बेहतर तरीके से हो सकेगा। स्थानीय स्तर पर होमस्टे के माध्यम से निवासियों को अतिरिक्त आय के स्रोत मिलेंगे और बड़ी संख्या में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन होगा।

### कदवा प्रखंड को टीबी मुक्त बनाने की कवायद तेज

**कटिहार**। कदवा प्रखंड में  टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से गाँव-गाँव, शहर-शहर अभियान की प्रगति का जायजा लेने हेतु प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.पंकज कुमार सिंह स्वास्थ्य प्रबंधक रवि रश्मि ने विभिन्न प्रखंडों में आयोजित मेगा टीबी स्क्रीनिंग कैंपों का निरीक्षण किया गया। कदवा प्रखंड के ने कुर्सेल, भर्री,गोपीनाथ,चांदपुर,चौनी पंचायत का हेल्थ वेलनेश सेंटर का निरीक्षण किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.पंकज कुमार सिंह एवं स्वास्थ्य प्रबंधक रवि रश्मि ने स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति, आवश्यक दवाओं और उपकरणों की उपलब्धता तथा स्वास्थ्य सेवाओं का गहन अवलोकन किया।  प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.पंकज कुमार सिंह एवं स्वास्थ्य प्रबंधक रवि रश्मि ने कर्मचारियों को संभावित टीबी रोगियों की ज्यादा से ज्यादा स्क्रीनिंग करने और समयबद्ध जांच व उपचार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.पंकज कुमार सिंह एवं स्वास्थ्य प्रबंधक रवि रश्मि ने कहा कि पंचायत स्तर पर आयोजित मेगा कैम्पों की आज की शानदार उपलब्धी रहा। आज कदवा प्रखंड में 2847 टीबी स्क्रीनिंग किया गया है। जिसमें चार लोग का एक्स-रे किया गया है। पांच लोगों का जांच किया गया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.पंकज कुमार सिंह एवं स्वास्थ्य प्रबंधक रवि रश्मि ने कहा कि कदवा प्रखंड में एक लाख दश हजार तीन सौ अठानवें लक्ष्य के विरुद्ध 64 हजार 382 टीबी स्ट्रेटनिंग किया गया है। कदवा प्रखंड के तीस पंचायत 99 कर्मचारी को लगाया गया है। जिसमें एचडब्लूसी-52, एएनएम -75 को इस कार्य में लगाया गया है। उधर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गागंज के बीसीएम सुनील कुमार ने भी आधे दर्जन सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में बीसीएम सुनील कुमार कर्मचारियों को संभावित टीबी रोगियों की ज्यादा से ज्यादा स्क्रीनिंग करने और समयबद्ध जांच व उपचार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत, मजदूरी करके घर लौट रहा था

## अज्ञात वाहन ने रौंदा, सांसद ने पहुंचाया था अस्पताल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा में सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान खरजम्मा वार्ड-47 निवासी सूरज कुमार के रूप में हुई है। मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था। घटना दीपनगर थाना क्षेत्र के गोलापुर के पास की है। मघड़ा पैक्स अध्यक्ष विश्वास कुमार ने बताया कि सूरज रविवार शाम काम खत्म होने के बाद बेलदारी से अपने घर खरजम्मा लौट रहा था। तभी गोलापुर के पास एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा और वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

**सांसद ने पहुंचाया अस्पतालः** इसी रास्ते से गुजर रहे सांसद कौशलेंद्र कुमार की नजर घायल युवक पर पड़ी। उन्होंने मानवता दिखाते हुए तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाई और उसे उठाकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में



डॉक्टरों ने सूरज की चिंताजनक स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। दुर्भाग्यवश, पटना ले जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया।

**आरोपी की पहचान में जुटी पुलिसः** दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। अज्ञात वाहन और ड्राइवर की पहचान की जा रही है। फिलहाल परिवार की ओर से आवेदन का इंतजार किया जा रहा है। आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# दीदी को न्यूड वीडियो भेजकर ब्लैकमेल करता था, इसलिए मार डाला, पेंचकस से पूरा शरीर गोदा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। गयाजी में 4 जुलाई को वजीरगंज के पहाड़ी इलाके में लाश मिली थी। मृतक की पहचान रविकांत ऊर्फ रॉकेट(26) के रूप में की गई। इस हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए 4 नाबालिग लड़के को पकड़ा है। पुलिस की पूछताछ में एक नाबालिग लड़के ने बताया कि मेरी बहन की शादी हो चुकी थी। उसके बाद भी रॉकेट पुराना अश्लील वीडियो भेजकर ब्लैकमेल करता था। बहन ने मुझसे मदद मांगी। इसके बाद मैंने अपने दोस्तों के साथ हत्या की प्लानिंग की और घटना को अंजाम दिया।

पुलिस ने बताया कि मामले की जांच में पता चला कि मृतक रविकांत पेशे से ड्राइवर था। मानपुर में ही पड़ोस के एक परिवार में कार चलाता था। उसका अलीपुर की दो युवतियों से प्रेम संबंध था। उसने एक युवती का कुछ आपत्तिजनक वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया था। जिस लड़की का वीडियो बनाया था, उसकी शादी हो गई। इसके बाद भी वो उसे छोड़ना नहीं चाहता था। रविकांत उस लड़की को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करता था। ब्लैकमेलिंग से परेशान लड़की ने अपने मुंहबोले भाई को सारी बात बताई। बहन



की बात सुनकर छोटे भाई ने पहले रविकांत को वीडियो डिलीट करने और सुधर जाने की चेतावनी दी। लेकिन रविकांत नहीं माना। वो लड़की को ब्लैकमेल करता रहा।

**भाड़े पर बुलाई गाड़ी, पेंचकस से गोद डाला पूरा बदनः** लड़की का भाई समझ गया कि रविकांत मानने वाला नहीं है। इसके बाद रविकांत को रास्ते से हटाने की साजिश रची। लड़की के मुंहबोले भाई ने अपने 3 नाबालिग दोस्तों की मदद से 3 जुलाई को रविकांत की गाड़ी बुक की। रविकांत बिना कुछ सोचे-समझे गाड़ी लेकर घर से निकल गया।

रविकांत चारों लड़के के बुलाए पते पर पहुंचा। चारों लड़के गाड़ी में बैठे और रविकांत गाड़ी लेकर आगे बढ़ गया। जैसे ही गाड़ी वजीरगंज थाना क्षेत्र के पुनावा पहाड़ी के पास पहुंची। सभी लड़कों ने चलती कार में रविकांत पर हमला करना शुरू कर दिया। रविकांत ने गाड़ी रोक दी। पीछे की सीट पर बैठ लड़कों ने रविकांत के दोनों हाथ पकड़ लिए। उसके बाद रविकांत के हाथ और पैर को रस्सियों से बांध दिया और पेंचकर से शरीर को गोद डाला। इससे उसकी मौत हो गई।

**सूबत मिटाने के दौरान गांव वालों ने पकड़ाः** हत्याकांड को अंजाम देने के बाद आरोपी रविकांत की कार लेकर कुर्कीहार की तरफ भाग रहे थे। कार के भीतर और बाहर खून के गहरे निशान थे। देर रात करीब 1 बजे कुर्कीहार उच्च विद्यालय के पास गाड़ी रोककर सभी खून के धब्बे साफ कर रहे थे, तभी स्थानीय ग्रामीणों की नजर पड़ गई। देर रात लड़कों की संदिग्ध गतिविधियों को देखकर ग्रामीणों को शक हुआ। जब लोग पास पहुंचे तो कार में खून लगा देख कर उनका माथा ठनका। गांव के लोगों ने सभी लड़कों को घेर लिया और पूछताछ शुरू की, तो लड़के सकपका गए। गोलमोल जवाब देने लगे। ग्रामीणों ने तीन लड़कों को दबोच लिया, जबकि एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठा कर वहां से भाग निकला। इसकी सूचना वजीरगंज पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों को हिरासत में लिया और गाड़ी जब्त कर ली।

# पुल के नीचे मिला मजदूर का शव, बॉडी पर चाकू के निशान, सिर गड्ढे में धंसा था, पत्नी बोली- हत्या हुई है

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा में एक मजदूर की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। अड्डा पुल के नीचे शव मिला है। मृतक की पहचान औंगारी के रानीपुर गांव निवासी महेश चौधरी के पुत्र निरंजन चौधरी(35) के रूप में हुई है। वर्तमान में पत्नी और बच्चों के साथ कटहल टोला में किराए के मकान में रह रहे थे। घटना सोहसराय थाना क्षेत्र की है।

मृतक की पत्नी प्रमिला देवी ने बताया कि रविवार रात करीब 8:00 बजे उनके पति घर में चिकन लेकर आए। उसके बाद बाहर चले गए, जाते समय कहा कि थोड़ी देर में लौट आएंगे। देर रात तक नहीं लौटे। उनकी खोजबीन शुरू की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। सोमवार सुबह पुल के पास शव



मिलने की सूचना मिली। शव की स्थिति देखकर ऐसा लग रहा है कि उनकी हत्या की गई है। शरीर पर चाकू के कई गहरे निशान है। सिर गड्ढे में धंसा हुआ था, जबकि पैर बाहर थे। किसी से कोई दुश्मनी या विवाद नहीं है।

**हत्या की जताई संभावनाः** स्थानीय निवासी मंजीत सिंह ने बताया कि निरंजन चौधरी मेहनत-मजदूरी कर अपना घर चलाते थे। रविवार रात से ही उनकी तलाश की जा रही थी। रात के 12:00 बजे तक परिजन अड्डा पुल के पास टॉर्च लेकर ढूंढते रहे, तब वहां कुछ नहीं था। शव को बाद में वहां लाकर फेंका गया है। मौके पर चाकू भी पड़ा हुआ मिला है, जिससे हत्या की संभावना प्रबल हो रही है।

**जांच के लिए FSL को बुलायाः** घटना की सूचना मिलते ही सोहसराय थानाध्यक्ष मुकेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुचे। साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि पुल से गिरने या किसी अनहोनी के कारण युवक की मौत हुई है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल परिजन की ओर से लिखित आवेदन मिलने का इंतजार किया जा रहा है, जिसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# राजद स्थापना दिवस कार्यक्रम में मंच पर मचा 'घमासान'

## शक्ति यादव के सामने हंगामा, पार्टी के नेताओं के बीच बहस





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा के आईएमए हॉल में आरजेडी के 30वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान मंच पर प्रदेश प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव और पार्टी के नेता अरुण कुमार उर्फ कल्लू मुखिया के बीच हुई तीखी बहस हो गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक कुमार हिमांशु कर रहे थे। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। विवाद तब शुरू हुआ जब समय की कमी का हवाला देते हुए स्थानीय पदाधिकारियों के भाषण के बाद सीधे प्रदेश स्तर के नेताओं को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

**'जबरदस्ती मंच पर आकर बैठ गए'**: जिलाध्यक्ष अशोक कुमार हिमांशु ने वायरल वीडियो पर सफाई देते हुए कहा कि समय अभाव के कारण प्रदेश स्तर के वरीय नेताओं को प्राथमिकता दी जा रही थी। कल्लू मुखिया को मंच पर नहीं बुलाया गया था, फिर भी वे जबरदस्ती आकर बैठ गए। जब उन्हें बोलने का मौका तुरंत नहीं मिला, तो उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। वे पार्टी के निष्क्रिय सदस्य हैं और अनुशासनहीनता दिखा रहे हैं।

**'सिर्फ व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाई थी'**: वहीं, दूसरी ओर अरुण कुमार उर्फ कल्लू मुखिया ने आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि यह किसी का 'मोनोपॉली' (एकाधिकार) नहीं है। उन्होंने दावा किया कि मंच संचालन करने वाले लोग वरिष्ठ नेताओं को भी बोलने का मौका नहीं दे रहे थे, इसलिए उन्होंने हस्तक्षेप किया। उनका कहना है कि उन्होंने केवल व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाई थी।

**राजनीतिक गलियारों में चर्चाः** राजद के इस स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान हुई इस सार्वजनिक नोक-झोंक ने जिले में चर्चा का बाजार गर्म कर दिया है। जहां एक तरफ जिला अध्यक्ष इसे अनुशासनहीनता और निष्क्रियता करार दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ इसे पार्टी के भीतर चल रही गुटबाजी और वर्चस्व की लड़ाई के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में सबने साथ भोजन किया, लेकिन मंच पर हुई इस घटना ने स्थानीय राजनीति में खटास की खबरों को हवा दे दी है।

# गयाजी में साइबर ठग गिरफ्तार, 11 मोबाइल नंबर जब्त

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। गयाजी पुलिस ने साइबर ठगी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। साइबर थाना गयाजी और साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई, पटना की संयुक्त कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से 11 मोबाइल नंबर जब्त किए हैं। इन नंबरों का इस्तेमाल देशभर में निवेश, ऑनलाइन ट्रेडिंग और करोड़ों रुपये की ठगी के लिए किया जा रहा था। प्रारंभिक जांच में इन नंबरों से जुड़े 22 साइबर ठगी के मामलों का खुलासा हुआ है, जिनमें कुल 2 करोड़ 91 लाख 18 हजार 286 रुपये की धोखाधड़ी सामने आई है।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब, कम पढ़े-लिखे और जरूरतमंद लोगों के आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों का इस्तेमाल कर उनके नाम पर सिम कार्ड जारी कराता था। कई मामलों में संबंधित लोगों की जानकारी के बिना भी अतिरिक्त सिम कार्ड सक्रिय कर दिए जाते थे। बाद में इन्हें साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराया जाता था, जो इन सिम कार्डों के जरिए निवेश, ऑनलाइन ट्रेडिंग, फर्जी मुनाफे और अन्य आकर्षक योजनाओं का झांसा देकर लोगों को अपने जाल में फंसाते थे।

**शिकायतों में मोबाइल नंबर बार-बार आ रहे थेः** पुलिस के अनुसार, वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के निर्देश पर साइबर अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत राष्ट्रीय साइबर अपराध शिकायत पोर्टल (एनसीआरपी) पर दर्ज मामलों का तकनीकी विश्लेषण किया गया। जांच में पता चला कि कई राज्यों





में दर्ज साइबर ठगी की शिकायतों में कुछ मोबाइल नंबर बार-बार सामने आ रहे थे। तकनीकी अनुसंधान के बाद यह स्पष्ट हुआ कि ये सभी नंबर गयाजी जिले में संचालित एक प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) के माध्यम से जारी किए गए थे। इसके बाद निगरानी शुरू की। साक्ष्य मिलने पर आमस क्षेत्र में छापेमारी की गई, जहां से आरोपी गोविंद कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। गोविंद कुमार डोभी थाना क्षेत्र स्थित अमारुत गांव का निवासी है।

> ♦ **सिम कार्ड के जरिए होती थी ठगी, 2.91 करोड़ की धोखाधड़ी, नेटवर्क को तलाश रही पुलिस**

**11 मोबाइल नंबरों के खिलाफ 22 शिकायतें दर्जः** पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि जब्त किए गए 11 मोबाइल नंबरों के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों से कुल 22 शिकायतें दर्ज थीं। इन शिकायतों में पीड़ितों से लगभग 2.91 करोड़ रुपये की ठगी की गई थी। अधिकारियों का मानना है कि जांच आगे बढ़ने के साथ ठगी की राशि और मामलों की संख्या में और बढ़ोतरी हो सकती है। पुलिस ने आरोपी के ठिकाने से 47 फर्जी या संदिग्ध सिम कार्ड भी बरामद किए हैं। इन सिम कार्डों की तकनीकी जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इनका इस्तेमाल किन-किन साइबर अपराधों में किया गया और इनके माध्यम से जुड़े अन्य आरोपियों की पहचान की जा सके। जांच एजेंसियों को आशंका है कि यह एक बड़े अंतरराज्यीय साइबर गिरोह का हिस्सा हो सकता है। इस मामले में साइबर थाना गया में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस डिजिटल साक्ष्यों, मोबाइल डेटा और कॉल डिटेल रिकॉर्ड का भी विश्लेषण कर रही है, ताकि इस नेटवर्क की पूरी श्रृंखला का खुलासा किया जा सके।

**आरोपी से पूछताछ की जा रहीः** साइबर थाना अध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से लगातार पूछताछ की जा रही है और उसके द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर कई अन्य संदिग्धों की पहचान की गई है। जल्द ही इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड या अन्य दस्तावेज उपलब्ध न कराएं और न ही अपने नाम पर जारी सिम कार्ड किसी अन्य व्यक्ति को इस्तेमाल करने दें।

## संक्षिप्त समाचार

### दहेज के लिए ससुराल वालों पर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप, थाने में दी गई शिकायत

**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** जिले के अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के मुड़ियार गांव से एक महिला ने दहेज के लिए मारपीट और घर से निकाल दिए जाने की शिकायत अकोढ़ीगोला थानाध्यक्ष से की है। पीड़िता बसंती कुमारी, पिता प्रमोद गुप्ता, ग्राम रेंडिया, पोस्ट चन्दपुरा, थाना तिलौथू के रहने वाली ने लिखित आवेदन में बताया कि उनकी शादी 09-03-2026 को हिन्दू रीति-रिवाज से शत्रुघन कुमार, पिता राजेश गुप्ता, ग्राम मुड़ियार, थाना अकोढ़ीगोला के साथ हुई थी। शादी में पिता द्वारा नकद 4 लाख रुपये के अलावा वाशिंग मशीन, फ्रिज, टीवी, पलंग, बर्तन, कपड़ा, सोने की चैन, कान का टॉप, चांदी का पाजेब और एक होंडा मोटरसाइकिल भी उपहार में दिए गए थे, जिसकी कुल कीमत करीब 4 लाख रुपये बताई गई है। बसंती कुमारी ने आरोप लगाया कि शादी के बाद 10-03-2026 को विदाई होकर ससुराल आने के बाद पहले एक सप्ताह सब ठीक रहा। इसके बाद पति शत्रुघन कुमार, ससुर राजेश गुप्ता और सास प्रमिला देवी ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग पिता से 2 लाख रुपये और एक सोने की चैन और लाने का दबाव बना रहे थे। मना करने पर उनके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने थानाध्यक्ष अकोढ़ीगोला से आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई ने आज बताया कि आवेदन मिलते ही कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### अकोढ़ीगोला में मुहर्रम जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर प्रशासन ने कार्रवाई की मांग की

**अकोढी गोला(रोहतास)** जिले के अकोढी गोला में मुहर्रम पर्व 2026 के दौरान प्रतिबंध के बावजूद डीजे बजाकर विधि-व्यवस्था भंग करने के प्रयास का मामला सामने आया है।अकोढ़ीगोला प्रखंड विकास पदाधिकारी, ने इस संबंध में अकोढ़ीगोला थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। लिखित आवेदन में उन्होंने बताया कि 26.06.2026 को लगभग 11:50 बजे अकोढ़ीगोला बाजार चौक पर दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त जुलूस की निगरानी कर रहे थे। उनके साथ अंचलाधिकारी निधि ज्योत्स्ना, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रंजन कुमार और थानाध्यक्ष राकेश गोसाई भी मौजूद थे। तभी अंसार मुहल्ला एवं अन्य मुहल्लों से निकला मुहर्रम का जुलूस जब अकोढ़ीगोला बाजार पुल के पास पहुंचा, तो डालमियानगर की तरफ से ट्रैक्टर पर डीजे बांधकर 10-15 अज्ञात व्यक्ति जबरन जुलूस में शामिल हो गए। पुलिस पदाधिकारियों द्वारा डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध का हवाला देकर समझाने के बावजूद वे नहीं माने। इसके कुछ देर बाद छपरा गांव की ओर से 'कृष्णा डीजे' और खपड़ा गांव की ओर से 'धनजी डीजे' के साथ 10-15 लोग आ पहुंच गए। मौके पर 'धनजी डीजे', 'कृष्णा डीजे' तथा 'आसिफ डीजे' पर 35-40 लोगों ने लाठी-डंडा लेकर अवैध मजमा बनाकर जुलूस में डीजे बजाया। उन्होंने उक्त तीनों डीजे संचालकों और 35-40 अज्ञात लोगों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। इस मामले में अकोढ़ी गोला थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### 2000 लीटर महुआ के पास विनष्ट, 35 लीटर महुआ शराब बरामद

#### अवैध महुआ शराब को लेकर अज्ञात धंधेबाज के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**अकोढी गोला(रोहतास)** जिले के अकोढी गोला थाने की पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।इस मामले में सोमवार के दिन अकोढी गोला थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र अंतर्गत उगरा नहर के समय छापेमारी एवं कार्रवाई की गई । उक्त स्थल से 2000 लीटर महुआ के पास को विनष्ट किया गया वही 35 लीटर महुआ शराब भी बरामद किया गया। इस मामले में अज्ञात शराब धंधेबाज के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ लगातार थाना क्षेत्र में छापेमारी एवं कार्रवाई होती रहेगी।

### अवैध शराब कारोबार पर पुलिस का प्रहार,सोन डीला से 80 लीटर महुआ शराब जब्त,अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**नासरीगंज/रोहतास :** अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान तहत नासरीगंज थाना की पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है । पुलिस ने थाना क्षेत्र के सोन डीला में छापेमारी कर 80 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की है । हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही इस धंधे में संलिप्त कारोबारी मौके से फरार हो गया । प्रभारी थानाध्यक्ष नितेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सोन डीला में सघन छापेमारी अभियान चलाया । तलाशी के दौरान 80 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की गई। जिसकी पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है तथा अज्ञात शराब कारोबारी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है । पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के निर्माण,भंडारण और बिक्री में संलिप्त लोगों के विरुद्ध अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा ।

### न्यायालय के गैर-जमानती वारंट पर पुलिस की कार्रवाई,दो वारंटी गिरफ्तार

**बिक्रमगंज / रोहतास :** न्यायालय द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के अनुपालन में बिक्रमगंज थाना की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तारी के बाद दोनों के विरुद्ध आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी की गई । गिरफ्तार वारंटियों में संतोष साह उर्फ संतोष हलवाई पिता विजय उर्फ बीगन साह निवासी ग्राम धनगाई थाना बिक्रमगंज तथा भुअर राम पिता झमन राम निवासी ग्राम गोटपा थाना बिक्रमगंज जिला रोहतास शामिल हैं । थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि दोनों आरोपितों के विरुद्ध न्यायालय से गैर-जमानती वारंट निर्गत था । न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार वारंटियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई । श्री कुमार ने बताया कि न्यायालय से निर्गत वारंटों के निष्पादन के लिए अभियान लगातार जारी है तथा फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए नियमित छापेमारी की जा रही है ।

### पेमेंट नहीं मिलने पर चेनारी नगर पंचायत के सफाईकर्मी हड़ताल पर, वार्डों में ठप हुई सफाई व्यवस्था

**चेनारी (रोहतास)।** रोहतास जिले के चेनारी नगर पंचायत में वेतन और पीएफ भुगतान नहीं मिलने से नाराज सफाईकर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। सफाईकर्मियों की हड़ताल का असर अब नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। वार्डों में कचरे का उठाव बाधित हो गया है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सफाईकर्मियों का कहना है कि उन्हें पिछले करीब पांच महीनों से पीएफ की राशि नहीं दी गई है, जबकि पिछले महीने का वेतन भी अब तक बकाया है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि बिना किसी सेफ्टी किट के ही उनसे लगातार काम कराया जाता रहा है।

सफाईकर्मियों के मुताबिक चेनारी नगर पंचायत में कुल 14 वार्ड हैं, लेकिन सफाई व्यवस्था संभालने के लिए महज करीब 40 सफाईकर्मी ही तैनात हैं। कई बार एजेंसी से सफाईकर्मियों की संख्या बढ़ाने की मांग की गई, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया। हड़ताल के कारण नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई कार्य प्रभावित हो गया है। कर्मचारियों का आरोप है कि पूरे नगर पंचायत का कचरा उठाव फिलहाल सिर्फ एक ट्रैक्टर के सहारे कराया जा रहा है, जिससे व्यवस्था और भी चरमरा गई है। सफाईकर्मियों ने एजेंसी पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द भुगतान और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

# सोशल मीडिया समस्या का दावा गांव के युवा ने खोला डिजिटल सेवा, लोगो को मिलेगी मदद

## बलथरी के युवक शुभम युवाओं को बनायेंगे आत्मनिर्भर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कोचस (रोहतास)।** डिजिटल दौर में जहां सोशल मीडिया लोगों की पहचान और रोज़गार का बड़ा माध्यम बन चुका है, वहीं रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम-बलथरी निवासी युवा शुभम पांडेय ने गांव में ही डिजिटल सेवाओं और प्रोफेशनल वीडियो एडिटिंग का केंद्र शुरू कर लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। बैनर के माध्यम से उन्होंने फेसबुक से जुड़ी समस्याओं के समाधान, सोशल मीडिया मार्गदर्शन और वीडियो एडिटिंग प्रशिक्षण देने का दावा किया है।

**बैनर के जरिए लोगों को दिया डिजिटल सेवाओं का संदेशः** जारी प्रचार बैनर में शुभम पांडेय ने फेसबुक से संबंधित विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान की जानकारी दी है। साथ ही यह भी बताया गया है कि वे प्रोफेशनल वीडियो एडिटिंग सिखाते हैं, जिससे युवा सोशल मीडिया और डिजिटल कंटेंट क्रिएशन के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें।

**वीडियो एडिटिंग सीखकर युवा बना सकते हैं करियरः** आज के समय में यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो कंटेंट की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में शुभम पांडेय का कहना है कि वे युवाओं को प्रोफेशनल वीडियो एडिटिंग का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना चाहते हैं।

**रविवार को रहेगा विशेष सहायता केंद्रः** बैनर के अनुसार, फेसबुक से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए उनका कार्यालय प्रत्येक रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक खुला रहेगा, जहां लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंच सकते हैं।

**सोशल मीडिया पर भी सक्रिय टीमः** बैनर में फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के अकाउंट का भी उल्लेख किया गया है। साथ ही कई स्थानीय सहयोगियों और टीम सदस्यों के नाम भी प्रदर्शित किए गए हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह पहल एक टीम के साथ संचालित की जा रही है।

**प्रेरणादायक संदेश भी बना आकर्षणः** बैनर में लिखा गया संदेश—"हार मत मानो, अभी सफर बाकी है, जीत की कहानी लिखनी है, अभी पूरा आसमान बाकी है।" युवाओं को मेहनत, संघर्ष और सफलता की ओर प्रेरित करता दिखाई देता है।

**स्थानीय युवाओं में बढ़ रही दिलचस्पीः** गांव और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं में डिजिटल कौशल सीखने और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आगे बढ़ने की रुचि लगातार बढ़ रही है। ऐसे में इस प्रकार की पहल स्थानीय स्तर पर युवाओं को नई दिशा देने का प्रयास मानी जा रही हैं।

# डिभिया में पुलिस का छापा, 25.695 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद



**तस्कर फरार, गिरफ्तारी के लिए पुलिस की लगातार छापेमारी**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**करगहर (रोहतास)।** करगहर थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत सोमवार को डिभिया गांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए 25.695 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि डिभिया गांव निवासी कामेश्वर शाह अपने घर में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब छिपाकर रखे हुए हैं। सूचना के सत्यापन के बाद करगहर थाना पुलिस ने उसके घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान घर के दलान से कुल 25.695 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब जब्त कर थाने ले जाकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी।

छापेमारी के दौरान आरोपी कामेश्वर शाह पुलिस को देखकर फरार हो गया। पुलिस ने आसपास के इलाकों में उसकी तलाश की, लेकिन वह हाथ नहीं लगा। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। करगहर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि इस मामले में उत्पाद अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और पुलिस का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# बिक्रमगंज में एसडीएम के जनता दरबार में 54 मामले का किया गया निष्पादन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास।** सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी रोहतास दिपक कुमार मिश्र के आदेश पर शुक्रवार को एसडीएम बिक्रमगंज प्रभात कुमार ने अपने कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किये। एसडीएम बिक्रमगंज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित "सबका सम्मान-जीवन आसान" के तहत आयोजित जनता दरबार में अपनी समस्याओं को लेकर पूरे अनुमंडल क्षेत्र से आम नागरिक उपस्थित हुए थे। इस दौरान अनुमंडल क्षेत्र से कुल 54 आवेदन पड़े। जिसमें भूमि विवाद से संबंधित 30, राशन कार्ड से संबंधित 12 एवं अन्य 12 मामले लेकर परिवादी उपस्थित हुए। सभी ने अपनी-अपनी समस्याएँ रखीं तथा एसडीएम को आवेदन सौपा। एसडीएम ने सभी आवेदन पत्रों का अवलोकन करने के उपरांत शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित कार्यालयों व पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होने कहा कि जनता दरबार का उदेश्य है कि आम लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। उनकी समस्याओं का समाधान हीं हमारी प्राथमिकता है। जनता दरबार में भूमि सुधार उपसमाहर्ता संतोष कुमार, सभी प्रखंड के बीडीओ, अंचल के सीओ और कई विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# 70 फीट लंबे हाईटेक छठ घाट का उद्घाटन, ग्रामीणों में खुशी की लहर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट (रोहतास)।** काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दनवार पंचायत के सोहदा गांव में सोमवार को नवनिर्मित 70 फीट लंबे हाईटेक छठ घाट का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन पंचायत की मुखिया चिंता देवी के प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिंह उर्फ भैया जी एवं पंचायतवासियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।



जानकारी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत दनवार के अंतर्गत 6.99 लाख की लागत से इस छठ घाट का निर्माण कराया गया है। छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाए गए इस घाट के निर्माण से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिंह उर्फ भैया जी ने बताया कि गांव की महिलाओं एवं ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से छठ घाट निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 70 फीट लंबा घाट बनाया गया है और अगले वित्तीय वर्ष में इसे 70 फीट और विस्तारित करने की योजना है। उन्होंने यह भी बताया कि पंचायत क्षेत्र में अन्य दो स्थानों पर भी छठ घाट का निर्माण कराया गया है।

ग्रामीण हरि सिंह ने कहा कि छठ घाट बनने से गांव के लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी तथा मुखिया द्वारा पंचायत में कई विकास कार्य कराए गए हैं। वहीं तुलसी सिंह ने कहा कि पंचायतवासियों की मांगों को प्राथमिकता देते हुए यह महत्वपूर्ण कार्य पूरा किया गया है। मिंटू कुमार ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की सराहना करते हुए मुखिया प्रतिनिधि का आभार जताया। चितरंजन मेहता ने कहा कि जो कार्य ग्रामीण केवल सोचते थे, उसे मुखिया प्रतिनिधि ने धरातल पर उतारकर दिखाया है।

इस अवसर पर माले नेता एवं ग्रामीण जवाहरलाल सिंह ने कहा कि यदि अधिक राशि उपलब्ध होती तो छठ घाट का और विस्तार किया जा सकता था। उन्होंने सरकार से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर भी अधिक ध्यान देने की मांग की।

उद्घाटन समारोह में रमेश राय, तुलसी सिंह, जवाहरलाल सिंह, हरि सिंह, चितरंजन मेहता, धनंजय सिंह, गुप्तेश्वर सिंह, विश्वनाथ सिंह, धर्मू सिंह, जनार्दन सिंह सहित बड़ी संख्या में पंचायतवासी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डेहरी नगर उत्तरी मंडल की बैठक संपन्न, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर किया गया स्मरण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**डेहरी (रोहतास)** सोमवार को प्रातः 11:00 बजे भारतीय जनता पार्टी, डेहरी विधानसभा अंतर्गत डेहरी नगर उत्तरी मंडल की बैठक मंडल प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष श्रीमती आरती गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्री रविशंकर राय ने की। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रनायक, प्रेरणास्रोत एवं प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रनिर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान का स्मरण किया तथा उनके विचारों पर प्रकाश डाला। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष श्रीमती आरती गुप्ता ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल बैठकें आयोजित करना नहीं, बल्कि प्रत्येक बूथ को सशक्त एवं सक्रिय बनाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे स्थानीय समस्याओं को संगठन के माध्यम से संबंधित अधिकारियों तक पहुँचाने का कार्य करें तथा आगामी सभी संगठनात्मक कार्यक्रमों को टीम भावना के साथ सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास से डेहरी नगर उत्तरी मंडल को और अधिक मजबूत एवं सशक्त बनाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का स्पष्ट मत था कि "एक देश में एक निशान, एक विधान और एक प्रधान" होना चाहिए। उनके इसी राष्ट्रवादी संकल्प को आज देश साकार होते हुए देख रहा है।

बैठक में संजीव कुमार, मंडल महामंत्री पुतुल सोनी एवं बसंत प्रसाद, मंडल उपाध्यक्ष रेखा सिंह, भोला लाल दास, शशि भूषण सहाय, हेमंत कुमार, राजेश कुमार चंद्रवंशी, भगवती कुमार शराफ, अंजू कुमारी, बिट्टू कुमार, सूरज प्रकाश सिंह, अभय कुमार सिंह सहित मंडल के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्र प्रथम और सर्वोच्च त्याग के प्रतीक थे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी : डॉ. मनीष

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ.मनीष रंजन ने 6 जुलाई को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर उन्हें पुष्प अर्पित के साथ नमन कर याद किया। साथ ही उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी के जयंती को मनाने का मुख्य उद्देश्य उनके राष्ट्र-प्रथम के विचारों, अद्वितीय देशभक्ति और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है। यह दिन पूरे भारत में नई पीढ़ी को उनके जीवन मूल्यों और अखंड भारत के सपने से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर को प्रदान करता है। जिन्होंने अखंड भारत की भावना संकल्पित करते हुए अपने जीवन काल में जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान और "एक देश में दो विधान" के खिलाफ उनके संघर्ष को आज भी देश याद करता है। वह स्वतंत्र भारत के पहले उद्योग मंत्री के रूप में चितरंजन लोकोमोटिव और सिंधरी खाद कारखाने जैसी औद्योगिक नींव रखने के उनके दूरदर्शी विजन से युवाओं को प्रेरित करना।

**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।**
E-Mail Id:- eenkcd1aurangabad@gmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2026–27**
(केवल ई–टेन्डर पद्वति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. कार्य का विवरण :–

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि रू0 (ऑन लाईन मोड / ऑफ लाईन मोड में भुगतान) | परिमाण–विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) रू0 में | बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) रू0 में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Restoration works of Madar Medium Irrigation scheme and Keshar scheme under North Koel Canal Division, Aurangabad. | 64.50 | 129000.00 | 10000.00 | 3540.00 | दिसम्बर 2026 |

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि :– दिनांक 03.07.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि :– दिनांक 18.07.2026 से 24.07.2026 के 03:00 बजे अपराहन तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री–बिड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 22.07.2026, 03:00 बजे अपराहन में अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय उत्तर कोयल नहर अंचल, औरंगाबाद।
5. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 25.07.2026 03:30 बजे अपराहन। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय :– सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. निविदा खोलने का स्थान :– www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. निविदा की वैधता की अवधि :– 120 दिन
9. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

**(ई0 मो0 आरिफ अहमद)**
**कार्यपालक अभियन्ता,**
**उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, औरंगाबाद**
**मो0 नं0–7463889720**

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.007070 (WRD) 2026-27

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

# शिक्षकों के विश्वास पर खरे उतरे प्रो. कुमार अजय, शिक्षक प्रतिनिधि पद पर शानदार जीत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नासरीगंज /रोहतासः** वीर कुंवर सिंह महिला कॉलेज काशी मेदनीपुर नासरीगंज में शासी निकाय के शिक्षक प्रतिनिधि पद के लिए हुए चुनाव में मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. कुमार अजय ने प्रभावशाली जीत दर्ज करते हुए आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शिक्षक प्रतिनिधि का दायित्व अपने नाम कर लिया । उनकी जीत के साथ ही महाविद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल बन गया ।शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने उन्हें फूलमाला भेंट कर बधाई दी और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं । शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव प्रभारी प्राचार्य सह निर्वाची पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार पाठक की अध्यक्षता में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ । चुनाव में कुल 14 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया । शिक्षक प्रतिनिधि पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में थे । मतगणना के बाद घोषित परिणाम में प्रो. कुमार अजय को 10 मत प्राप्त हुए,जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी रणधीर कुमार सिंह को 4 मत मिले । स्पष्ट बहुमत के साथ मिली इस जीत ने शिक्षकों के बीच प्रो.कुमार अजय की स्वीकार्यता और विश्वास को दर्शाया । निर्वाचन के बाद प्रो. कुमार अजय ने सभी मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं,बल्कि पूरे महाविद्यालय परिवार के विश्वास की जीत है । उन्होंने कहा कि उनका प्रयास महाविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता को और सुदृढ़ करना, छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना,शिक्षकों एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा अभिभावकों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखना होगा । चुनाव में उमेश प्रसाद सिंह ने प्रस्तावक तथा संजीव कुमार सिंह ने समर्थक की भूमिका निभाई ।परिणाम की घोषणा के बाद महाविद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने प्रो. कुमार अजय का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं । इस अवसर पर मो.अय्यूब खान,रामाशंकर सिंह, द्वारिका चौबे,अशोक कुमार सिंह, उमेश प्रसाद सिंह,डॉ. आनंद कुमार, डॉ. बिजेंद्र शर्मा,गदाधर पांडेय, राजवंश सिंह,संजीव कुमार सिंह, विजेंद्र शर्मा,अरविंद तिवारी,सुनीता कुमारी,रणधीर कुमार सिंह सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहे ।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पूर्णिया रेंज के एसएसबी के डीआईजी ने 56वीं बटालियन में बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस हॉल का किया उद्घाटन

**अररिया।** एसएसबी के पूर्णिया रेंज के डीआईजी मधुकर अमिताभ बधनाहा स्थित एसएसबी 56 वीं बटालियन मुख्यालय पहुंचे, जहां उप महानिरीक्षक को एसएसबी जवानों के द्वारा गार्ड ऑफ आनर दिया गया। तत्पश्चात उप-महानिरीक्षक को कमांडिंग ऑफिसर सह द्वितीय कमान अधिकारी नितिन कुमार गुप्ता के द्वारा गुलदस्ता व शॉल भेंट देकर सम्मानित किया गया। एसएसबी के पूर्णिया रेंज के डीआईजी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के साथ बटालियन मुख्यालय परिसर में बने बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस हॉल का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। मौके पर एसएसबी डीआईजी मधुकर अमिताभ, द्वितीय कमान अधिकारी नितिन कुमार गुप्ता, उप कमांडेंट रवि कान्त चौधरी, सहायक कमांडेंट राशी भरद्वाज, सहायक कमांडेंट (चिकित्सा) मिस सबाना सहित अन्य बल कार्मिक उपस्थित थे।

### पिस्टल सुरक्षित रखने के बजाय कमर में क्यों खोसी

**बेगूसराय।** गिरफ्तारी के समय सोनू-मोनू के पास से अगर पुलिस ने हथियार बरामद किया था उससे पिस्टल छीनी तो उसे सुरक्षित रखती। फिंगरप्रिंट्स की जांच कराती, पर पुलिस उस पिस्टल को सोनू-मोनू के कमर में खोसने लगी। इसकी पुलिस को क्या जरूरत थी, ये पुलिस की मंशा पर संदेह पैदा करता है। ये सवाल बेगूसराय में मानवाधिकार कार्यकर्ता और 'ह्यूमन राइट्स अंब्रेला फाउंडेशन' के चेयरमैन विशाल रंजन दफ्तुआर ने उठाया है। इसके अलावा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) नई दिल्ली और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को भी लेटर लिखा है। मामला बलिया थाना क्षेत्र के वरियारपुर गांव का है।

**सोनू-मोनू ने फायरिंग की तो पुलिस पिस्टल क्यों खोस रही थी?** मानवाधिकार कार्यकर्ता विशाल रंजन दफ्तुआर कहते हैं कि पुलिस और आरोपियों के परिजन के दावों में काफी अंतर है। पुलिस का दावा है कि आरोपियों के पास अवैध हथियार और गोलियां बरामद हुई है। सोनू-मोनू ने पुलिस पर फायरिंग की कोशिश की। दूसरी ओर आरोपी के पक्ष का कहना है कि सोनू-मोनू तो घर में खाना खा रहे थे। तभी पुलिस घर पर पहुंची। अगर दोनों ने फायरिंग की तो पिस्टल उसके कमर में क्यों खोस रहे थे।

**पुलिस की छवि धूमिल होने की चिंताः** दफ्तुआर ने कहा कि हाल ही में भोजपुर के बिलौटी में भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर हुआ था। जब पहले से ही पुलिसिया कार्रवाई लेकर सवाल उठ रहे हैं, तो ऐसा आचरण पूरी बिहार पुलिस की छवि को धूमिल करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधी चाहे कोई भी हो, कानून के तहत सभी के मानवाधिकार होते हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

**सीआईडी टीम ने भी की जांचः** वहीं, दूसरी तरफ रविवार को बेगूसराय-खगड़िया प्रक्षेत्र के प्रभारी डीआईजी राकेश कुमार ने खुद मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इसके तुरंत बाद रविवार शाम को सीआईडी (CID) की टीम भी जांच-पड़ताल के लिए घटनास्थल पर पहुंची।

**पुलिस ने सही कार्रवाई की, एक और की गिरफ्तारी हुई है- एसपीः** एसपी मनीष ने ने बताया है कि सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो गलत तरीके से वायरल हो रहे हैं। आरोप लगाया जा रहा है कि हथियार पुलिस की ओर से प्लांट किया जा रहा है। मामले की जांच की गई है। 2018 में पुलिस के साथ मुठभेड़ हुआ था। हथियार लहराने के भी कुछ वीडियो सामने आए हैं। पिछले महीने दोनों पर केस हुआ था, इसी मामले में गिरफ्तार करने के लिए बलिया थाना की पुलिस टीम गई थी। पकड़ने के दौरान हाथापाई की गई और पुलिस को चैलेंज किया गया। दोनों भाई अलग-अलग दिशा में भागने लगे। एक भाई को पकड़ने के लिए हैंडल किया जा रहा था, इस दौरान सिपाही की त्रुटि होती है। जिससे भ्रम पैदा हो रहा है कि यह हथियार उसका नहीं था। पुलिस ने पूरी तरह से सही कार्रवाई की है। इस मामले में सोनू-मोनू के अलावा साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के रहने वाले अमित कुमार नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसे पूछताछ चल रही है। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। जिसकी भी लापरवाही सामने आएगी, कार्रवाई होगी।

### श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**भागलपुर।** आगामी श्रावण मास एवं श्रावणी मेला-2026 के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने सोमवार को बाबूपुर घाट से बूढ़ानाथ एवं भूतनाथ मंदिर तक विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विभिन्न गंगा घाटों, शिवालयों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन मार्गों का गहन निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में डीएम ने टी.एन.एम. कॉलेज घाट, बूढ़ानाथ घाट, बरारी घाट, भूतनाथ घाट सहित प्रमुख गंगा घाटों एवं शिवालयों का मुआयना किया। उन्होंने घाटों की साफ-सफाई, सीढ़ियों की स्थिति, श्रद्धालुओं के आवागमन मार्ग, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, बैरिकेडिंग, पेयजल, शौचालय, नियंत्रण कक्ष, आपदा प्रबंधन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का बिंदुवार निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि आगामी श्रावणी मास को दृष्टिगत रखते हुए भागलपुर जिला के विभिन्न गंगा घाटों से प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु पवित्र गंगाजल लेकर बाबा बासुकीनाथ, बाबा बैद्यनाथ धाम सहित विभिन्न शिवधामों के लिए प्रस्थान करते हैं। इसके अतिरिक्त जिले के प्रमुख शिवालयों में भी श्रावण मास के दौरान जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। इसे देखते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि गंगा घाटों, शिवालयों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन मार्गों पर स्वच्छता, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, बैरिकेडिंग तथा अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि सभी घाटों एवं मंदिर परिसरों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालुओं के आवागमन वाले मार्गों को अतिक्रमण मुक्त रखा जाए तथा आवश्यकता अनुसार मरम्मत एवं समतलीकरण का कार्य किया जाए। 3 उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, दंडाधिकारी, गोताखोर, बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक एवं सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के क्रम में डीएम ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए जा रहे प्रबंधों का भी अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि नगर निगम, विद्युत, स्वास्थ्य, पेयजल, आपदा प्रबंधन एवं पुलिस प्रशासन आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त, नगर निगम किसलय कुशवाहा, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) कुंदन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार सहित विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बीएयू में अपशिष्ट से समृद्धि, मिशन आम गुठली कार्यशाला का शुभारंभ

**भागलपुर।** बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के नेचर क्लब एवं उद्यान (फसलोत्तर प्रबंधन) विभाग द्वारा आयोजित "अपशिष्ट से समृद्धि, मिशन आम गुठली कार्यशाला" का शुभारंभ सोमवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) डी. आर. सिंह द्वारा हरित ध्वज दिखाकर किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि आम की गुठली वेस्ट नहीं, बल्कि एक बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधन है। यदि हम इसे कचरे में फेंकने के बजाय वैज्ञानिक तरीके से एकत्रित करें, तो इससे उच्च मूल्य वाले खाद्य, औद्योगिक एवं जैव-आधारित उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं। अपशिष्ट को संपदा में बदलना ही भविष्य की सतत एवं आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की दिशा है। बिहार कृषि विश्वविद्यालय का यह अभियान स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार तथा ग्रामीण उद्यमिता को एक साथ जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार तथा भागलपुर जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि वे आम खाने के बाद गुठलियों को फेंकने के बजाय उन्हें अच्छी तरह साफ करें, छाया में सुखाएं तथा अपने निकटतम संग्रह केन्द्र पर जमा करें। उन्होंने बताया कि नेचर क्लब द्वारा इन संग्रह केन्द्रों से नियत अवधि पर नियमित रूप से गुठलियों का संग्रह किया जाएगा। इसके बाद उनका वैज्ञानिक प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन कर खाद्य, न्यूट्रास्यूटिकल, कॉस्मेटिक तथा अन्य उच्च मूल्य के उत्पाद विकसित किए जाएंगे।

# सदर अस्पताल की महिला डॉक्टर से चेन स्नैचिंग, घायल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बांका।** बांका में सदर अस्पताल के पास दिनदहाड़े एक महिला स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा कुमारी से चेन स्नैचिंग की घटना हुई है। बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके गले से डायमंड लॉकेट लगी सोने की चेन छीन ली और फरार हो गए। इस दौरान डॉ. पूजा सड़क पर गिर गईं, जिससे उनके हाथ और पैर में चोटें आईं। डॉ. पूजा कुमारी सदर अस्पताल में अपनी ड्यूटी समाप्त कर पैदल अपने घर लौट रही थीं। उनका घर अस्पताल से लगभग 100 मीटर की दूरी पर है। घर के समीप पहुंचते ही एक नीले रंग की अपाची बाइक पर सवार दो अपराधियों ने उन्हें निशाना बनाया।



**युवक ने गमछे से ढका हुआ था चेहरः** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक चला रहे युवक ने अपना चेहरा गमछे से ढका हुआ था, जबकि पीछे बैठे बदमाश ने हेलमेट पहन रखा था। पीछे बैठे अपराधी ने अचानक डॉ. पूजा के गले से चेन झपट ली। विरोध करने पर वह सड़क पर गिर गईं और घायल हो गईं। इसके बाद दोनों बदमाश तेजी से मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़िता से घटना की विस्तृत जानकारी ली। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और अपराधियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी का दावा कर रही है।

**पुलिस बोली-संगठित गिरोह की गतिविधिः** इस घटना के बाद चिकित्सकों और स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। उनका कहना है कि शहर के संवेदनशील इलाकों में लगातार हो रही झपटमारी और चेन स्नैचिंग की घटनाओं पर नियंत्रण आवश्यक है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हाल के महीनों में हुई अन्य चेन स्नैचिंग की घटनाओं में भी बाइक सवार बदमाशों ने इसी तरह वारदात को अंजाम दिया है। यह1 संगठित गिरोह की गतिविधि हो सकती है। अपराध विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे मामलों का क्राइम पैटर्न विश्लेषण कर सभी घटनाओं को जोड़कर जांच करने से पूरे गिरोह तक पहुंचने में सफलता मिल सकती है। थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर पुष्पांजलि समारोह



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया।** फारबिसगंज रेणु सार्वजनिक पुस्तकालय परिसर में भाजपा नगर इकाई की ओर से सोमवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वें जयंती पर पुष्पांजलि समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद मिंटू ने किया। मौके पर मौजूद भाजपा नेता प्रवीण कुमार ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रवाद के पुरोधा रहे हैं।राष्ट्र पुनर्निर्माण में स्वदेशी नीति के वे न केवल प्रबल समर्थक थे बल्कि उनका संपूर्ण जीवन भारत की एकता अखंडता और प्रगति के लिए समर्पित रहा। भाजपा नेता श्री कुमार एवं नगर अध्यक्ष श्री प्रसाद ने डॉ मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि 6 जुलाई उन लाखों लोगों के लिए खास दिन है,जो राष्ट्रवाद और निस्वार्थ सेवा के आदर्शों में विश्वास रखते है।कहा कि डॉ मुखर्जी जैसे राष्ट्र पुरुष का जीवन, साहस राष्ट्र भक्ति और मां भारती के प्रति अटूट समर्पण की अमर मिशाल है।आधुनिक भारत में बहुत कम ऐसे नेता हुए,जिनमें डॉ मुखर्जी की तरह बुद्धिमता,जन सेवा और नैतिक दृढ़ता का इतना गहरा संगम देखने को मिला हो।

# 35 साल पुराने जमीन विवाद में मारपीट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। दोनों ओर से फायरिंग का भी आरोप है। दोनों पक्षों ने जगदीशपुर थाना में अलग-अलग आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पहले पक्ष के संजय कुमार यादव ने आवेदन में आरोप लगाया है कि मैं परिजन के साथ खेत में था।

इसी दौरान दूसरे पक्ष के कई लोग हथियार के साथ पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दी। जान बचाने के लिए मैंने अपनी लाइसेंसी रायफल से हवाई फायरिंग की। आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज की और गले से 1 लाख रुपए की सोने की चेन छीन ली। 35 साल से जमीन विवाद चल रहा है। जान से मारने की धमकी भी दी है। मामला जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बलुआचक गांव का है।

वहीं, दूसरे पक्ष के शशि कुमार यादव ने आरोप लगाया है कि मैं अपनी दुकान से बाहर निकला तो देखा कि उनकी जमीन पर जुताई की जा रही थी। विरोध करने पर



संजय कुमार यादव, अभय कुमार यादव, अजय कुमार यादव समेत कई अन्य लोग हथियार, रायफल, पिस्टल और लाठी-डंडे के साथ पहुंचे और फायरिंग करते हुए उनके साथ मारपीट की। हमले में मैं गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर डायल-112 और जगदीशपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जगदीशपुर थाना अध्यक्ष रामचंद्र कुमार सिंह ने बताया कि लाइसेंसी 2 रायफल और कारतूस जब्त किए हैं दोनों पक्षों ने घटना के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस दोनों आवेदनों के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

# नदी तैरकर पहुंचे पिता, बेटी की लाश मिली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

मुंगेर। मुंगेर में शादी के 2 महीने बाद नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। फंदे से लटकी उसकी लाश मिली। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर गला घोंटकर हत्या करने और बाद में शव को फंदे से लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगाया है। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तौफिर गांव का है। घटना के बाद ससुराल पक्ष के सभी सदस्य घर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने मृतका की सास को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पिता ने बताया कि ससुराल वाले एक लाख कैश और बाइक की डिमांड कर रहे थे। मुझे बच्ची से मारपीट की खबर मिली तो मैं नदी तैरकर वहां पहुंचा, उसकी लाश मिली।

विदाई कराने गए भाई को पीटकर भगयाः पिताः मृतका के पिता रुदल यादव, बेगूसराय जिले के सांभो दियारा क्षेत्र के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि बेटी रूपम की शादी इसी साल मई महीने में मुंगेर के तौफिर गांव निवासी मानसुख यादव के साथ हुई थी।

दहेज में 2 लाख कैश, 2 तोले सोना दिया थाः पिताः पिता रुदल यादव ने बताया, बेटी की शादी में दहेज में दो लाख रुपए नकद, दो तोला सोना और चांदी के जेवर देकर दिए थे। दस दिन पहले बेटी से बात हुई थी उसने बताया कि एक लाख रुपए की मोटरसाइकिल की मांग कर रहे हैं, तभी विदाई करेंगे। मैंने कहा कि उनलोगों से थोड़ी मोहलत मांग लो, पैसे का जुगाड़ कर भेज दूंगा। लेकिन पता चला कि सुसराल वालों और दामाद मिलकर मेरी बेटी की हत्या कर फांसी लगा दी। जब हमको जानकारी हुई तो मैं गंगा में तैरकर बेटी को देखने के लिए अस्पताल पहुंचा। परिजनों ने बताया कि रविवार दोपहर उनके एक रिश्तेदार ने फोन कर मामले की जानकारी दी। वहीं ससुराल पक्ष की ओर से उन्हें कहा गया कि रूपम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

# रेल समस्याओं और सुविधाओं को लेकर सिविल सोसाइटी की हुई बैठक

**अररिया।** जोगबनी कटिहार रेलखंड की समस्याओं और रेल सुविधा के विस्तार को लेकर सोमवार को फारबिसगंज सिविल सोसाइटी की बैठक अध्यक्ष मांगीलाल गोलछा की अध्यक्षता में डीआरयूसीसी सदस्य एवं सोसाइटी के संरक्षक बछराज राखेचा के आवास पर हुई। बैठक में त्रिदिवसीय जोगबनी से कोलकाता जाने वाली चित्तपुर एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन प्रतिदिन किए जाने,जोगबनी से सिलीगुड़ी वाया कटिहार जाने वाली ट्रेन को अररिया ठाकुरगंज के रास्ते प्रतिदिन चलाने और रेलखंड में चलने वाली पैसेंजर्स ट्रेन में बोगियों की न्यूनतम संख्या 12 करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा जोगबनी से कटिहार के लिए प्रातः साढ़े आठ बजे और कटिहार से वापसी 12 बजे नए ट्रेन का परिचालन करने पर विचार करते हुए सांसद प्रदीप कुमार सिंह को शिष्टमंडल के द्वारा ज्ञापन सौंपे जाने का निर्णय लिया गया। सोसाइटी के सदस्यों ने सांसद प्रदीप कुमार सिंह से फोन पर बातचीत भी की, जिस पर उन्होंने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

# अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हुई मौत

**अररिया।** जिले में सिमराहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेणु गेट के पास सोमवार को अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी और घटनास्थल से फरार हो गया। इस हादसे में बाइक सवार बुरी तरह जख्मी हो गया और सूचना पर मौके पर पहुंचे सिमराहा थाना पुलिस जब तक उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचती, रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक 35 वर्षीय अलीम पिता बकरीद है।बाइक पर पीछे बैठे मोलिम घायल हो गया,जिसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। मृतक को छोटे छोटे तीन पुत्र एक पुत्री है। घटना पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद सदस्य दिलीप पटेल मृतक के घर पहुंचकर मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। घटना के संबंध में दिलीप पटेल ने बताया कि मृतक कोलकाता में सरिया फैक्ट्री में काम करता था।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्याः ओ/एसी/टी/98 से 101/26-27 (खुली), दिनांक 03.07.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, केस संख्या** : ओ-एसी-टी-98-26-27, **कार्य का नामः** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के अधीन मौजूदा संरचना के साथ आसनसोल आर. रूम के संवर्धन, विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण तथा सीतारामपुर में नई क्रू लॉबी के निर्माण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.3,78,30,997.32, **बयाना राशि :** रु. 7,56,600/-, **कार्य समाप्त करने की अवधिः** 12 माह । **क्रम सं. 2, केस संख्या** : ओ-एसी-टी-99-26-27, **कार्य का नामः** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के अधीन एईएन/मुख्यालय/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में नए कोचिंग कॉम्प्लेक्स, आसनसोल में 2000 केवीए सीएसएस के माध्यम से एचओजी कोचों के रखरखाव के लिए 750 वो. पावर सप्लाई की व्यवस्था और अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.70,47,065.16, **बयाना राशि :** रु. 1,40,900/-, **कार्य समाप्त करने की अवधिः** 06 माह । **क्रम सं. 3,** केस संख्या : ओ-एसी-टी-100-26-27, **कार्य का नामः** आसनसोल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर कुछ अन्य सुविधाओं के साथ एमईए कमी को दूर करने (वाटर टैप, शौचालय, पीएफ एसईएचसी और प्रतीक्षालय) के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.4,00,90,759.91, **बयाना राशि :** रु. 8,01,800/-, **कार्य समाप्त करने की अवधिः** 12 माह। **क्रम सं. 4,** केस संख्या : ओ-एसी-टी-101-26-27, **कार्य का नामः** आसनसोल मंडल के अधीन दुमका स्टेशन यार्ड के कटिंग स्ट्रेच में स्लोप सुरक्षा कार्य, रिटेनिंग वॉल के साथ दुमका यार्ड के ड्रेन सुधार कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.89,01,739.93, **बयाना राशि :** रु. 1,78,000/-, **कार्य समाप्त करने की अवधिः** 12 माह । **बंद होने की तिथि और समयः** दिनांक 29.07.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।
ASN-163/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 02.07.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. : 1, निविदा सं.: टीएन-115-26-27, कार्य का नामः** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के लिए बीओबीवाईएन टाइप वैगनों एफ.ओ.आर. पाकुड़/तिलभीटा क्वैरी में 75000 घनमीटर मशीन खंडित हार्ड स्टोन ट्रैक बैलस्ट की आपूर्ति, लीडिंग एवं लोडिंग। **निविदा मूल्य :** रु. 14,76,30,000/-, **बयाना राशि :** रु.29,52,600/-, **कार्य की समापन अवधिः** 10 (दस) माह। **क्रम सं. : 2, निविदा सं.: टीएन-117-26-27, कार्य का नामः** सहायक अभियंता/बालीगंज के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता (वर्क्स)/चितपुर के अधीन ड्रेनेज सुधार प्रणाली के प्रावधान द्वारा कोलकाता यार्ड का सुधार। **निविदा मूल्य :** रु. 9,14,80,271.88, **बयाना राशि :** रु.18,29,600/-, **कार्य की समापन अवधिः** 12 (बारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 31.07.2026 को 15.00 बजे (क्रम स. 1 एवं 2 हेतु)। **निविदा के खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 31.07.2026 को 15.30 बजे (क्रम स. 1 एवं 2 हेतु)। निविदा कागजात एवं विवरण वेबसाइटः **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है।
SDAH-115/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र एवं परिशिष्ट**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक** 26.06.2026 के संबंध में शुद्धिपत्र एवं परिशिष्ट, 24.07.2026 को खोली जाएगी, जो पूर्व में मंडल अभियंता (मुख्यालय), पूर्व रेलवे, सियालदह द्वारा प्रकाशित की गई थी, इसके शीर्षक में असावधानी में टाइपिंग संबंधी एक भूल थी यानी निविदा सूचना की पहली लाइन "दो पैकेट प्रणाली" छाप दिया गया था। **निविदा सं. टीएन-113-26-27 के माध्यम से निविदा को एकल पैकेट प्रणाली** पढ़ा जाना चाहिए। सभी अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
SDAH-118/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना सं.: ईएल-एसडीएएच-सीओएन-जीईएनएल-183-2026-एनआईटी, निविदा सं.: ईएल-एसडीएएच-सीओएन-जीईएनएल-183-2026, दिनांक 02.07.2026,** उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, सियालदह, आर.एम.एस. बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा अनुभवी विद्युत ठेकेदारों, पार्टनरशिप फर्मों आदि जिनके पास निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता और उपयुक्त अनुभव के साथ वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है, से ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः** "निम्नलिखित के लिए विद्युत (सामान्य) कार्य - (क) उत्तर की ओर डब्ल्यूआरएस-III और कैसनब बोगी शॉप के विस्तार द्वारा वैगनों के पीओएच के लिए स्ट्रिपिंग सुविधाएँ एवं (ख) पूर्व रेलवे के जमालपुर वर्कशॉप के अंदर विभिन्न स्थानों पर सामग्री स्टोरेज सुविधाओं की उन्नति एवं वैगन आइटमों के स्टोरेज के लिए शेड का निर्माण"। **निविदा मूल्यः** रु. 2,06,89,882/-, **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य, **बयाना राशिः** रु. 4,13,800/-, **समापन अवधिः** 12 (बारह) माह, **अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 04.08.2026 को 15.30 बजे। निविदा कागजातों को **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है और इस निविदा के लिए ऊपर वर्णित अनुसार उल्लिखित निविदा की अंतिम तिथि और समय पर या उससे पहले "निविदा कागजात की लागत" और "बयाना राशि" के ऑनलाइन भुगतान के बाद बोली जमा की जा सकती है। इस निविदा के लिए हर पहलू से पूर्ण और ऊपर उल्लिखित सभी कागजातों के साथ निविदाएँ **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जानी चाहिए। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के माध्यम से जमा की जानी है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और यदि कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा और तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। निविदा कागजात, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) और अन्य बुनियादी जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। विस्तृत निविदा सूचना उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण, पूर्व रेलवे, आर. एम. एस. बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 के सूचना पट में भी देखी जा सकती है।
CON-21/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 **(डीईएन/एसपीएल/हावड़ा** के क्षेत्रधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, एनआईटी सं.: 159_2026-27, दिनांक 02.07.2026, कार्य का विवरण :** हावड़ा मंडल में सांइथिया (04), डानकुनी (04) और कामारकुण्डु (02) में 10 पैसेंजर लिफ्ट का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,76,46,175.97, **बयाना राशिः** रु. 5,52,900/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य। **समापन अवधि :** 08 (आठ) माह। **क्रम सं. 2, एनआईटी सं.: 160_2026-27, दिनांक 02.07.2026, कार्य का विवरण :** हावड़ा मंडल में आजिमगंज (04), खागड़ाघाट रोड (03), सालार (01) और कटवा (04) में 12 पैसेंजर लिफ्ट का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 3,61,72,808.45, **बयाना राशिः** रु. 7,23,500/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य । **समापन अवधि :** 08 (आठ) माह। **क्रम सं. 3, एनआईटी सं.: 161_2026-27, दिनांक 02.07.2026, कार्य का विवरण :** हावड़ा मंडल में हावड़ा (01), बैण्डेल (01), मेमारी (02), पाण्डुया (02), बैंची (02), लिलुआ (02) और नबद्वीपधाम (03) में 13 पैसेंजर लिफ्ट का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 3,33,77,930.79, **बयाना राशिः** रु. 6,67,600/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य । **समापन अवधि :** 08 (आठ) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 20.07.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट :**www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।
HWH-193/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**एडमिन यूनिट/जोनः** सियालदह मंडल-वाणिज्यिक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700 014, **ऑक्शन कैटलॉग सं.:** पार्सल-एसडीएएच-65, **नीलामी करने वाले अधिकारीः** वरिष्ठ डीसीएम/सियालदह। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 20.07.2026 को 12.00 बजे। **नीलामी की अंतिम तिथि/समयः** 20.07.2026 को 12.40 बजे। **ऑटो एक्सटेंशन जोनः** 120 सेकंड। **ऑटो एक्सटेंशन अवधिः** 120 सेकंड। **प्रारंभिक कूलिंग ऑफ अवधिः** 30 मिनट। **लगातार लॉट का समापन अंतराल :** 10 मिनट। **अधिकतम ऑटो एक्सटेंशनः** 10 बार। **निर्णय का माध्यम :** ऑटो, **आरपी की प्रदर्शनी की गई**-नहीं। **आरपी से कम परमिट बिड** -हाँ। **विवरणः** एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट) [क्रम सं. एए/1 एवं एए/2 के लिए] । **क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, ट्रिप/दिन, अंतिम तिथि/समय** निम्नानुसार हैंः **एए/1,** 13105-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-बीयूआई-26-3 (पार्सल-एसएलआर), 1096, 20.07.2026 को 12.30 बजे, **एए/2,** 13185-एसएलआर-आर1-एसडीएएच-जेवाईजी-26-1 (पार्सल-एसएलआर), 1096, 20.07.2026 को 12.40 बजे। **रेट यूनिटः** प्रति ट्रिप लाइसेंसिंग शुल्क [क्रम सं. एए/1 एवं एए/2 के लिए]। **न्यूनतम वृद्धि (%):** 0.2 [क्रम सं. एए/1 एवं एए/2 के लिए]। **ईएमडी** : 10 ट्रिप का बोली मूल्य (न्यूनतम 5 लाख) [क्रम सं. एए/1 एवं एए/2 के लिए]। **टर्नओवर की आवश्यकताः** रु.0 [क्रम सं. एए/1 एवं एए/2 के लिए]। **क्या आरओएफआर लागू है** : नहीं [क्रम सं. एए/1 एवं एए/2 के लिए]। **लॉट की स्थिति** : आरपी पेंडिंग [क्रम सं. एए/1 एवं एए/2 के लिए]।
SDAH-114/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

संक्षिप्त समाचार

## गरीब मरीजों के लिए उम्मीद की किरण बने समाजसेवी बादल विराट

**आरा**| शहर के महावीर टोला निवासी युवा उद्यमी एवं समाजसेवी बादल विराट स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में जरूरतमंदों की मदद के लिए लगातार सक्रिय हैं। वे गरीब एवं असहाय मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ रक्तदान, निःशुल्क चिकित्सा शिविर और सामाजिक जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों की सेवा कर रहे हैं। बादल विराट ने बताया कि किसी भी जरूरतमंद मरीज को आपात स्थिति में यदि इलाज या एम्बुलेंस की व्यवस्था नहीं मिलती है, तो वे निःशुल्क एम्बुलेंस उपलब्ध कराने के साथ उपचार कराने में भी हरसंभव सहयोग करते हैं। वे वर्तमान में मेडिकों हॉस्पिटल के संचालक होने के साथ सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने अब तक कई गांवों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर आयोजित कर सैकड़ों लोगों को लाभ पहुंचाया है। इसके अलावा नियमित रक्तदान, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण तथा जिला प्रशासन के सहयोग से जनहित के विभिन्न कार्यक्रमों में भी उनकी भागीदारी रही है। समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए बादल विराट को विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा कई बार सम्मानित किया जा चुका है। उनका कहना है कि जरूरतमंद लोगों की सेवा ही उनके जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य है और भविष्य में भी वे इसी भावना के साथ समाजहित में कार्य करते रहेंगे।

## नवनिर्वाचित एमएलसी शीला व शिवरानी का होगा सम्मान

**आरा**| जेल रोड, रेखा शाह मंदिर में रविवार को बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति, कार्यकारिणी बैठक जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश पंडित की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 12 जुलाई को पटना के कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित समारोह में नवनिर्वाचित एमएलसी शीला पंडित एवं शिवरानी प्रजापति का सम्मान किया जाएगा। समाज के सभी लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई। बैठक में उमा शंकर पंडित, सुरेंद्र पंडित, लालदेव पंडित, दिनेश पंडित, रवि नंदन पंडित, बबन पंडित, शंभू नाथ पंडित सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## राजद के स्थापना दिवस में सामाजिक न्याय की लड़ाई मजबूत करने का लिया संकल्प

**आरा**। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का 30वां स्थापना दिवस रविवार को धनुपरा में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वीरबल यादव ने की, जबकि मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा की लोक लेखा समिति के सभापति एवं मनेर विधायक भाई वीरेंद्र रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, जिसके बाद पार्टी की 30 वर्षों की यात्रा और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान जूम के माध्यम से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजद सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों की आवाज़ को बुलंद करने वाला आंदोलन है। मुख्य अतिथि भाई वीरेंद्र ने कहा कि राजद संविधान, सामाजिक न्याय और सामाजिक समरसता के मूल सिद्धांतों पर कायम है। वहीं विधान पार्षद सोनू राय, पूर्व विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विजयेंद्र यादव तथा जिलाध्यक्ष वीरबल यादव ने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का संकल्प दोहराया। जिला उपाध्यक्ष एकराम आलम ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर पूर्व विधान पार्षद लालदास राय, पूर्व विधायक अरुण यादव, प्रमुख मुकेश सिंह यादव, आशा पासवान, अदीब रिज़वी, आलोक रंजन समेत बड़ी संख्या में राजद नेता, कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

## जदयू महानगर की समीक्षा बैठक, सामाजिक लोगों को संगठन में शामिल करने पर जोर

**आरा**। जनता दल यूनाइटेड महानगर आरा की समीक्षा बैठक रविवार को जेपी चौधरी कम्प्लेक्स में महानगर कार्यालय में जिलाध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी सेक्टर अध्यक्ष, संगठन पदाधिकारी व सक्रिय महिला कार्यकर्ता व अन्य लोग मौजूद रहे। संगठन को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही लाभकारी योजनाओं को सक्रियता अभियान चलाकर जन- जन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया। सभी को यह दायित्व दिया गया कि अपने आस-पड़ोस के जरूरतमंद लोगों को हर स्तर पर मदद करना और अच्छे सामाजिक लोगों को संगठन में शामिल करना है। इस सत्र में पूरे बिहार में एक करोड़ से अधिक सक्रिय सदस्य बनने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार और बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा को बधाई दिया गया। भोजपुर जिला सदस्यता अभियान में सर्वोपरि होने पर सभी कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाध्यक्ष महानगर जयप्रकाश चौधरी को बधाई दिया गया। बैठक में सुरेन्द्र सिंह, बृजकिशोर चौधरी, रविन्द्र चौधरी, देवी दयाल राम, मंजीत पासवान, राजेश कुमार बिन्द, महेश्वर चौधरी, प्रेमा कुशवाहा, राधा सिंह, रिमा देवी प्रभा देवी, साधना श्रीवास्तव, पूजा सिन्हा, सर्वानंद सिंह, ब्रजेश राय, बजरंगी राय,शहर्ष कुमार सिंह, श्याम कुमार सिंह, राधेश्याम यादव, चन्दन कुमार, संदीप कुमार आदि थे।

## अनियंत्रित होकर पलटी ट्रैक्टर

**आरा**। भोजपुर में बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलट गई। गाड़ी के नीचे दबने से ड्राइवर की मौत हो गई। मृतक की पहचान इमादपुर के बिहटा गांव वार्ड-12 निवासी विजय बैठा के पुत्र सोनू कुमार बैठा(36) के तौर पर हुई है। घटना सिकरहटा स्थित दरगाह के पास की है। मृतक के चचेरे भाई प्रमोद कुमार ने बताया कि सोमवार की सुबह बालू अनलोड करने के लिए गया था। वापस लौटते समय रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक वाले ने उन्हें चकमा दे दिया। जिसके कारण उनका संतुलन बिगड़ गया। गाड़ी अनियंत्रित होकर चार्ट में पलट गई। हादसे में उनकी जान चली गई।

**जांच में जुटी पुलिसः** हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाया। मामले की छानबीन की जा रही है। मृतक के परिवार में मां चुटिया देवी, पत्नी इंदू देवी, दो पुत्री सुषमा, आरती और पुत्र ऋषभ राज है। मौत के बाद परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## करंट लगने से महिला की मौत

**आरा**। भोजपुर में करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। घर से बकरी चराने के लिए निकली थी। मृतका की पहचान लक्ष्मीपुर गांव निवासी रंजीत शर्मा की पत्नी विमलावती देवी(33) के तौर पर हुई है। घटना आयर थाना क्षेत्र की है। मृतका के पति ने बताया कि बधार में बकरी राने गई थी। इस दौरान एक बकरी भाग गई। जिसे पकड़ने के लिए दौड़ी। रास्ते में ट्रांसफर के पास विद्युत प्रभावित लाइन से हाथ टच हो गया। झटका लगते ही जमीन पर गिर पड़ी। मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया।

**घर में मचा कोहरामः** मामले की सूचना पर पुलिस पहुंची। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया। मृतका को तीन पुत्र रोहित शर्मा, रौशन शर्मा और किशन शर्मा है। मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## छेड़खानी के आरोप में एक आरोपी गिरफ्तार

**आरा**। नवादा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के जगदेवनगर मोहल्ला से छेड़खानी के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी नवादा थाना क्षेत्र के जगदेवनगर मोहल्ला के निवासी संजीवन पांडे का पुत्र दीपक पांडे है। जगदेव नगर गली नंबर 6 में किराए पर रह रही गौतम सिंह की पत्नी अनु कुमारी ने नवादा थाना में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराई है। आवेदन में अनु कुमारी ने लिखा है कि मैं जगदेव नगर में दीपक पांडे के घर में किराए पर रहती हु। रविवार की रात मकान मालिक दीपक पांडे नशे की हालत में मेरे रुम में आकर मेरे साथ छेड़खानी करने का प्रयास करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। जिसमें बाद पुलिस को सूचना दिया गया।

# बेसुध पड़ी पत्नी, हॉस्पिटल जाने की बजाए पति ने फोटो ली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर की महिला की यूपी के लखनऊ में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शादी के सिर्फ 4 महीने बाद नवविवाहिता की मौत को लेकर मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान सोनाली (24) के रूप में हुई है, जो खड़हाटांड़ गांव के रहनेवाले वीरेंद्र ओझा की बेटी थी। सोनाली की शादी 26 फरवरी 2026 को भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र के पिंजरौली गांव निवासी कमलाकांत मिश्र से हुई थी। शादी के बाद सोनाली अपने पति के साथ लखनऊ में रह रही थी, जहां उनके पति एक प्राइवेट बैंक में काम करते हैं। मायके वालों का आरोप है कि ससुराल वाले उसे टॉर्चर करते थे। परिजनों ने पति समेत ससुराल पक्ष के 6 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज कराई है।

**पति, सास-ससुर टॉर्चर करते थेः** परिजनों का आरोप है कि शादी के कुछ ही दिनों बाद से पति, सास, ससुर, ननद, भसुर और भाभी दहेज के लिए सोनाली को लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा। सोनाली के साथ मारपीट, गाली-गलौज की जाती थी, उसे मानसिक रूप से परेशान किया



जाता था। परिवार का कहना है कि सोनाली ने कई बार मारपीट और टॉर्चर की बात परिवार को बताई, लेकिन अपनी शादीशुदा जिंदगी बचाने की उम्मीद में वह सब कुछ सहती रहीं।

**फोर व्हीलर की कर रहे थे मांगः** मृतका के भाई अभिषेक ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि शादी के समय 15 लाख रुपए कैश, लगभग 250 ग्राम सोने के गहने और करीब ढाई लाख रुपए के फर्नीचर दिए गए थे। इसके बावजूद ससुराल पक्ष लगातार चार पहिया गाड़ी की मांग कर रहा था। मांग पूरी न होने पर सोनाली को जान से मारने की धमकी भी दी जाती थी।

**पति ने फोन कर दी सुसाइड की जानकारीः** परिजनों के मुताबिक, सोनाली भोजपुर में अपने ससुराल में थी। 28 जून को वो अपने पति के पास लखनऊ गई थीं। 4 जुलाई की दोपहर उनके पति ने फोन कर बताया कि सोनाली ने आत्महत्या कर ली है। हालांकि, जब परिवार लखनऊ पहुंचा तो शव पर गले के अलावा हाथ और पैरों में भी रस्सी जैसे निशान दिखाई दिए। इसी आधार पर मायके वालों ने आत्महत्या की बात पर संदेह जताते हुए इसे सुनियोजित हत्या बताया है।

**दहेज हत्या सहित अन्य धाराओं में FIRः** इस मामले में लखनऊ के इंदिरा नगर थाना में पति कमलाकांत मिश्र समेत 6 लोगों के खिलाफ दहेज हत्या समेत दूसरी धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इंदिरा नगर के प्रभारी थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी भी जारी है। बक्सर की इस बेटी की संदिग्ध मौत से गांव और आसपास के इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। परिजनों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है।

## महिला का अर्धनग्न शव मिला



♦ पैर जलने और बॉडी पर चोट के निशान, रेप के बाद मर्डर की आशंका, जांच के लिए पहुंची एफएसएल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में एक महिला का अर्धनग्न शव मिला है। मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। शव की स्थिति को देखते हुए रेप के बाद हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल जांच के बाद ही मौत के कारण और रेप की पुष्टि हो सकेगी। घटना बबुरा थाना क्षेत्र के बभनगावां गांव के पास की है। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने सोमवार(6 जुलाई 2026) सुबह बधार में एक महिला का शव देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। मृतका के शरीर से साड़ी हट गई थी और शव अर्धनग्न अवस्था में पड़ा था। बाएं पैर पर जलने और चेहरे पर चोट के कई निशान मिले हैं, जिससे उसके साथ मारपीट किए जाने की भी आशंका जताई जा रही है।

**आसपास के थानों से किया संपर्कः** पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है, ताकि साक्ष्य जुटाए जा सके। पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों में गुमशुदगी के मामलों का मिलान कर पहचान कराने का प्रयास कर रही है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

## मानवता, समरसता व नम्रता का संदेश देते हैं संत कबीर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। कबीर जयंती पखवारा के तहत रविवार को जीरो माइल, आरा में संगोष्ठी हुआ । कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय भोजपुरी संस्थान (दक्षिण बिहार) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुमार शीलभद्र ने की। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. जैनेंद्र कुमार शुक्ल प्रभात तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ. रेनु मिश्रा और प्रो. डॉ. ममता मिश्रा रहीं। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. कुमार शीलभद्र ने कहा कि संत कबीर महान संत, समाज सुधारक और पाखंड के प्रखर विरोधी थे। उनके हृदय में समस्त मानवता के प्रति प्रेम और लोकमंगल की भावना थी। उन्होंने कहा कि कबीर के विचार आज भी समाज को सत्य, समानता और सद्भाव का मार्ग दिखाते हैं। प्रो. डॉ. रेनु मिश्रा ने कहा कि संत कबीर अत्यंत नम्र स्वभाव के थे तथा आज के समाज को उनके जीवन से विनम्रता, सहिष्णुता और मानवीय मूल्यों की सीख लेने की आवश्यकता है। ममता मिश्रा ने कहा कि नम्रता से ही समाज का चतुर्दिक विकास संभव है। संगोष्ठी में सुरेश भोजपुरी, कुलशेखर, भरोसा साह, कामेश्वर प्रसाद गुप्ता, संजीव केसरी, रमेश सिंह रामप्रपन्न, अजय गुप्ता अज्ञानी, सुरेंद्र सिंह अंशु, रामजी प्रजापति, अजय शर्मा तथा डॉ. गोपाल प्रसाद (साधु) सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सुरेश भोजपुरी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। संत कबीर 15वीं सदी के महान संत, रहस्यवादी कवि और समाज सुधारक थे। उन्होंने निर्गुण भक्ति, मानवता, समानता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। अपने दोहों व साखियों के माध्यम से जाति-पाति, अंधविश्वास, कर्मकांड और धार्मिक कट्टरता का विरोध करते हुए प्रेम, सत्य और सद्भाव का मार्ग दिखाया।

## राष्ट्रीय चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में शामिल होने से युवाओं का रुझान लगातार बढ़ रहा है

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। दो दिवसीय 11वीं बिहार राज्य सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ आरा क्लब में हुआ। प्रतियोगिता में बिहार के 21 जिलों से आए 130 खिलाड़ी विभिन्न आयु वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सुधा डेयरी, शाहाबाद के एमडी अमित कुमार सुमन, शाहाबाद मार्केटिंग हेड राकेश कुमार केशरी तथा बिहार सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के महासचिव धर्मबीर कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि अमित कुमार सुमन ने कहा कि भोजपुर खेल प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में लगातार अपनी अलग पहचान बना रहा है। इससे जिले के युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ी है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। बिहार सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के महासचिव धर्मबीर कुमार ने कहा कि सॉफ्ट टेनिस ने बिहार में तेजी से अपनी पहचान बनाई है। राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर लगातार बेहतर प्रदर्शन कर पदक जीत रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस खेल से जुड़े कई खिलाड़ियों का चयन सरकारी सेवाओं में भी हुआ है, जिससे युवाओं का रुझान इस खेल की ओर बढ़ा है। सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ भोजपुर के सचिव डॉ. रजनीश भूषण ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में अंडर-18 और ओपन वर्ग सहित विभिन्न स्पर्धाओं के मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। पहले दिन खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पहले दिन के प्रमुख परिणाम अंडर-18 बालक वर्ग में पटना के सत्यम प्रकाश ने भोजपुर के त्रिपुरारी को हराकर स्वर्ण पदक जीता। ओपन पुरुष वर्ग में भोजपुर के होशियार सिंह सागर ने आकृत कुमार को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं अंडर-18 बालिका वर्ग में भोजपुर की दिव्या कुमारी ने यति राज को हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

## गरीबों और वंचितों की आवाज थे रामविलास पासवान : लोजपा नेता



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के संस्थापक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की 80वीं जयंती रविवार को आरा के श्रीकृष्ण चेतना समिति सभागार में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने एवं संचालन संसदीय बोर्ड के जिलाध्यक्ष राजेश साहू ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत रामविलास पासवान के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने रामविलास पासवान अमर रहेंq के नारों से सभागार को गुंजायमान कर दिया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय सिंह ने कहा कि रामविलास पासवान एक बेदाग और दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने जिस भी मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाली, वहां उल्लेखनीय कार्य किए और विभाग की कार्यक्षमता बढ़ाई। यादव रामसकाल भोजपुरिया ने उन्हें कार्यकर्ताओं के लिए आदर्श बताते हुए उनके सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने कहा कि रामविलास पासवान ने दलितों के साथ-साथ गरीब सवर्णों के उत्थान के लिए भी समान रूप से कार्य किया।

# एनकाउंटर के समय एसडीएम वहां क्या कर रहे थे, उनकी क्या भूमिका थी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। पुलिस एनकाउंटर में 17 जून को मारे गए भरत भूषण तिवारी के परिजनों से मिलने रविवार को बिहार सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्री अशोक चौधरी बिलौटी गांव पहुंचे। मंत्री दिवंगत भरत तिवारी के परिवार से मिले, उनसे बातें किये, पूरे घटनाक्रम की जानकारी लिया। बाद में मंत्री ने कहा, हम पहले मिलना चाहते थे। परन्तु, ये लोग ब्राह्मण परिवार से हैं। तेरहवीं खत्म हुई और उसके बाद हम आज मिलने के लिए आए हैं। आने के बाद पिताजी से भी बात किए हैं, उनकी मां से भी मिले हैं, बात किए हैं और बात भी उनकी सुनी। उनकी बात को हमने समझा भी। बहुत सी चीज़ें जानकारी नहीं थी, जो मेरे नॉलेज में, वो भी जानकारी प्राप्त हुई है। हम



इन सब बातों से मुख्यमंत्री जी को अवगत कराएंगे। और मुख्यमंत्री जी को बताएंगे कि किन परिस्थितियों में क्या स्थिति है। डीएसपी का प्रमोशन नहीं किया गया है। उनके बारे में तो सरकार ने माना कि लोग उनके कार्य प्रणाली से असंतुष्ट हैं, इसीलिए उनका तबादला यहां से किया गया है। क्योंकि न्यायिक प्रक्रिया को वो प्रभावित न कर सकें यहां डीएसपी रहते हुए। विधायक अरुण मांझी,छोटू सिंह आदि मौजूद रहे। मंत्री अशोक चौधरी ने भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर के दौरान घटनास्थल पर एसडीएम की मौजूदगी पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह पूरे मामले की जांच का महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने कहा, "जब भरत तिवारी का एनकाउंटर हो रहा था, उस समय एसडीएम वहां क्या कर रहे थे? उनकी क्या भूमिका थी और वह घटनास्थल पर क्यों मौजूद थे? इन सभी बातों की जानकारी जुटाई जाएगी और इसकी पूरी जांच कराई जाएगी। न्याय अगर नहीं मिलता और न्याय की इच्छा नहीं होती, तो न्यायिक जांच क्यों होती। बिलौटी में मंत्री अशोक चौधरी ने भरत भूषण तिवारी के चित्र के सामने उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद भरत के पिता काशीनाथ तिवारी, मां आशा देवी, बहन रूबी देवी, बड़े भाई बसंत तिवारी और छोटे भाई चंदन तिवारी से मुलाकात कर घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मंत्री अशोक चौधरी ने महावीर चौधरी फाउंडेशन द्वारा पांच लाख रुपए का चेक भी परिजनों को दिया गया। परिजनों से मिलने के बाद मंत्री अशोक चौधरी ने घटनास्थल पर पहुंचकर जवईनिया के विस्थापित परिवारों से मुलाकात की।

## 8 माह से लापता सनोज राम की सकुशल बरामदगी की मांग, परिजनों से मिला माले का प्रतिनिधिमंडल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**| भोजपुर के बिहिया प्रखंड के गंज गांव के पुलिस हिरासत से पिछले आठ माह से लापता सनोज कुमार राम के परिजनों से रविवार को भाकपा-माले नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। टीम में केंद्रीय कमेटी सदस्य एवं जिला सचिव अभ्युदय, नवीन कुमार, इंनौस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व विधायक अजीत कुशवाहा, पूर्व विधायक शिवप्रकाश रंजन, राजू यादव, शब्बीर कुमार, दिलराज प्रीतम, चंदन कुमार, हरेंद्र सिंह व उत्तम पासवान शामिल थे। माले नेताओं ने बताया कि 13 अगस्त 2025 को मजदूरी से लौटने के दौरान सनोज राम ने अपने भाई को फोन कर उत्पाद विभाग की पुलिस द्वारा पकड़े जाने और मारपीट किए जाने की जानकारी दी थी। आरोप है कि परिजन जब उत्पाद थाना पहुंचे तो उन्हें यह कहकर लौटा दिया गया कि किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बाद में बिहिया थाना में आवेदन देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। नेताओं ने कहा कि सांसद सुदामा प्रसाद ने भी जिलाधिकारी से मामले में हस्तक्षेप की मांग की थी, लेकिन अब तक सनोज राम का पता नहीं चल सका। परिजनों के हाईकोर्ट जाने के बाद अदालत के निर्देश पर संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हुई। भाकपा-माले ने भोजपुर जिला प्रशासन से सनोज राम की सकुशल बरामदगी की मांग करते हुए कहा कि ऐसा नहीं होने पर आंदोलन चलाया जाएगा। पार्टी ने परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा, दोषी पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर कड़ी सजा देने की भी मांग की।

## युवती ने की खुदकुशी, पंखे से लटकी मिली लाश

♦ गांव के लड़के से अफेयर था, एक साल से अल्पावास गृह में रह रही थी




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। आरा में एक युवती ने खुदकुशी कर ली। अल्पावास गृह (Short Stay Home) में पंखे से लटका हुआ शव मिला है। मृतका की पहचान अमराई नवादा गांव निवासी संजय कहार की पुत्री राजनंदनी कुमारी(18) के तौर पर हुई है। घटना नवादा थाना क्षेत्र के केजी रोड की है। मृतका के पिता ने बताया कि उनकी बेटी प्रेम-प्रसंग में एक साल पहले गांव के एक लड़के के साथ भाग गई थी। इस संबंध में बिहियां थाने में FIR दर्ज कराई थी। उस समय पुलिस ने दोनों को टाउन इलाके से बरामद किया था। उसने घर आने से साफ मना कर दिया था। तब से अल्पावास गृह में ही रह रही थी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचा। शव पंखे से लटका हुआ था। रहा था।

**पिता ने साजिश की आशंका जताईः** अल्पावास गृह में मौत होने के कारण शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेजा गया है। पिता संजय कहार ने आत्महत्या करने की बातों से साफ इनकार किया है। उन्होंने हत्या की आशंका जताई है, हालांकि किसी भी व्यक्ति पर कोई आरोप नहीं लगाया है। मृतका तीन भाई-बहन में दूसरे स्थान पर थी। परिवार में मां जूली देवी, बड़ी बहन मुन्नी देवी और एक भाई अमन कुमार है।

## संक्षिप्त समाचार

### जमीन विवाद में खूनी झड़प, महिला समेत 4 घायल, लाठी-डंडों से हमला, मारपीट का वीडियो वायरल

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के पातेपुर थाना क्षेत्र के कृष्णावारा गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में एक महिला सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस संघर्ष का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, यह झड़प पांचू चौधरी और दूसरे पक्ष के बीच हुई। हमले में पांचू चौधरी के पक्ष से दो महिलाओं समेत कुल चार लोग लाठी-डंडों से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों और परिजनों ने सभी घायलों को तुरंत इलाज के लिए पातेपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) में भर्ती कराया। अस्पताल में डॉक्टरों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। हालांकि, घायलों में पांचू चौधरी की 32 वर्षीय पत्नी मुन्नी देवी की हालत गंभीर बनी हुई है। उनके सिर और शरीर पर लाठी-डंडों से गंभीर चोटें आई हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर कर दिया है।

### दुबई से आए पति ने पत्नी का काटा गला, पहले गहने पहनाए फिर धारदार हथियार से हमला किया

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में पति ने पत्नी की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी है। मृत महिला की पहचान रिंकू देवी (26) के रूप में हुई है। आरोपी पति मनोज दुबई में रहकर काम करता था। रविवार को वो दुबई से अपने ससुराल पहुंचा था। हत्या से पहले उसने पत्नी को गहने पहनने को कहा। उसके बाद धारदार हथियार से उसका गला रेतकर मार डाला। वारदात को अंजाम देने के बाद मनोज कमरे की खिड़की तोड़कर भाग निकला। घटना साहेबगंज के राजेपुर थाना क्षेत्र के नवादा गांव की है। मनोज दुबई में रहकर काम करता था। रिंकू से 7 साल पहले शादी हुई थी। शादी के बाद मनोज और रिंकू को 2 बच्चे भी हुए। रिंकू की बहन की 26 जुलाई को शादी होनी वाली है। मनोज अपनी साली की शादी में शामिल होने दुबई से मुजफ्फरपुर आया था। घर वालों का कहना है कि कुछ दिनों से पति-पत्नी के बीच काफी विवाद चल रहा था। मृतका की मां मीना देवी ने बताया, साली की शादी में शामिल होने मनोज ससुराल आया था।



उसने मेरी बेटी से पूछा था कि शादी में पहनने के लिए सारे गहने लेकर आई हो। इस पर बेटी ने कहा था कि छोटी बहन की शादी है इसलिए सारे गहने लेकर आई हूं। उसके बाद मनोज ने कहा कि अब मैं दुबई नहीं जाऊंगा। घर पर ही काम करूंगा। मनोज कुमार और बेटी रिंकू देवी के बीच सोमवार अहले सुबह करीब 3 बजे कुछ विवाद हुआ। तेज आवाज आने पर मैं और मेरी छोटी बेटी रिंकू के कमरे में गए। दोनों को समझाकर मामले को शांत करवा दिया। उसके बाद रिंकू के कमरे से दोनों बच्चों के लेकर मैं अपने कमरे में आ गई। सुबह करीब 5 बजे रिंकू का छोटा बच्चा जो 1.5 साल का है वो रोने लगा। मैं बच्चे को लेकर रिंकू के कमरे के पास पहुंची। बेटी को आवाज देकर गेट खोलने को कहा। लेकिन कोई जवाब नहीं आया। उसके बाद मैंने घर वालों को बुलाया। मृतका की मां मीना देवी का कहना है कि दामाद मनोज मेरी बेटी की हत्या करके भाग गया है। इन दोनों के बीच कुछ दिन से विवाद चल रहा था। हत्या की सूचना मिलते ही राजेपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटनास्थल से हत्या में इस्तेमाल हंसिया बरामद कर लिया गया है। जांच के लिए मौके पर FSL टीम को बुलाया गया है।

### कारोबारी हत्याकांड में 2 की गिरफ्तारी, जमीन विवाद और पुरानी रंजिश में मर्डर, मंदिर पूजा के लिए पहुंचे थे

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में कोरोबारी श्याम कुमार कुशवाहा की हत्या हुई थी। मामले में पुलिस ने 2 को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि जमीन विवाद और पुरानी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया है। दोनों गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। एसडीपीओ पूर्वी-1 अलय वत्स ने बताया कि शनिवार सुबह डेरा चौक स्थित मंदिर के पास बाइक सवार बदमाशों ने श्याम कुमार कुशवाहा पर फायरिंग कर दी थी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के बेटे के बयान पर सिवाईपट्टी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के पर्यवेक्षण में उनके नेतृत्व में विशेष जांच टीम का गठन किया गया था। मामला सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र का है। अलय वत्स ने बताया कि गठित टीम ने तकनीकी अनुसंधान, सीसीटीवी फुटेज, वैज्ञानिक साक्ष्यों और मानवीय सूचना के आधार पर लगातार छापेमारी की। इसी दौरान सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के रहने वाले अविनाश कुमार और सनोज कुमार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान दोनों ने हत्या में अपनी भूमिका स्वीकार की है। एसडीपीओ ने बताया कि अनुसंधान में यह स्पष्ट हुआ है कि मृतक और आरोपियों के बीच लंबे समय से भूमि विवाद और अन्य कारणों को लेकर विवाद चल रहा था। इसी पुरानी रंजिश के चलते हत्या की साजिश रची गई और मंदिर के पास मौका देखकर व्यवसायी को गोली मार दी गई। उन्होंने बताया कि एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखे भी बरामद किए हैं, जिन्हें जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर अनुसंधान को आगे बढ़ाया जा रहा है। एसडीपीओ अलय वत्स ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अविनाश कुमार का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ सिवाईपट्टी थाना में लूट, धोखाधड़ी और जालसाजी सहित कई मामले दर्ज हैं। इसके अलावा सीतामढ़ी जिले के राजेपुर थाना में भी विभिन्न धाराओं के तहत उसके विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसडीपीओ अलय वत्स ने बताया कि जल्द ही इस मामले में फरार सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे कांड का उद्भेदन कर दिया जाएगा।

### जाले बीडीओ की पत्नी को सीढ़ियों पर घसीटते दिखे ससुरालवाले, परिजन बोले- ऐसे ही पीटा जाता था

**मुजफ्फरपुर।** दरभंगा के जाले प्रखंड के BDO मनोज कुमार की पत्नी अमृता कुमारी की 4 जुलाई को संदिग्ध मौत हुई थी। अमृता की मौत के बाद दो 2 वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में दिख रहा है कि कुछ लोग अमृता के साथ मारपीट कर रहे हैं फिर उसे सीढ़ियों से घसीटा जा रहा है। अमृता के घर वालों का दावा है कि ये वीडियो कन्हौली स्थित BDO के घर का है। मायके वालों का दावा है कि सुसराल वाले ऐसे भी पिटाई करते थे। ये वीडियो इस बात का सबूत है कि अमृता को प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों ने यह फुटेज पुलिस को भी सौंपा है। अमृता के साथ मारपीट के दोनों वीडियो एक साल पुराने है। वीडियो 19 मार्च 2025 का बताया जाता है। एक फुटेज करीब 1 मिनट 18 सेकेंड और दूसरा करीब 1 मिनट का है। अमृता के घर वालों का दावा है कि वीडियो में अमृता को ससुर, सास, ननद और देवर मिलकर घर से बाहर खींचते और मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। एक फुटेज में उसे सीढ़ियों पर घसीटते हुए ले जाया जा रहा है, जबकि दूसरे में जिला प्रशासन लिखी गाड़ी में जबरन बैठाने के दौरान धक्का-मुक्की और मारपीट की जा रही है। बाद में चार लोग उसे उठाकर जबरन कार में बिठाते नजर आए। मामले में रविवार को मिठनपुरा थाना में अमृता के भाई राजकुमार के बयान पर दहेज हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। एफआईआर में पति मनोज कुमार, सास, ससुर, देवर और ननद को नामजद किया गया है। आरोप लगाया गया है कि शादी के बाद कुछ समय तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन बाद में दहेज की मांग को लेकर अमृता को परेशान किया जा रहा है। परिजन का आरोप है कि अमृता को पति के किसी दूसरी महिला से संबंध होने की जानकारी मिली थी। इसका विरोध करने पर परिवार के अन्य सदस्य भी उसके खिलाफ हो गए और प्रताड़ना बढ़ा दी गई। आरोप है कि 3 जुलाई यानी शुक्रवार रात उसे नशीला पदार्थ देकर उसकी हत्या कर दी गई।

# पटना में जमीन पर कब्जा करने आए 17 अपराधी अरेस्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना पुलिस-एसटीएफ ने हथियार सहित दबोचा, 12 पेशेवर अपराधी शामिल**

**पटना।** पटना के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र में 31 कट्ठा जमीन पर कथित कब्जा करने की कोशिश को पुलिस और एसटीएफ ने विफल कर दिया। संयुक्त कार्रवाई में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 12 पेशेवर अपराधी बताए जा रहे हैं। रामकृष्णा नगर के दारोगा हेमंत झा के आवेदन पर सभी पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज हुई है। सभी गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है।

**31 कट्ठा जमीन पर कब्जा का मामलाः** आवेदन के मुताबिक, पटना के रामकृष्ण नगर इलाके में बैरिया बस स्टैंड के पास श्री देवी नाम की महिला का 31 कट्ठा का प्लॉट है। जिस पर हरवे हथियार के बल पर कब्जा करने की तैयारी में था। मणिकांत ग्रुप समेत अलग-अलग ग्रुप कब्जा करने वाले थे। इसी बीच पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उस जमीन पर कब्जा करने के इरादे से कुछ अपराधी पटना में जुटे हैं। उनमें से एक विकास कुमार 22 वर्ष भूपतिपुर में है।

**12 की पेशेवर अपराधी सहित 17 हिरासत मेंः** सूचना के सत्यापन के बाद एसटीएफ और रामकृष्ण नगर थाना पुलिस ने जक्कनपुर इलाके में संयुक्त छापेमारी की। वहां पुलिस टीम को काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी, जिसमें बीजेपी का झंडा लगा था, उसकी सीट पर विकास बैठा मिला। उसकी तलाशी लेने पर पिस्टल और गोली बरामद की गई। विकास की निशानदेही पर पुलिस ने कार्रवाई कर कुल 17 आरोपियों को हिरासत में लिया। प्रारंभिक जांच में इनमें से 12 की पहचान पेशेवर अपराधियों के रूप में हुई है।

**प्लॉट को लेकर चल रहा था विवादः** दिघवारा के पूर्व मुखिया शैलेश साव ने श्रीदेवी से एग्रीमेंट कराया था। श्रीदेवी के भाई की ओर से उस प्लॉट पर ऑब्जेक्शन खड़ा किया गया है। लगातार विवाद चल रहा था। मंगलवार को उस प्लॉट पर सभी कब्जा करने वाले थे। इसी बीच पुलिस को भनक मिली और कार्रवाई की गई।

फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से सख्त पूछताछ की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के आधार पर इस पूरे गिरोह के मास्टरमाइंड और अन्य सहयोगियों तक पहुंचा जा सकेगा। आरोपियों की निशानदेही पर आगे की छापेमारी भी जारी है। सूत्रों के अनुसार, पूरे मामले का खुलासा आज पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) प्रेस वार्ता में खुलासा कर सकते हैं। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच में जुटी है। शैलजा कुमारी पूर्वी SP ने बताया कि सूचना की गंभीरता को देखते हुए वरीय अधिकारियों के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2, सदर, पटना के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित और योजनाबद्ध छापेमारी कर विभिन्न स्थानों से सभी 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# पटना- दनियावां में मोबाइल दुकान से 40 लाख की चोरी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**♦ गैस कटर से ग्रिल काटी, तिजोरी खंगालकर कैश-आईफोन सहित कई मोबाइल ले गए**

**पटना।** पटना के दनियावां थाना क्षेत्र अंतर्गत दनियावां बाजार में रविवार देर रात शातिर चोरों ने गैस कटर से दुकान का शटर और लोहे की ग्रिल काटकर बड़े मोबाइल शोरूम और गोदाम में चोरी की। चोरों ने वहां से करीब 3 लाख 20 हजार रुपये नकद सहित आईफोन, वीवो के कीमती मोबाइल, लैपटॉप और टीवी जैसे करीब 40 लाख रुपये के इलेक्ट्रॉनिक सामान लेकर फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, वारदात दनियावां बाजार में एसबीआई बैंक के पीछे स्थित गैलेक्सी टावर में संचालित 'नेहा मोबाइल कॉर्नर' में हुई। दुकान के प्रोपराइटर सुरेंद्र कुमार ने बताया, वे रोज की तरह सोमवार रात 11 बजे दुकान बंद कर घर गए थे। रात करीब 1 बजे के बाद पहुंचे 4 से 5 चोरों ने पूरी तैयारी के साथ गैस कटर से शटर और ग्रिल को काटा।

सुबह किसी परिचित की सूचना पर जब पीड़ित मौके पर पहुंचे, तो दुकान का शटर कटा देख उनके होश उड़ गए। तुरंत डायल 112 को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस की मौजूदगी में दुकान खोली गई। अंदर तिजोरी से नकदी गायब थी और शोरूम व गोदाम में रखे महंगे फोन, 10 पीस एचपी लैपटॉप, टीवी और बैटरियां गायब थीं। फतुहा के एसडीपीओ-2 संजीव कुमार और सर्किल इंस्पेक्टर माया कुमारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साक्ष्य जुटाने के लिए पटना से एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) और डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। फतुहा एसडीपीओ संजीव कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूत्रों से पता चला है कि चोरों की संख्या 4 से 5 थी। पुलिस की कई टीमें छापेमारी कर रही हैं।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया नमन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मसौढ़ी एवं आसपास के विभिन्न स्थानों पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक और स्वतंत्र भारत के प्रथम उद्योग मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई। कार्यक्रमों में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया गया। नगर अध्यक्ष आशीष देव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने देशहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने जीवन का समर्पण किया। उनके विचार और आदर्श आज भी युवाओं और कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने तथा राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता विश्वनाथ केसरी शंकर चंद्रवंशी रंजन चंद्रवंशी आलोक कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रख्यात शिक्षाविद्, राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान देशभक्त डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने कार्यालय कक्ष में डॉ. मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने तथा राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसे देश सदैव स्मरण रखेगा।

उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी एक दूरदर्शी नेता, कुशल शिक्षाविद् और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने वाले व्यक्तित्व थे। उनके विचार, आदर्श और राष्ट्रसेवा की भावना आज भी देशवासियों को प्रेरित करती है। भारत के विकास, सुशासन और सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में उनके सिद्धांत मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं।

बिहार विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों से उनके आदर्शों को आत्मसात करने तथा देश की प्रगति और विकास में अपना योगदान देने का आह्वान किया।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्र के प्रति समर्पण, त्याग और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। उनकी जयंती देश के प्रति कर्तव्य, समर्पण और राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने का अवसर प्रदान करती है।

# नीतीश कुमार अचानक पहुंचे जदयू कार्यालय जनसुनवाई व्यवस्था का लिया जायजा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सोमवार को अचानक पटना स्थित जदयू प्रदेश कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जन सुनवाई को लेकर चल रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनका यह औचक दौरा संगठन को और सक्रिय बनाने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है। जदयू कार्यालय पहुंचने के बाद नीतीश कुमार ने सबसे पहले कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां चल रही जनसुनवाई कार्यक्रम की व्यवस्था को भी देखा। जनसुनवाई में मंत्री श्रवण कुमार मौजूद थे और लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। नीतीश कुमार वहां पहुंचे और मौजूद लोगों से कहा कि जनसुनवाई पूरी गंभीरता और व्यवस्थित तरीके से होनी चाहिए। उन्होंने जनसुवाई कर रहे मंत्रियों और अधिकारियों से स्पष्ट शब्दों में कहा, "ठीक से कीजिए।"

**प्रदेश अध्यक्ष को दिए आवश्यक निर्देशः** निरीक्षण के दौरान जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा भी उनके साथ मौजूद रहे। नीतीश कुमार ने उन्हें पार्टी कार्यालय की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, 'कार्यालय में आने वाले कार्यकर्ताओं और आम लोगों की समस्याओं की नियमित सुनवाई होनी चाहिए। हर स्तर पर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**श्रवण कुमार बोले- समय-समय पर समीक्षा करते हैं नीतीशः** इस मौके पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा, 'नीतीश कुमार समय-समय पर पार्टी कार्यालय आकर गतिविधियों की समीक्षा करते हैं। वे यह देखते हैं कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन सही तरीके से हो रहा है या नहीं।' उन्होंने कहा, 'पार्टी कार्यालय आने वाले कार्यकर्ताओं और आम लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाता है।'

**बांकीपुर उपचुनाव को लेकर बोले श्रवण कुमारः** श्रवण कुमार ने दावा किया कि बांकीपुर उपचुनाव में एनडीए बड़े अंतर से जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा, '2025 का विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा गया और एनडीए को स्पष्ट बहुमत मिला। भाजपा और जदयू के बीच बेहतर तालमेल है।' उन्होंने विपक्षी दलों के गठबंधन को लेकर कहा कि उनसे एनडीए को कोई नुकसान नहीं होगा और अंतिम फैसला जनता करेगी।

**सरकार हर मामले में गंभीर, दोषियों पर होगी कार्रवाईः** भरत तिवारी एनकाउंटर मामले को लेकर पूछे गए सवालों के जवाब में श्रवण कुमार ने मीडिया से अपील किया कि जांच पूरी होने तक धैर्य रखें, सरकार निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

# शेयर बाजार में उतरेगा पटना नगर निगम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**♦ 200 करोड़ के म्युनिसिपल बॉन्ड की स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग की तैयारी, सरकार नहीं लेगी भुगतान की जिम्मेदारी**

**पटना।** बिहार सरकार ने बीते दिनों कैबिनेट में पटना नगर निगम को 200 करोड़ तक का म्यूनिसिपल बांड जारी करने की मंजूरी दी थी। अब पटना नगर निगम शेयर बाजार में उतरने की तैयारी में है। निगम बॉन्ड जारी करने से पहले सभी औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी करने में लगा हुआ है। क्रेडिट रेटिंग मिलने के बाद म्युनिसिपल बॉन्ड को स्टॉक एक्सचेंज में लिस्ट किया जाएगा। बॉन्ड से जुटाई गई राशि को पटना को स्मार्ट सिटी बनाने में इस्तेमाल किया जाएगा।


हालांकि, इसे मंजूरी देने के बाद अब सरकार ने बॉन्ड के लिए नियम और शर्तें भी तय कर दी हैं। नगर विकास एवं आवास विभाग के अनुसार इस बॉन्ड के मूलधन और ब्याज के एक-एक रुपये का भुगतान नगर निगम को अपने ही राजस्व से करना होगा। सरकार इस भुगतान की कोई जिम्मेदारी नहीं लेगी। बॉन्ड जारी होने के चार साल बाद मूलधन की अदायगी शुरू होगी, जबकि पूरे 10 वर्षों तक नगर निगम को वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए निवेशकों का पैसा समय पर लौटाना होगा।

# मंत्री – विधायक बनने के लिए शैक्षणिक योग्यता नहीं जन सरोकार की जरूरीः संजय निरुपम

**♦ अयोध्या राम मंदिर में चोरी की घटना देश के करोड़ों हिंदुओं के साथ विश्वासघात : संजय निरुपम**

**♦ एनडीए में रहकर बिहार में संगठन का विस्तार करेगी शिवसेना : संजय निरुपम**





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** शिवसेना शिंदे गुट के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद संजय निरुपम ने कहा कि मंत्री, मुख्यमंत्री या विधायक बनने के लिए शैक्षणिक योग्यता की नहीं , बल्कि जनता का समर्थन और जनसरोकार जरुरी है। संजय निरुपम सोमवार को राजधानी पटना में पत्रकारों से बात कर रहे थे। श्री निरूपम का पटना पहुंचने पर सम्राट अशोक फाउंडेशन के अध्यक्ष निरंजन पप्पू सहित कई नेताओं ने फूलमाला पुष्प गुच्छ एवं साल देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि देश में बाला साहब ठाकरे के हिंदूवादी सिद्धांत को मानने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है और शिवसेना को चाहने वाले महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि पूरे देश में लोग हैं। इसलिए उनकी पार्टी एनडीए में रहकर बिहार में अपना संगठन का विस्तार करेगी। बांकीपुर उपचुनाव के बारे में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बांकीपुर बरसों से भाजपा का गढ़ रहा है और यहां भाजपा के उम्मीदवार फिर से जीत हासिल करेंगे।

उन्होंने प्रशांत किशोर पर तंज कसते हुए कहा कि पिछले आम चुनाव में भी उन्होंने बिहार के सभी सीटों पर लड़ने की घोषणा की थी मगर उनके उम्मीदवार का सभी सीटों पर जमानत जप्त हुआ था। इस बार हम चाहेंगे कि वह अगर मैदान में उतरे हैं तो उनका जमानत जप्त नहीं हो। संजय निरुपम ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के जन्म स्थान पर मंदिर बना है इसमें किसी व्यक्ति का योगदान नहीं बल्कि यह पूरे देश के हिंदुओं की मांग थी। पूरे देश के हिंदुओं का सपना था और कई पीढियां कि उसे पर नजर थी तब यह मंदिर निर्माण हुआ है।

उन्होंने कहा पीएम के नेतृत्व में इस मंदिर का निर्माण होना गर्व की बात है। श्री निरुपम ने कहा चढ़ने के पैसे का चोरी आस्था व श्रद्धा के खिलाफ है। उत्तर प्रदेश की सरकार की ओर से इस मामले में सीट की घोषणा हुई है जिसकी जांच चल रही है। जब तक चोरी करने वाले लोगों को सजा नहीं मिलेगी तब तक राम भक्तों को न्याय नहीं मिलेगा सरकार को यह पाप धोना पड़ेगा। श्री निरुपम ने ममता बनर्जी के बारे में कहा कि ममता बनर्जी अभी-अभी चुनाव हारी हैं उनके अपने लोग उनको छोड़कर उनके कारनामे को उजागर कर रहे हैं उनके भतीजे अभिषेक अभिषेक बनर्जी को तानाशाह बढ़कर एमपी एमएलए दूसरे दल की ओर जा रहे हैं। इसलिए अभी के समय में ममता बनर्जी को विपक्ष पर का टीका टिप्पणी की जगह आत्म चिंतन करना चाहिए।

उन्होंने उद्धव ठाकरे पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उद्धव ठाकरे और उनके बेटे ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर बहुत बड़ा पाप किया और बालासाहेब ठाकरे के सिद्धांत के साथ विश्वास घात किया है और इसी विश्वास घात के चलते उनके एमपी नाराज होकर उनसे अलग हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कलश यात्रा के साथ देवी गुड़ी में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुरू



**खूंटी**। शहर की ग्राम देवी के रूप में प्रसिद्ध सार्वजनिक दुर्गा मंदिर (देवी गुड़ी) में स्थापित मां काली और बजरंगबली की प्रतिमाओं के तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को 351 महिलाओं की भव्य कलश यात्रा के साथ श्रद्धा, भक्ति और उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। रिमझिम बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महादेव मंडा परिसर से कलश यात्रा शुरू हुई। यात्रा कर्रा रोड, नेताजी चौक, भगत सिंह चौक, डाकबंगला रोड और मिश्रा टोली होते हुए नेताजी चौक स्थित यज्ञ मंडप पहुंची। पीले परिधान में सजी 351 महिलाएं और युवतियां सिर पर मंगल कलश लेकर यात्रा में शामिल हुईं। पूरे मार्ग में श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों, ताशों और भक्ति गीतों की धुन पर जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। शहर के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के धार्मिक अनुष्ठानों का संचालन प्रसिद्ध वैदिक आचार्य पंडित योगेश भारद्वाज के नेतृत्व में किया जा रहा है। उनके साथ वाराणसी से आए चार वैदिक आचार्य भी सभी वैदिक विधि-विधानों का संचालन कर रहे हैं। वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत रहा। यज्ञ मंडप पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना की तथा महाप्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में 11 सदस्यीय आयोजन समिति के अलावा शहर के गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। आयोजन समिति ने बताया कि तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान हवन, पूजन, विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

### आरपीएफ ने नाबालिग प्रेमी युगल को किया सकुशल बरामद



**पश्चिमी सिंहभूम**। पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की सतर्कता से एक नाबालिग प्रेमी युगल कोसकुशल बरामद किया गया। दोनों घर से बिना बताए ओडिशा के संबलपुर जाने के लिए स्टेशन पहुंचे थे। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि दोनों की दोस्ती सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी और बाद में यह रिश्ता प्रेम प्रसंग में बदल गया। दोनों संबलपुर में जाकर साथ रहने की योजना बना चुके थे। जानकारी के अनुसार, रविवार शाम आरपीएफ प्रभारी रविंद्र कुमार पांडेय के नेतृत्व में मनोहरपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर नियमित गश्त की जा रही थी। इसी दौरान टीम की नजर एक किशोर और किशोरी पर पड़ी, जो संदिग्ध परिस्थितियों में स्टेशन पर बैठे हुए थे। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपना परिचय मनोहरपुर और गोईलकेरा थाना क्षेत्र के निवासी के रूप में दिया। दस्तावेजों और जांच के आधार पर दोनों के नाबालिग होने की पुष्टि हुई। पूछताछ में दोनों ने बताया कि कुछ महीने पहले इंस्टाग्राम पर उनकी बातचीत शुरू हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरपीएफ ने दोनों को संरक्षण में लेकर उनके परिजनों को सूचना दी। सोमवार को चाइल्ड लाइन और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी की मौजूदगी में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद नाबालिग लड़की को उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया, जबकि नाबालिग लड़के को काउंसलिंग और आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर दिया गया।

### राष्ट्रीय सेवा योजना की बैठक में 126 प्लस-टू उच्च विद्यालयों के अकाउंट खोलने का निर्णय



**रांची**। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सह राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के राज्य कार्यक्रम समन्वयक राजेश प्रसाद की अध्यक्षता में सोमवार को निदेशालय कार्यालय में एनएसएस की राज्य स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राज्य के विद्यालयों में एनएसएस के प्रभावी संचालन, वित्तीय प्रबंधन और प्रशिक्षण से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। राज्य नोडल पदाधिकारी सह क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक नीलम आईलीन टोप्पो ने बताया कि राज्य के 126 प्लस-टू उच्च विद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना संचालित है। उन्होंने कहा कि नए दिशा-निर्देशों के तहत सभी विद्यालयों को भारतीय स्टेट बैंक में जीरो बैलेंस सब्सिडियरी अकाउंट खोलना है। अब तक 43 विद्यालयों में खाते खोले जा चुके हैं, जबकि शेष विद्यालयों में प्रक्रिया जारी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि एनएसएस मद की उपलब्ध राशि संबंधित विद्यालयों को उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही सभी 126 विद्यालयों के कार्यक्रम पदाधिकारियों का दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण जेसीईआरटी, रातू में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में एनएसएस गतिविधियों के संचालन, वित्तीय प्रबंधन, लेखा संधारण एवं पीएफएमएस प्रणाली से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में राज्य, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालयों एवं विद्यालय स्तर पर एनएसएस कोषांग गठित करने और राज्य नोडल पदाधिकारी कार्यालय में आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में विनय कुमार, अलका जायसवाल, कुमार हर्ष, डॉ किशोर सुरिन सहित समिति के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**खूंटी** । भारतीय जनता पार्टी तोरपा मंडल की ओर से सोमवार को नगर भवन, तोरपा में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण, राष्ट्रीय एकता और जनसेवा में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि डॉ मुखर्जी का जीवन देशभक्ति, त्याग और समर्पण का प्रतीक है और उनके विचार आज भी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जायसवाल, बिनोद भगत, दीपक तिग्गा, राजू साहू, पवन गुप्ता, रुपेश गुप्ता, तुलसी हज़ाम, शिवनारायण सहादेव, सचिन गुप्ता सहित भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित में कार्य करने के संकल्प के साथ किया गया।

# रिश्वत मामले में दैनिक वेतनभोगी चालक हाई कोर्ट से आरोपमुक्त


**एजेंसी। रांची**



झारखंड उच्च न्यायालय ने रिश्वत लेने के एक मामले में सह-आरोपित एवं गुमला श्रम अधीक्षक कार्यालय के दैनिक वेतनभोगी चालक बंधु कुमार सिंह को बड़ी राहत देते हुए उन्हें आरोपमुक्त (डिस्चार्ज) कर दिया है। न्यायालय ने माना कि जब इस मामले के मुख्य आरोपित को पहले ही आरोपमुक्त किया जा चुका है और सह-आरोपित के विरुद्ध कोई स्वतंत्र एवं ठोस साक्ष्य उपलब्ध नहीं है, तो उसके खिलाफ मुकदमा जारी रखना न्यायोचित नहीं होगा। न्यायमूर्ति राजेश शंकर की एकलपीठ ने बंधु कुमार सिंह की ओर से दायर क्रिमिनल रिविजन याचिका स्वीकार करते हुए एसीबी के विशेष न्यायाधीश, रांची द्वारा 10 मई 2022 को पारित उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें उनके डिस्चार्ज आवेदन को खारिज कर मुकदमा चलाने का निर्देश दिया गया था। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि विशेष न्यायाधीश का आदेश तथ्यों और कानून के अनुरूप नहीं था। उनका कहना था कि उनके खिलाफ रिश्वत मांगने का कोई प्रत्यक्ष आरोप नहीं है और न ही इस संबंध में कोई स्वतंत्र साक्ष्य उपलब्ध है। मामले के अनुसार, बंधु कुमार सिंह पर तीन हजार रुपये की रिश्वत लेने का आरोप था। अभियोजन के मुताबिक यह राशि तत्कालीन श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार के निर्देश पर ली गई थी। हालांकि सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि मुख्य आरोपित तत्कालीन श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार को झारखंड उच्च न्यायालय ने 5 मई 2023 को उनके क्रिमिनल रिविजन में पहले ही आरोपमुक्त कर दिया था। सुनवाई के दौरान यह भी दलील दी गई कि बंधु कुमार सिंह केवल दैनिक वेतनभोगी चालक थे। उनके खिलाफ केवल ट्रैप के दौरान रिश्वत की राशि बरामद होने का तथ्य है। उन्होंने न तो किसी से रिश्वत की मांग की थी और न ही जांच में ऐसा कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य सामने आया, जिससे यह साबित हो कि उन्होंने रिश्वत की मांग या लेन-देन में सक्रिय भूमिका निभाई थी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध लगाए गए आरोप परस्पर जुड़े हुए थे। जब मुख्य आरोपित के खिलाफ कार्यवाही समाप्त हो चुकी है और राज्य सरकार यह नहीं बता सकी कि सह-आरोपित का मामला किस प्रकार अलग या अधिक गंभीर है, तब समान परिस्थितियों में उसके विरुद्ध मुकदमा जारी रखना संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित समानता के अधिकार के विपरीत होगा। इन्हीं आधारों पर उच्च न्यायालय ने बंधु कुमार सिंह की क्रिमिनल रिविजन याचिका स्वीकार करते हुए उन्हें मामले से आरोपमुक्त कर दिया और एसीबी के विशेष न्यायाधीश, रांची का 10 मई 2022 का आदेश निरस्त कर दिया।

## प्रेमचंद जयंती पर धर्म के दुरुपयोग और साहित्य की भूमिका पर होगी गोष्ठी

**एजेंसी। रांची**



जनवादी लेखक संघ (जलेस), रांची की आभासी सांगठनिक बैठक रांची में सोमवार को अध्यक्ष कुमार बृजेंद्र की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की गतिविधियों, नए रचनाकारों की भागीदारी और आगामी साहित्यिक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 31 जुलाई 2026 को प्रेमचंद जयंती के अवसर पर सफ़दर हाशमी सभागार, विश्वकर्मा लेन, रांची में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष कुमार बृजेंद्र ने कहा कि वर्तमान समय में धर्म और आस्था का राजनीतिक दुरुपयोग सामाजिक सौहार्द के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। ऐसे दौर में प्रेमचंद के साहित्य और विचार समाज को मानवीय मूल्यों तथा लोकतांत्रिक चेतना की दिशा दिखाते हैं। जिला सचिव एम. ज़ेड. ख़ान ने कहा कि जलेस की लगातार साहित्यिक गतिविधियों से नए रचनाकार, विशेषकर क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषाओं के लेखक संगठन से जुड़ रहे हैं। उन्होंने 6-7 सितंबर 2026 को अलवर में आयोजित राष्ट्रीय कहानी कार्यशाला में युवा लेखकों से भाग लेने की अपील की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 31 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम के प्रथम सत्र में प्रेमचंद का रचना संसार और धार्मिक आस्थाओं का दुरुपयोग विषय पर गोष्ठी होगी, जबकि दूसरे सत्र में कविता गोष्ठी और कहानी पाठ का आयोजन किया जाएगा। बैठक में डॉ. जमशेद क़मर, डॉ. किरण, अपराजिता मिश्रा, वीना श्रीवास्तव, सुधीर पाल, यास्मीन लाल, डॉ. रेहाना मो. अली, डॉ. नीतू कुमार, रामदेव बड़ाइक सहित अनेक साहित्यकार मौजूद थे।

## केवल रजिस्ट्री की जांच से पीआईएल याचिकाकर्ता की साख सिद्ध नहीं होती : उच्च न्यायालय

**एजेंसी। रांची**



झारखंड उच्च न्यायालय ने जनहित याचिकाओं (पीआईएल) के दुरुपयोग पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि केवल रजिस्ट्री द्वारा पीआईएल नियमों के तहत औपचारिक जांच पूरी हो जाना इस बात का प्रमाण नहीं माना जा सकता कि न्यायालय ने याचिकाकर्ता की साख, नीयत या जनहित याचिका दायर करने की पात्रता को न्यायिक रूप से स्वीकार कर लिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि पीआईएल की स्वीकार्यता का अंतिम निर्णय न्यायालय ही प्रत्येक मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर करता है। मुख्य न्यायाधीश एम. एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने यह टिप्पणी शिव शंकर शर्मा की ओर से दायर सिविल रिव्यू याचिका खारिज करते हुए की। अदालत ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में ऐसे अनेक मामले सामने आए हैं, जिनमें पेशेवर मुकदमेबाज जनहित याचिका की आड़ में न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करते रहे हैं। खंडपीठ ने कहा कि रिव्यू याचिका में उठाए गए किसी भी आधार से रिकॉर्ड पर कोई स्पष्ट त्रुटि (एरर अपैरेंट ऑन द फेस ऑफ रिकॉर्ड) सिद्ध नहीं होती। अदालत ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता ने अपनी जनहित याचिका में विश्वसनीयता स्थापित करने के लिए केवल यह उल्लेख किया था कि उसका मामले में कोई निजी हित नहीं है और उसने अपना आधार कार्ड संलग्न किया है। न्यायालय के अनुसार, इस प्रकार के सामान्य कथन और दस्तावेज किसी व्यक्ति की साख, निष्पक्षता अथवा जनहित याचिका दायर करने की पात्रता सिद्ध करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। अदालत ने दोहराया कि याचिकाकर्ता की विश्वसनीयता, उद्देश्य और जनहित के प्रति उसकी वास्तविक प्रतिबद्धता का आकलन न्यायालय प्रत्येक मामले के तथ्यों के आधार पर करता है, न कि केवल रजिस्ट्री की औपचारिक जांच के आधार पर। याचिकाकर्ता रिव्यू याचिका लंबित होने का हवाला देकर भुगतान टालता रहा, जबकि यह न्यायालय के आदेश के अनुपालन से बचने का आधार नहीं हो सकता। इन सभी तथ्यों और कानूनी पहलुओं पर विचार करने के बाद खंडपीठ ने सिविल रिव्यू याचिका को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया और अपने पूर्व आदेश को यथावत बरकरार रखा।

## शराब घोटाला : पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव के बेटे से ईडी की पूछताछ जारी

**एजेंसी। रांची**



झारखंड के चर्चित शराब घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के बेटे रोहित उरांव सोमवार को निर्धारित समय पर रांची के हिनू स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे, जहां उनसे पूछताछ शुरू कर दी गई है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ईडी ने आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद रोहित उरांव से पूछताछ प्रारंभ की। जांच एजेंसी उपलब्ध दस्तावेजों, वित्तीय लेन-देन और अब तक जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर उनसे विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी जुटा रही है। पूछताछ का केंद्र शराब घोटाले से जुड़े कथित आर्थिक लेन-देन और अन्य तथ्यों को माना जा रहा है। ईडी की जांच झारखंड के कथित शराब घोटाले और उससे जुड़े कारोबारी योगेंद्र तिवारी से संबंधित मामलों पर केंद्रित है। इसी जांच के दौरान एजेंसी ने रोहित उरांव को दूसरा समन जारी कर छह जुलाई को रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया था। वहीं, पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव को भी ईडी ने पूछताछ के लिए सात जुलाई को तलब किया है। एजेंसी उनसे भी शराब घोटाले की जांच से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर पूछताछ करेगी। इससे पहले ईडी ने रोहित उरांव को पहला समन जारी कर 29 जून को और रामेश्वर उरांव को 30 जून को पूछताछ के लिए बुलाया था। हालांकि, दोनों ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए तीन-तीन सप्ताह का समय मांगा था। ईडी ने उनके अनुरोध पर विचार करने के बाद केवल एक सप्ताह की मोहलत दी और दूसरा समन जारी करते हुए रोहित उरांव को छह जुलाई तथा रामेश्वर उरांव को सात जुलाई को ईडी कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया था। अब रोहित उरांव से जारी पूछताछ और मंगलवार को रामेश्वर उरांव की प्रस्तावित पेशी को इस मामले की जांच में अहम माना जा रहा है। ईडी यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कथित शराब घोटाले से जुड़े आर्थिक लेन-देन, निर्णय प्रक्रिया और अन्य संबंधित पहलुओं में किसी प्रकार की भूमिका या जानकारी रही है या नहीं। जांच एजेंसी साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।

## वारंटी अभिषेक को तीन थानों की पुलिस ने घेरकर किया गिरफ्तार



**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

शहर के विभिन्न आपराधिक मामलों में वांछित और लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी अभिषेक कुमार को सोमवार सुबह पुलिस ने एक संयुक्त अभियान चलाकर गिरफ्तार कर लिया। सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के भुईयाडीह स्थित नीतिबाग कॉलोनी में हुई इस कार्रवाई के दौरान आरोपित ने पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश की, लेकिन तीन थानों की पुलिस ने उसे घेरकर दबोच लिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि अभिषेक कुमार अपने घर पर मौजूद है। सूचना मिलते ही सीतारामडेरा, गोविंदपुर और सिदगोड़ा थाना की पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस टीम को देखते ही अभिषेक मकान की छत पर चढ़ गया और एक के बाद एक कई घरों की छतों से छलांग लगाते हुए भागने लगा। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने भी उसका पीछा किया और कुछ देर तक पूरे इलाके में छतों के ऊपर ही पकड़ने की कवायद चलती रही। इस दौरान आसपास के लोग भी घरों से बाहर निकल आए और पूरे घटनाक्रम को देखने के लिए भीड़ जमा हो गई। सीतारामडेरा थाना प्रभारी आनंद मिश्रा ने बताया कि अभिषेक कुमार के खिलाफ जमशेदपुर के कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह लंबे समय से फरार था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। सोमवार को मिली सटीक सूचना के आधार पर संयुक्त कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## झारखंड में दो दिनों की बारिश से जनजीवन प्रभावित, 7-8 जुलाई के लिए भी येलो अलर्ट जारी

**एजेंसी। रांची**



झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। भारी वर्षा के कारण शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति बन गई है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने 7 और 8 जुलाई के लिए भी राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश, तेज हवाओं और वज्रपात की आशंका जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। राजधानी रांची में सोमवार तड़के से रुक-रुक कर बारिश होती रही। हालांकि दोपहर बाद मौसम में कुछ सुधार हुआ और बारिश थमने के साथ आसमान साफ हुआ, लेकिन कई इलाकों में सड़कों पर जमा पानी देर तक लोगों के लिए परेशानी का कारण बना रहा। अपर बाजार के सेवा सदन रोड, गाड़ीखाना, हरमू रोड, अरगोड़ा और पंडरा रोड सहित कई क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति देखने को मिली। सड़कों पर पानी भर जाने से वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई, जबकि पैदल राहगीरों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर नालियों का पानी सड़क पर आ जाने से यातायात प्रभावित रहा। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों में रांची में 37 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। राज्य में सर्वाधिक 79.8 मिलीमीटर बारिश सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह में रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा रनिया में 68.6 मिलीमीटर, मझगांव में 67.6 मिलीमीटर, मनोहरपुर में 59.4 मिलीमीटर, अड़की में 51 मिलीमीटर, गोयलखेड़ा में 50.4 मिलीमीटर, चाईबासा में 48.7 मिलीमीटर, चंदनक्यारी में 42 मिलीमीटर, चक्रधरपुर में 39.6 मिलीमीटर, खलारी में 37.4 मिलीमीटर, पूर्वी टुंडी में 36.2 मिलीमीटर, नामकुम में 36 मिलीमीटर, कोटक में 35.4 मिलीमीटर और डुमरी में 34.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र ने चेतावनी दी है कि 7 और 8 जुलाई को राज्य के कई जिलों में भारी वर्षा के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका है। विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है। लगातार बारिश के कारण राज्य के विभिन्न शहरों के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को रांची का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम 30.2 डिग्री और न्यूनतम 26.4 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 35.4 डिग्री और न्यूनतम 25.6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 31.5 डिग्री और न्यूनतम 24.2 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 28.4 डिग्री और न्यूनतम 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लगातार बारिश के चलते निचले इलाकों में जलनिकासी व्यवस्था की भी परीक्षा हो रही है। मौसम विभाग का कहना है कि मानसून फिलहाल सक्रिय बना हुआ है और अगले कुछ दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। इसे देखते हुए प्रशासन ने संबंधित विभागों को सतर्क रहने तथा संभावित जलभराव और अन्य आपदा संबंधी परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## मलेरिया को लेकर अलर्ट, एक लाख लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य: उपायुक्त

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम जिले में मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन ने रोकथाम अभियान को और तेज करने का फैसला लिया है। सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त राजीव रंजन की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में मलेरिया की स्थिति, जांच अभियान, उपचार व्यवस्था और बचाव उपायों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में एमजीएम अस्पताल के अधीक्षक, सिविल सर्जन, नगर निकायों के पदाधिकारी, सभी बीडीओ, एमओआईसी, जुस्को के प्रतिनिधि और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने बताया कि जिले में अब तक 22 हजार लोगों की मलेरिया जांच की जा चुकी है, जबकि प्रशासन ने एक लाख लोगों की जांच का लक्ष्य निर्धारित किया है। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी अलर्ट मोड में काम करें। अधिक से अधिक लोगों की जांच कर संक्रमित मरीजों की समय पर पहचान करना संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ने का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप जांच अभियान में तेजी लाने और प्रत्येक संदिग्ध मरीज की जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त राजीव रंजन ने सहियाओं को रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट (आरडीटी) का प्रशिक्षण देकर गांव स्तर पर जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही मरीजों के दवा सेवन की निगरानी फोटो, व्हाट्सएप और जीपीएस आधारित रिपोर्टिंग के माध्यम से करने को कहा, ताकि कोई भी मरीज बीच में उपचार न छोड़े। उन्होंने प्रभावित और सीमावर्ती गांवों के साथ-साथ छात्रावासों, आवासीय विद्यालयों और अन्य सामूहिक आवासीय परिसरों में विशेष जांच अभियान चलाने का आदेश दिया। सभी बीडीओ को प्रतिदिन अपने क्षेत्र में नए मरीजों की जानकारी लेने और प्रखंड स्तर पर मलेरिया नियंत्रण कार्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए। उपायुक्त ने गंभीर मरीजों को 30 मिनट के भीतर एंबुलेंस उपलब्ध कराने, प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में दवाएं, जांच किट और कीटनाशकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा नियमित फॉगिंग कराने का निर्देश दिया। नगर निकायों को अगले तीन से चार दिनों के भीतर बड़े और छोटे नालों की विशेष सफाई कर जलजमाव खत्म करने और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का भी आदेश दिया गया। उल्लेखनीय है कि पूर्वी सिंहभूम में मलेरिया का सबसे अधिक प्रभाव पोटका प्रखंड में देखा जा रहा है, जहां स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन ने विशेष निगरानी और नियंत्रण अभियान शुरू कर दिया है।

## आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम** । पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोईलकेरा प्रखंड अंतर्गत कदमडीहा पंचायत के छोटा कुईड़ा गांव में सोमवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, 42 वर्षीय रोयबारी हेंब्रम सोमवार को बारिश के दौरान घर के आसपास मौजूद थीं। इसी बीच अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरने से महिला उसकी चपेट में आ गईं।


**कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी,पलामू**
**योध सिंह नामाधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर, पलामू- 822101**

**पत्रांक :** **दिनांक :**

**प्रेस विज्ञप्ति**

पलामू जिले के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि मिलेट फसल के उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने हेतु **''झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन योजना'' लागू की गई है। उक्त योजना के तहत जिले में श्री अन्न (मिलेट फसल) यथा मडुआ, ज्वार, बाजरा, कंगनी, सावॉ, चेना, कुटकी, कुट्टू और चौलाई फसल के उत्पादन पर राज्य सरकार द्वारा किसानों को प्रति एकड़ 3000 (तीन हजार) रू0 की प्रोत्साहन राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से प्रदान की जाएगी।** जो न्यूनतम 10 डिसमील तथा अधिकतम 05 एकड़ क्षेत्र के लिए होगा। किसान भाई आवेदन करने हेतु योजना के अधिकारिक पोर्टल **www.jharkhandmilletmission.gov.in** के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

**आवेदन हेतु अहर्ता:**

1. किसान मिलेट फसल की खेती करते हों।
2. झारखण्ड राज्य का निवासी हों।
3. किसान के पास मोबाईल से लिंक आधार नं0 हो।
4. किसान का बैंक में केवाईसी से आच्छादित खाता हो।
5. जमीन का रसीद, वंशावली/एल0पी0सी0

अधिक जानकारी के लिए जिला कृषि कार्यालय, पलामू/आत्मा कार्यालय, पलामू, या अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/जनसेवक/बी.टी.एम./ए.टी.एम. से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू

PR.NO.384123 District(26-27):D

## सक्षिप्त समाचार

### पंजाब कांग्रेस का डैमेज कंट्रोल!

## चंडीगढ़ पहुंचेंगे भूपेश बघेल, चन्नी-वड़िंग विवाद सुलझाने की कोशिश

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब कांग्रेस में विधानसभा चुनाव से पहले उभरी अंदरूनी खींचतान को



शांत करने के लिए पार्टी हाईकमान ने सक्रियता बढ़ा दी है। पंजाब मामलों के प्रभारी भूपेश बघेल सोमवार दोपहर तकरीबन 3 बजे चंडीगढ़ पहुंचेंगे। सूत्रों के अनुसार वह अगले करीब पांच दिनों तक पंजाब में रहकर पार्टी नेताओं से अलग-अलग बैठकें करेंगे और विधानसभा चुनाव की तैयारियों के साथ संगठनात्मक स्थिति की समीक्षा करेंगे। पंजाब विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मैं पंजाब दौरे पर जा रहा हूं। चुनाव को लेकर कांग्रेस की ओर से कमेटियां गठित की जा चुकी हैं। यूथ कांग्रेस के चुनाव भी हो चुके हैं। पंजाब के सभी साथियों से मिलकर चुनावी रणनीति पर चर्चा होगी। सूत्रों के मुताबिक, चुनाव समिति के गठन के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और उनके समर्थक नेताओं की नाराजगी के बीच हाईकमान डैमेज कंट्रोल में जुटा है। इसी क्रम में भूपेश बघेल सबसे पहले चन्नी और कुछ वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद उनकी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग समेत अन्य नेताओं के साथ भी बैठकें प्रस्तावित हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस नेतृत्व फिलहाल चुनाव समिति में किसी तरह के बदलाव के पक्ष में नहीं है। पार्टी का फोकस संगठन को एकजुट कर विधानसभा चुनाव की तैयारियों को गति देना है। इस बीच एआईसीसी के पंजाब के तीन सह प्रभारी हीना कावरे, रविंदर डलवी और सूरज ठाकुर भी चंडीगढ़ पहुंच रहे हैं। सभी नेता प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक हालात और संगठन की स्थिति का फीडबैक लेंगे। सूत्रों के अनुसार, प्रदेश अध्यक्ष राजा वड़िंग ने चुनावी रणनीति को लेकर नेताओं से वन-टू-वन मुलाकातों का दौर शुरू कर दिया है।

## बंगाल चुनाव में निर्वाचन आयोग के विरुद्ध दर्ज हुए सौ से अधिक मामले

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल में हाल में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग (ईसी) के खिलाफ कलकत्ता हाई कोर्ट में 110 याचिकाएं दायर की गईं, लेकिन कोर्ट ने आयोग के सभी फैसलों को सही ठहराया। इस अहम राज्य में अप्रैल में दो चरणों में चुनाव हुए जिसमें भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन को खत्म किया और पहली बार सरकार बनाई। चुनाव में तृणमूल और निर्वाचन आयोग के बीच तनातनी बनी रही। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि 15 मार्च को चुनावों की घोषणा से लेकर पूरी प्रक्रिया खत्म होने तक चुनाव आयोग और उसके फैसलों के खिलाफ कुल 110 मामले दर्ज किए गए। अधिकारी ने कहा कि इनमें से किसी भी मामले में चुनाव आयोग के खिलाफ कोई प्रतिकूल आदेश नहीं आया। इस चुनाव के दौरान चुनाव आयोग को कड़ी जांच, कानूनी चुनौतियों और आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। खासकर राज्य की तत्कालीन सत्ताधारी पार्टी तृणमूल की ओर से। विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग पर भाजपा की मदद के लिए पक्षपाती चुनाव कराने का आरोप लगाया था।

# 20 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए

### इतनी बड़ी संख्या में लोगों का बाहर होना बड़ा सवाल-बीजेडी

**भुवनेश्वर , एजेंसी।** ओडिशा में विशेष गहन पुनरीक्षण के गणना चरण के बाद 20 लाख से अधिक लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए. निर्वाचन आयोग द्वारा रविवार को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची में यह जानकारी सामने आई है.इस बीच, मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर राजनीति शुरू हो गई है. इस बारे में ओडिशा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) आर. एस. गोपालन ने बताया कि 20 मई को मतदाता सूची को अंतिम रूप देने के समय राज्य में 3.33 करोड़ मतदाता थे.

उन्होंने कहा कि 30 मई से 28 जून के बीच मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्क्र) के तहत कराई गई गणना प्रक्रिया के बाद अब मतदाता सूची में 3.13 करोड़ मतदाता शामिल हैं. इनमें 1.60 करोड़ पुरुष, 1.53 करोड़ महिला और 2,775 तृतीय लिंग (थर्ड जेंडर) के मतदाता हैं. सीईओ ने कहा कि मतदाता सूची से हटाए गए 20 लाख मतदाताओं में से 8.32 लाख की मौत हो चुकी है, 10.07 लाख अन्य स्थानों पर चले गए या पुनरीक्षण अभियान के दौरान अनुपस्थित रहे, जबकि 1.58 लाख लोगों के नाम एक से अधिक स्थानों की मतदाता सूचियों में दर्ज पाए गए. मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने




बताया कि इसके अलावा, गणना चरण के दौरान करीब 14,000 मतदाताओं ने बूथस्तरीय अधिकारियों को अपने गणना-प्रपत्र वापस नहीं सौंपे. उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम मसौदा मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं, वे अपना दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं. उन्होंने कहा कि दावों और आपत्तियों पर चार अगस्त तक सुनवाई की जाएगी तथा अंतिम मतदाता सूची छह सितंबर को प्रकाशित की जाएगी. गोपालन ने कहा, ''यदि किसी व्यक्ति का नाम मसौदा मतदाता सूची में नहीं है, तो उसे एक प्रपत्र भरकर घोषणा-पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्वाचन अधिकारियों के पास जमा करना होगा.'' उन्होंने कहा कि दावे और आपत्तियां पांच जुलाई से चार अगस्त तक स्वीकार किए जाएंगे. गोपालन ने कहा कि जरूरत पड़ने पर निर्धारित समय-सीमा के भीतर दावों और आपत्तियों का निपटारा करने के लिए समय-समय पर अतिरिक्त अधिकारियों की भी तैनाती की जाएगी. बीजेडी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि 20 लाख नहीं बल्कि 27 लाख वोटर्स के नाम हटाए गए हैं. पार्टी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र ने कहा, 'पहले वेबसाइट पर 3 करोड़ 40 लाख 72 हज़ार 744 वोटर मौजूद थे. एसआईआर शुरू होने पर 3 करोड़ 33 लाख वोटर कैसे उपलब्ध हो गए? आज लिस्ट में 3 करोड़ 13 लाख वोटर हैं. अंतर 20 लाख बताया गया है, लेकिन यह 27 लाख है. 7 लाख वोटरों के नाम छिपाए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि 75 चुनाव क्षेत्रों में, हमारी लिस्ट में 10 हज़ार से ज़्यादा मतदाता हैं, लेकिन उन्हें बाहर रखा गया है. किसी भी मतदाता को उसके बेसिक अधिकारों से बाहर नहीं रखा जाना चाहिए. जो बाहर से आए हैं, उन्हें बाहर रखा जाना चाहिए, लेकिन जो कई सालों से यहां हैं, उन पर शक नहीं होना चाहिए. जो अयोग्य हैं, उनके नाम सख्ती से लिखे जाने चाहिए।

### विशेषज्ञों की क्या है सलाह

## हिमाचल के सेब उत्पादन पर मौसम की मार, 2.63 लाख मीट्रिक टन घट सकती है प्रोडक्शन

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में इस बार बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि ने सेब सहित गुठलीदार फलों की फसल को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। मौसम की बेरुखी का असर अब प्रदेश के संभावित फल उत्पादन के आंकड़ों में भी दिखाई देने लगा है। पिछले वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 6.99 लाख मीट्रिक टन सेब उत्पादन हुआ था, जबकि इस बार इसके घटकर करीब 4.36 लाख मीट्रिक टन रहने का अनुमान है।

यानी पिछले वर्ष की तुलना में करीब 2.63 लाख मीट्रिक टन कम सेब उत्पादन हो सकता है। करीब पांच हजार करोड़ रुपये की सेब अर्थव्यवस्था वाले प्रदेश में उत्पादन में संभावित बड़ी गिरावट ने बागवानों की चिंता बढ़ा दी है।

प्रदेश के बागवानों का कहना





है कि इस बार मौसम ने शुरुआत से ही साथ नहीं दिया। बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि के कारण कई क्षेत्रों में फसल को सीधा नुकसान पहुंचा, जबकि गुठलीदार फलों की पैदावार भी प्रभावित हुई है। प्रदेश में करीब 2.37 लाख हेक्टेयर भूमि पर फलों की खेती होती है, इसमें लगभग 49 प्रतिशत क्षेत्र सेब के अधीन है और करीब 1.16 लाख हेक्टेयर भूमि पर सेब की खेती की जा रही है।

### उत्पादन लागत बढ़ी

दूसरी ओर कीटनाशकों, फफूंदनाशकों और बागवानी में इस्तेमाल होने वाले मशीनी उपकरणों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। इससे उत्पादन लागत बढ़ गई है, लेकिन कम फसल के कारण आमदनी घटने की आशंका है। बागवानों के अनुसार अब परिवार का खर्च चलाना तक मुश्किल हो रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सिंचाई सुविधाएं प्रत्येक बागवान तक पहुंचाई जाएं और फसल बीमा योजना की जानकारी जमीनी स्तर तक दी जाए। बागवानी विभाग का कहना है कि हिमाचल को फल राज्य के रूप में जाना जाता है।

## बीजेपी सरकार पर जमकर बरसे उद्धव ठाकरे, कहा- अयोध्या लूटी, अब मथुरा-काशी लूटेंगे

**मुंबई , एजेंसी।** मुंबई अयोध्या के राम मंदिर में हुए कथित दान चोरी के मामले को लेकर शिवसेना (यूबीटी) के पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे जोरदार बारिश में बीजेपी सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने बीजेपी को चेताया कि हमारी 'मशाल' हिंदुओं को लूटने वालों की लंका जला देगी। इस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उन पर तंज कसा है कि जब मुश्किलों में घिरे तो राम की याद आई है। आपने राम का रास्ता छोड़ दिया, इसीलिए आपकी पार्टी की अधोगति हुई है। रविवार को ठाकरे सेना ने दादर पश्चिम के कबूतरखाना स्थित हनुमान मंदिर के पास आंदोलन किया। बारिश में भीगते हुए उद्धव ठाकरे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बालासाहेब ठाकरे ने देश के सभी हिंदुओं को जगाया था और बिखरे हुए हिंदुओं को एक किया था। हम पक्के, कट्टर और देशभक्त हिंदू हैं। हम हिंदू भोले-भाले हैं, लेकिन बेवकूफ नहीं हैं। यदि कोई हमारे हिंदुत्व का फायदा उठाकर मंदिरों को लूट रहा है, तो उन्हें माफ नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में सत्ता संभालते समय श्री राम के नारे दिए गए थे। मुझे नहीं लगता कि शिवसैनिकों ने राम मंदिर के लिए जितना काम किया, उतना किसी और पार्टी ने किया है।

**हिंदुओं को लूट रही सरकार:** उद्धव ठाकरे उद्धव ठाकरे ने कहा कि 12 साल हो गए, आज वो प्रधानमंत्री बन गए जिसके लिए हमने मेहनत की, लेकिन उन्होंने शिवसेना को खत्म करने की कोशिश की। हिंदुत्व का फायदा उठाने वालों से बिना डरे सवाल सिर्फ शिवसेना ही पूछ सकती है। अयोध्या तो झांकी है, काशी-मथुरा बाकी है। अगर ये अयोध्या की झाकी है, तो काशी और मथुरा को कितना लूटा जाएगा? हमें लगा था कि भगवा सरकार आ गई है। अटल जी ने कहा था कि हिंदुओं पर अब खतरा नहीं होगा, लेकिन ऐसी सरकार बनी है जो हिंदुओं को ही लूट रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पलटवार करते हुए कहा है कि उद्धव ठाकरे ने भगवान श्री राम का रास्ता छोड़ दिया, इसीलिए उनकी पार्टी की हालत खराब हो गई है। मुझे खुशी है कि उद्धव ठाकरे को भगवान राम याद आए। वह राम को भूल गए थे। इसीलिए वह इस हालत में आ गए है। अगर वह भगवान राम के रास्ते पर चलते है, तो यह उनके अपने भले के लिए होगा।

## मानसून की रफ्तार यूपी-बिहार में अलर्ट

# मुंबई में स्कूल और कॉलेज बंद

### सभी जिलों को हाई अलर्ट पर रखा है

**मुंबई/लखनऊ/पटना, एजेंसी।** देशभर में मानसून ने जोर पकड़ रहा है। लिहाजा मौसम विभाग ने मुंबई और उससे सटे रायगढ़ जिले के लिए भारी वर्षा का आरेंज अलर्ट जारी किया है। केरल, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश और झारखंड में भी अलर्ट जारी किए गए हैं। विभाग ने इन क्षेत्रों में मध्यम से भारी वर्षा की संभावना जताई है।

रविवार को दिल्ली में भी वर्षा हुई जिससे लोगों को उमस भरे मौसम से काफी राहत मिली। दिल्ली के लिए भी विभाग ने सोमवार को आरेंज अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार, ओडिशा में बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र और तीव्र होकर गहरे कम दबाव का क्षेत्र में बदल गया है, जिसके कारण राज्य ने अपने सभी जिलों को हाई अलर्ट पर रखा है। विभाग का कहना है कि इस सिस्टम के अगले 24 घंटे में उत्तरी ओडिशा तट को पार करने की संभावना है और इससे पूरे पूर्वी भारत में भारी वर्षा हो सकती है।

विभाग ने संबलपुर, अंगुल, बौध, सोनपुर और कंधमाल में भारी से बहुत भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया है। बाकी जिलों के लिए आरेंज और यलो अलर्ट जारी किए गए हैं।

मछुआरों को सात जुलाई तक समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी गई है। पड़ोसी राज्य बंगाल में भी बड़े पैमाने पर वर्षा की उम्मीद है। रविवार को केरल के अधिकांश



हिस्सों में जमकर वर्षा हुई। मौसम विभाग ने छह जुलाई को कन्नूर व कासरगौड़ के लिए और सात जुलाई को कोझिकोड, कन्नूर व कासरगौड़ के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया। हालांकि कई उत्तरी जिलों के लिए यलो अलर्ट लागू रहा। हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा होती रही। मौसम विभाग ने राज्य के कुछ हिस्सों में अगले दो दिनों के दौरान भारी से बहुत भारी वर्षा के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश में अगले 24 घंटों में गरज-चमक के साथ वर्षा का अनुमान है। झारखंड में मौसम विभाग ने छह से नौ जुलाई तक सभी 24 जिलों में आंधी-तूफान, बिजली गिरने और तेज हवाओं के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग का कहना है कि आसमान में बादल छाए रहने और राज्यभर में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। कुछ जगहों पर भारी वर्षा भी हो सकती है। सोमवार को गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और रांची में भारी वर्षा की संभावना है।

- मुंबई में मौसम विभाग के आरेंज अलर्ट के मद्देनजर सोमवार को सभी सरकारी एवं निजी स्कूल-कालेजों में अवकाश घोषित किया गया है। बीएमसी ने मुंबईवासियों से अपील की है कि वे बहुत जरूरी होने पर ही घरों से निकलें। रातभर हुई भारी बारिश के कारण रविवार को छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे का संचालन एक घंटे के लिए रोकना पड़ा। इससे कई उड़ानें प्रभावित हुईं और यात्रियों को प्रस्थान में औसतन 75 मिनट और आगमन में 28 मिनट की देरी का सामना करना पड़ा। इंडिगो की चार उड़ानें रद कर दी गईं, जबकि 13 उड़ानों को नजदीकी हवाई अड्डों को डायवर्ट करना पड़ा, बाद में उन्हें मुंबई लाया गया। देश की आर्थिक राजधानी के कई इलाकों में पिछले 24 घंटों में 200 से 300 मिलीमीटर तक वर्षा दर्ज की गई। मरीन ड्राइव व गेटवे आफ इंडिया के पास ऊंची लहरें देखी गईं। भारी वर्षा के कारण जल-भराव, ट्रैफिक जाम और पेड़ गिरने की घटनाएं भी हुईं। मुंबई के कुर्ला में एक दुकान पर पेड़ गिरने से एक 63 वर्षीय व्यक्ति यूनुस कुंडावाला की मौत हो गई। शनिवार दोपहर गोरेगांव ईस्ट में बाइक पर पेड़ गिरने से एक 18 वर्षीय किशोर की मौत हो गई।

## जम्मू कश्मीर में अगले सप्ताह तक बारिश का दौर जारी, 6-7 जुलाई को भारी वर्षा की चेतावनी

**जम्मू, एजेंसी।** अगले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज बदलता रहेगा। गर्मी और उमस के बीच प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रुक-रुक कर बारिश और गरज-चमक का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों ने विशेष रूप से 6 और 7 जुलाई को जम्मू संभाग के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश और अल्प अवधि की तीव्र वर्षा को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। पूर्वानुमान के अनुसार जम्मू संभाग के बिखरे हुए क्षेत्रों तथा कश्मीर संभाग के कुछ स्थानों पर देर रात और तड़के हल्की से मध्यम बारिश या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। जम्मू और रियासी जिलों के कुछ इलाकों में तेज बारिश और गरज-चमक की संभावना भी बनी हुई है। 6 से 8 जुलाई के दौरान मौसम गर्म और उमस भरा रहेगा, लेकिन जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में एक या दो दौर की हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। जम्मू संभाग में विशेषकर देर दोपहरए शाम और देर रात के समय बारिश की गतिविधियां तेज हो सकती हैं। इस दौरान कुछ स्थानों पर भारी बारिश और तेज गरज-चमक भी देखने को मिल सकती है। 9 से 11 जुलाई के बीच भी प्रदेश में इसी तरह का मौसम बना रहने का अनुमान है।कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ इलाकों में तेज बौछारें और गरज-चमक हो सकती है। मौसम विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि 6 और 7 जुलाई को कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण स्थानीय स्तर पर अचानक बाढ़, फ्लैश फ्लड, भूस्खलन और मलबा गिरने जैसी घटनाएं हो सकती हैं।

## सोते समय अमरनाथ तीर्थयात्री को सांप ने काटा, मौत, यूपी का रहने वाला था

**जम्मू, एजेंसी।** बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए इन दिनों अमरनाथ यात्रा जोरों से चल रही है. इसी क्रम में एक तीर्थयात्री के बेस कैंप के पास सोते समय सांप के काट लेने से मौत हो गई. इस बारे में एक अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के एक तीर्थयात्री की सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल जम्मू में मौत हो गई. उसे भगवती नगर यात्री निवास के पास सोते समय उसे सांप ने काट लिया था. अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान अमित कुमार (42) पुत्र गया प्रसाद के रूप में हुई है, जो राम कृष्ण नगर, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश का रहने वाला था. तीर्थयात्री अमित कुमार को शनिवार और रविवार की दरमियानी रात करीब 2:30 बजे एक सांप ने काट लिया. उनके साथ आए साथी तीर्थयात्रियों ने बताया कि वह जम्मू के भगवती नगर में मुख्य यात्री निवास के पास फुटपाथ पर सो रहे थे, तभी सांप ने उन्हें काट लिया. इसके बाद उन्हें तुरंत इमरजेंसी इलाज के लिए जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया. हालांकि, इलाज कर रहे डॉक्टरों की पूरी कोशिशों के बावजूद उनकी हालत बिगड़ती गई और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. स्वास्थ्य अधिकारियों ने ईटीवी भारत को बताया कि मृतक के साथ उनके दोस्त राजेश शुक्ला भी थे, जो अन्य साथी तीर्थयात्रियों के साथ अस्पताल में उनके साथ रहे. शव को पोस्टमार्टम और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए जीएमसीएच जम्मू के शवगृह में भेज दिया गया है.

## तरनतारण में ससुराल पहुंचे जीजा पर साले ने डाला पेट्रोल, आग लगाकर जिंदा जलाया; मौत

**तरनतारण , एजेंसी।** पंजाब के तरनतारन से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां पत्नी को मनाकर वापस लाने पहुंचे व्यक्ति पर उसके साले ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिससे उसकी तत्काल ही मौत हो गई। पीड़ित को बचाने के लिए आई उसकी साली इस घटना में गंभीर रूप से झुलस गई। बाद में इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना 13 जून की है, लेकिन इसका वीडियो हाल ही में सामने आया है। सोशल मीडिया पर यह वायरल हो रहा है।



घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि यह घटना तरनतारन जिले के संघा गांव की है। यहां पर मृतक लवप्रीत सिंह अपनी पत्नी संदीप कौर को मनाने के लिए ससुराल आया था। पिछले दिनों उनका झगड़ा हुआ था, जिसके बाद वह मायके आ गई थी। रिश्ते को बचाने के लिए लवप्रीत जब ससुराल पहुंचा, तो उसके साले साजन सिंह ने उसके ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। इसकी वजह से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इस पूरे विवाद के बीच बीच-बचाव करने के लिए आई लवप्रीत सिंह की साली गुरजीत भी लवप्रीत को बचाने के लिए दौड़ी। लेकिन आग की चपेट में वह भी आ गई, जिससे वह बुरी तरह से झुलस गई। बाद में उसे अस्पताल ले जाया गया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। इस पूरे घटनाक्रम में आरोपी साजन सिंह को भी जलने की वजह से चोटें आई हैं। भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, सदर थाना तरनतारण में साजन सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## खूबसूरती बचाने की कवायद, कूड़ा फेंकने व मलबा जमा करने पर अब लगेगा जुर्माना!

**दार्जिलिंग , एजेंसी।** पहाड़ों की रानी की खूबसूरती को बनाए रखने के लिए, दार्जिलिंग नगर पालिका सार्वजनिक जगहों पर कूड़ा फेंकने, थूकने या पेशाब करने जैसी लापरवाही के खिलाफ सख्त कदम उठाने की योजना बना रही है, जिसके उल्लंघन पर 100 रुपये से 10,000 रुपये तक का जुर्माना लगेगा.

इस बारे में राज्य सरकार का निर्देश 1 जुलाई को लागू हुआ, जिसके बाद नगर निगम अधिकारियों ने यह जागरूकता और लागू करने की मुहिम शुरू की. गुरुवार से, नगर निगम के अधिकारी दार्जिलिंग के अलग-अलग हिस्सों में लाउडस्पीकर से लोगों और टूरिस्ट को इन नए नियमों के बारे में जानकारी देने के लिए सार्वजनिक अनाउंसमेंट कर रहे हैं. दार्जिलिंग नगर पालिका अध्यक्ष दीपेन ठाकुरी ने कहा कि पहाड़ी शहर को साफ रखने के लिए इन नए नियमों को सख्ती से लागू किया जाएगा.

उन्होंने कहा, 'पब्लिक जगहों पर थूकते, पेशाब करते या गंदगी फैलाते हुए पकड़े जाने पर स्पॉट फाइन लगाया जाएगा. हमारा पहला मकसद सिर्फ लोगों को सजा देना नहीं है, बल्कि जागरूकता बढ़ाना और दार्जिलिंग को साफ रखना है, हम सभी को शहर को और भी सुंदर बनाने में मदद करने के लिए बढ़ावा देंगे. ' टूरिस्ट में जागरूकता बढ़ाने के लिए, होटल मालिकों को निर्देश दिया गया है कि वे अपनी जगह पर 'क्या करें और क्या न करें' और पेनल्टी की लिस्ट साफ-साफ लगाएं. नए नियमों के तहत, जुर्माने की रकम जुर्म की गंभीरता के आधार पर तय की जाएगी. सड़क पर थूकने या पेशाब करने जैसी गलतियों के लिए कम से कम 100 रुपये का जुर्माना लगेगा, लेकिन ज़्यादा कचरा फेंकने या कंस्ट्रक्शन का कचरा और मलबा जमा करने जैसी गंभीर गलतियों के लिए ज़्यादा से ज़्यादा 10,000 रुपये का जुर्माना लग सकता है. ठाकुरी ने कहा कि सरकार के नोटिफिकेशन के बाद सफाई अभियान में काफी



तेजी आई है. हालांकि, नगर पालिका सिर्फ जुर्माना ही नहीं लगा रही है, बल्कि अपशिष्ट प्रबंधन अवसंरचना को भी अपग्रेड कर रही है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने भरोसा दिलाया है कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत कचरा छांटने और क्रश करने वाली मशीनें लगाने का काम अगस्त में शुरू हो जाएगा. ये मशीनें उन जगहों पर लगाई जाएंगी जहां कूड़े के डिब्बे रखे जाते थे. मशीनें सूखे कचरे को छांटकर पीस देंगी, जिससे उसे डंपिंग ग्राउंड तक ले जाने की जरूरत खत्म हो जाएगी. चेयरमैन ने कहा, 'नगर निगम के कर्मचारियों को इन मशीनों को चलाने के लिए खास ट्रेनिंग दी जाएगी, जबकि एक अलग यूनिट गीले कचरे को खाद में बदलेगी.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### सरकार फिर ला सकती है नया संविधान संशोधन

पिछले वर्ष अगस्त में केंद्रीय गृहमंत्री ने संसद में यह विधेयक पेश किया था। हालांकि, विपक्षी दलों की ओर से उठाई गई कई आपत्तियों के बाद इसकी जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया गया था। देश की राजनीति में जवाबदेही और पारदर्शिता लाने के मसले पर लंबे समय से बहस चलती रही है, लेकिन अब तक कोई ऐसा खाका सामने नहीं आ सका है, ताकि सिर्फ स्वच्छ छवि के लोगों को ही जनप्रतिनिधि बनने का अवसर मिले। आए दिन संसद और विधानसभाओं में आपराधिक पृष्ठभूमि से आने के बावजूद चुने गए जनप्रतिनिधियों की बढ़ती संख्या को लेकर चिंता तो जताई जाती है, मगर उसके हल को लेकर कोई ठोस पहल नहीं होती। संविधान के तहत केवल दोषी ठहराए गए जनप्रतिनिधियों को ही पद से हटाया जा सकता है और इस संबंध में संवैधानिक पद पर बैठे नेताओं को लेकर कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है।इसी संदर्भ में केंद्र सरकार फिर से एक सौ तीसवें संविधान संशोधन विधेयक को संसद में पेश कर सकती है, जिसके तहत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या अन्य मंत्रियों को पांच साल से ज्यादा सजा के प्रावधान वाले गंभीर अपराधों के लिए गिरफ्तार किए जाने और लगातार तीस दिनों तक हिरासत में रखे जाने पर पद से हटाने का प्रस्ताव है। अगर विधेयक की जांच के बाद संयुक्त संसदीय समिति इसे अपनी मंजूरी दे देती है, तो संसद के मानसून सत्र में इस पर बहस की संभावना है।गौरतलब है कि पिछले वर्ष अगस्त में केंद्रीय गृहमंत्री ने संसद में यह विधेयक पेश किया था। हालांकि, विपक्षी दलों की ओर से उठाई गई कई आपत्तियों के बाद इसकी जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया गया था, लेकिन कांग्रेस सहित ज्यादातर विपक्षी दलों ने अपनी चिंताओं को नजरअंदाज किए जाने की आशंका के मद्देनजर समिति का बहिष्कार कर दिया था।इसमें कोई दोराय नहीं कि भारतीय राजनीति में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों का बढ़ता दखल आज एक गंभीर समस्या बन चुका है। मौजूदा कानूनी प्रावधानों के तहत तकनीकी जटिलताओं का लाभ उठाकर कई बार ऐसे लोग भी चुनकर संसद या विधानसभाओं में आ जाते हैं, जिन पर जघन्य अपराधों में शामिल होने का आरोप होता है। अक्सर सामने आने वाली रिपोर्ट में खासी संख्या में दागी जनप्रतिनिधियों के विधायिका में पहुंचने का ब्योरा होता है, जिस पर सभी दल चिंता जताते हैं।

*किंतु यह तभी संभव होगा जब केंद्र, राज्य, स्थानीय निकाय, उद्योग, वैज्ञानिक समुदाय और नागरिक समाज मिलकर समन्वित प्रयास करें। प्रदूषण किसी एक सरकार, एक मौसम या एक कारण की समस्या नहीं है। यह हमारे विकास मॉडल, जीवनशैली और पर्यावरण के प्रति दृष्टिकोण का परिणाम है। आज आवश्यकता दोषारोपण की नहीं, बल्कि दूरदर्शी नीति और सामूहिक उत्तरदायित्व की है।*

## वायु प्रदूषण के साथ ओजोन प्रदूषण की चुनौती

**(ललित गर्ग)**

दिल्ली आज केवल देश की राजधानी नहीं, बल्कि देश का सबसे बड़ा प्रदूषण हॉटस्पॉट भी बन चुकी है। गर्मियों में बढ़ते तापमान, तेज धूप और वाहनों एवं उद्योगों से निकलने वाली नाइट्रोजन ऑक्साइड तथा वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों की रासायनिक प्रतिक्रिया से भूतलीय ओजोन बनती है। राजधानी दिल्ली वर्षों से वायु प्रदूषण की भयावह समस्या से जूझती रही है। हर सर्दी में धुंध की मोटी चादर, जहरीली हवा और दमघोंटू वातावरण राष्ट्रीय चिंता का विषय बनते हैं। अब तक इस संकट की चर्चा मुख्यतः पीएम 2.5, पीएम 10, पराली और वाहनों के धुएँ तक सीमित रही, लेकिन अब एक नया और अधिक खतरनाक खतरा तेजी से उभरकर सामने आया है-भूतलीय (ग्राउंड लेवल) ओजोन प्रदूषण। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की हालिया रिपोर्ट ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, जयपुर, चंडीगढ़ और अहमदाबाद जैसे शहर भी ओजोन प्रदूषण की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। यह प्रदूषण दिखाई नहीं देता, लेकिन इसके दुष्प्रभाव धीरे-धीरे मानव जीवन, कृषि और पर्यावरण को भीतर तक बीमार कर रहे हैं। विडम्बना यह है कि प्रदूषण जैसे गंभीर विषय को भी अक्सर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित कर दिया जाता है। कभी किसानों की पराली को संपूर्ण दोषी ठहरा दिया जाता है तो कभी केवल वाहनों को। जबकि वास्तविकता कहीं अधिक व्यापक है। यदि समस्या की जड़ तक पहुँचना है तो अनियोजित शहरीकरण, अंधाधुंध औद्योगिकीकरण, ऊर्जा उपभोग की वर्तमान व्यवस्था और विकास के मौजूदा मॉडल पर गंभीर पुनर्विचार करना होगा। दिल्ली आज केवल देश की राजधानी नहीं, बल्कि देश का सबसे बड़ा प्रदूषण हॉटस्पॉट भी बन चुकी है। गर्मियों में बढ़ते तापमान, तेज धूप और वाहनों एवं उद्योगों से निकलने वाली नाइट्रोजन ऑक्साइड तथा वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों की रासायनिक प्रतिक्रिया से भूतलीय ओजोन बनती है। यह वही ओजोन नहीं है जो वायुमंडल की ऊपरी परत में पृथ्वी को पराबैंगनी किरणों से बचाती है। धरातल पर बनने वाली ओजोन एक विषैली गैस है, जो फेफड़ों की कार्यक्षमता कम करती है, दमा के रोगियों की स्थिति बिगाड़ती है, आँखों में जलन पैदा करती है तथा हृदय रोगों का जोखिम बढ़ाती है। आज दिल्ली-एनसीआर में बड़ी संख्या में लोग सांस लेने में कठिनाई, एलर्जी और अस्थमा जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिनमें ओजोन प्रदूषण की भूमिका लगातार बढ़ रही है। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन, नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, चार्जिंग स्टेशन विकसित करने की योजना और पुराने प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने जैसे निर्णय निश्चित रूप से सकारात्मक हैं। यदि इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होता है तो आने वाले वर्षों में प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में सार्थक परिवर्तन देखने को मिल सकता है। लेकिन केवल वाहन नीति से समस्या का समाधान संभव नहीं है। वास्तविक संकट अनियोजित शहरीकरण का है। पिछले दो दशकों में दिल्ली और उससे लगे क्षेत्रों में जिस तेजी से खेत, तालाब और हरित क्षेत्र कंक्रीट के जंगलों में बदले हैं, उसने प्राकृतिक संतुलन को गहरा आघात पहुँचाया है। जहाँ कभी वर्षा का पानी धरती में समा जाता था, वहाँ अब सीमेंट और डामर की सतह है। पारंपरिक जलस्रोत मिट गए, पेड़ों की संख्या घटी और गर्मी बढ़ती गई। यही कारण है कि शहरों का तापमान आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक रहने लगा है। यही अतिरिक्त गर्मी ओजोन बनने की प्रक्रिया को और तेज करती है। आज महानगरों का विस्तार विकास का प्रतीक माना जाता है, लेकिन यह विकास प्रकृति की कीमत पर हो रहा है। शहरों को सड़कें चाहिए, बिजली चाहिए, आवास चाहिए, उद्योग चाहिए। इन सबके लिए खेत समाप्त हो रहे हैं, जंगल कट रहे हैं और जलस्रोत नष्ट हो रहे हैं। परिणामस्वरूप प्रदूषण केवल हवा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जल, मिट्टी और जैव विविधता भी प्रभावित हो रही है। विकास की यह दिशा अंततः मानव जीवन के विरुद्ध खड़ी दिखाई देती है। दिल्ली में निजी वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सार्वजनिक परिवहन की उपलब्धता और गुणवत्ता अभी भी इतनी प्रभावी नहीं हो सकी कि लोग निजी वाहनों का त्याग करें। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना स्वागतयोग्य है, किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि बिजली यदि कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों से आएगी तो प्रदूषण केवल एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित होगा। इसलिए स्वच्छ ऊर्जा, सौर ऊर्जा और हरित परिवहन को समानांतर गति से बढ़ाना आवश्यक है। ओजोन प्रदूषण केवल मानव स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। यह कृषि उत्पादन को भी प्रभावित करता है। वैज्ञानिक अध्ययनों में पाया गया है कि ओजोन फसलों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित कर उत्पादन घटा देती है। ऐसे समय में जब जलवायु परिवर्तन, अनिश्चित मानसून और बढ़ती गर्मी पहले ही किसानों के सामने बड़ी चुनौती बने हुए हैं, ओजोन प्रदूषण कृषि संकट को और गहरा कर सकता है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक शहरों में वायु गुणवत्ता सुधारने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, किंतु अब समय आ गया है कि इसकी रणनीति का विस्तार किया जाए। केवल पार्टिकुलेट मैटर पर ध्यान देने के बजाय ओजोन जैसे द्वितीयक प्रदूषकों की निगरानी, वैज्ञानिक अध्ययन और नियंत्रण पर भी समान बल देना होगा। वायु गुणवत्ता निगरानी तंत्र को अधिक व्यापक, आधुनिक और पारदर्शी बनाना होगा। समस्या के समाधान में नागरिकों की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। कचरा जलाना, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, खुले में ईंधन जलाना, प्लास्टिक और औद्योगिक कचरे का अनुचित निस्तारण जैसी आदतों में परिवर्तन लाना होगा। अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, साइकिल और पैदल चलने की संस्कृति को बढ़ावा देना होगा। शहरों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, हरित पट्टियों का विकास और पारंपरिक जलस्रोतों का पुनर्जीवन भी प्रदूषण नियंत्रण की प्रभावी रणनीति का हिस्सा होना चाहिए। वायु प्रदूषण केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक संकट भी है। बढ़ती बीमारियाँ स्वास्थ्य व्यवस्था पर बोझ डालती हैं, कार्यक्षमता घटाती हैं और करोड़ों रुपये की आर्थिक हानि का कारण बनती हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि प्रदूषण बच्चों और युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रहा है। यदि आज निर्णायक कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को इसका कहीं अधिक गंभीर मूल्य चुकाना पड़ेगा। दिल्ली सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम स्वागतयोग्य हैं और उनसे सकारात्मक परिणामों की आशा की जा सकती है।

### भारत-जापान साझेदारी का नया अध्याय शुरु

एक अनिश्चितता के दौर से गुजरते विश्व में आर्थिक और रणनीतिक मोर्चे की मजबूती के लिए बेहतर विकल्प तैयार करना वक्त की जरूरत है।बदलते भू-राजनीतिक दौर में भारत जिस तरह अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में नई संभावनाओं की जमीन तैयार कर रहा है, उसमें अलग-अलग देशों के साथ नए समीकरण बनना भी स्वाभाविक है। यों भारत और जापान के बीच संबंधों की कड़ियां बहुत लंबे समय से सकारात्मक और प्रगाढ़ रही हैं। मगर आज दुनिया भर में जिस तरह नए ध्रुव विकसित हो रहे हैं, उसमें दोनों देशों के बीच ठोस साझेदारी को लेकर बनी ताजा सहमति का अपना महत्त्व है।गौरतलब है कि भारत और जापान ने आर्थिक साझेदारी ढांचा तथा सैन्य उपकरणों को संयुक्त रूप से विकसित करने के लिए एक रक्षा समझौते सहित कई महत्त्वपूर्ण कदमों की घोषणा की है। जापान की प्रधानमंत्री ताकाइची की भारत यात्रा के दौरान कई अहम फैसले किए गए, जिनमें आर्थिक सुरक्षा के अलावा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में सहयोग के उद्देश्य से आपूर्ति श्रृंखला में साझेदारी मजबूत करने के लिए एक समझौता शामिल है।दरअसल, एक अनिश्चितता के दौर से गुजरते विश्व में आर्थिक और रणनीतिक मोर्चे की मजबूती के लिए बेहतर विकल्प तैयार करना वक्त की जरूरत है। साथ ही ऊर्जा सुरक्षा के मामले में परिस्थितियों के मुताबिक नई संभावनाओं और साझेदारी को विकसित करना होगा।यही वजह है कि समुद्री सुरक्षा और रक्षा तकनीक को मजबूत करने के लिए 'यूनिकार्न' रेडियो एंटीना प्रणाली पर काम के अलावा भारत और जापान ने सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी और उन्नत सामग्रियों जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में आपूर्ति श्रृंखला को ज्यादा मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक संयुक्त खाका तैयार किया है।

## आलोचना विरोध नहीं, सुधार का साहस है; लोकतंत्र की असली कसौटी यही है

**(प्रथमेश मणि तिवारी)**

कई बार सच्ची आलोचना प्रेम का ही एक रूप होती है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां किसी व्यक्ति, विचार, संस्था या परंपरा की आलोचना को अक्सर उसके प्रति विरोध या घृणा के रूप में समझ लिया जाता है। सार्वजनिक जीवन में यह प्रवृत्ति इतनी गहरी हो चुकी है कि लोग किसी भी असहमति को तुरंत दो खांचों में बांट देते हैं। या तो आप पूरी तरह समर्थन में हैं, या फिर पूरी तरह विरोध में। बीच की कोई जगह मानो बची ही नहीं है।मगर क्या वास्तव में ऐसा है? क्या किसी चीज की आलोचना करना उसे अस्वीकार करना होता है? क्या सुधार की इच्छा को हमेशा विद्रोह के रूप में ही देखा जाना चाहिए? आधुनिकता की सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषताओं में से एक है आत्मचिंतन या स्व-प्रतिबिंबन। इसका अर्थ अपने आसपास की दुनिया को ही नहीं, बल्कि स्वयं को भी आलोचनात्मक दृष्टि से देखना है। यह प्रक्रिया अस्वीकार की नहीं, बल्कि सुधार की है। इसका उद्देश्य किसी संबंध को तोड़ना नहीं, बल्कि उसे अधिक न्यायपूर्ण और सार्थक बनाना है। इस बात को समझने के लिए परिवार से बेहतर उदाहरण कोई नहीं हो सकता। एक पुत्र अपने पिता से प्रेम करता है, उनका सम्मान करता है, उन्हें अपने जीवन का आधार मानता है। इसका अर्थ यह नहीं कि पिता की हर बात, हर निर्णय और हर व्यवहार को आंख मूंदकर सही मान लिया जाए। कई बार पुत्र अपने पिता की किसी आदत, किसी निर्णय या किसी दृष्टिकोण की आलोचना करता है। यह आलोचना उनके प्रति घृणा से नहीं, बल्कि इस विश्वास से उत्पन्न होती है कि संबंध इतना मजबूत है कि उसमें सुधार की बात कही जा सकती है। यही बात संस्थाओं और समुदायों पर भी लागू होती है। किसी संस्था का सदस्य होना केवल उसके गुणगान का दायित्व नहीं देता। सदस्यता का अर्थ यह भी है कि व्यक्ति उसके भीतर मौजूद कमियों को पहचाने और उन्हें सामने रखने का साहस करे। अगर कोई विद्यार्थी विश्वविद्यालय की नीतियों पर प्रश्न उठाता है, तो इसका अर्थ यह नहीं कि वह विश्वविद्यालय विरोधी है। अगर किसी देश का कोई नागरिक अपने देश की किसी नीति की आलोचना करता है, तो यह आवश्यक नहीं कि वह देशद्रोही हो। किसी धार्मिक समुदाय का कोई सदस्य अपनी परंपराओं के कुछ पक्षों पर पुनर्विचार की मांग करता है, तो यह भी उसके विश्वास के परित्याग का प्रमाण नहीं है। अफसोस की बात है कि आज आलोचना को निष्ठा के विपरीत खड़ा कर दिया गया है। ऐसा मान लिया गया है कि प्रेम का अर्थ केवल प्रशंसा है और असहमति का अर्थ केवल विरोध। जबकि वास्तविकता इससे कहीं अधिक जटिल और मानवीय है। किसी व्यक्ति, संस्था या विचार के प्रति सबसे गहरा लगाव कई बार उसी व्यक्ति को होता है, जो उसकी कमियों को पहचानने और उन्हें सुधारने की चिंता करता है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज धन के मामले पूरी तरह सामान्य बने रहेंगे। पैसों को लेकर किसी भी तरह की जल्दबाजी करने या बिना जांचे-परखे किसी को धन उधार देने से पूरी तरह बचें। किसी अनुभवी व्यक्ति से मिलने वाली सलाह आज आपके काम आएगी, जिससे आप अपनी बचत को और बेहतर बना सकेंगे। आज बचाया गया धन आने वाले समय में बड़ा सहारा बनेगा।

### वृष
आर्थिक मामलों में आज धीरे-धीरे सुधार देखने को मिलेगा। आप अपने निवेश को बढ़ाने या भविष्य की किसी खरीदारी को लेकर विचार कर सकते हैं। केवल मन के बहकावे में आकर कोई भी बड़ा निर्णय न लें। अपने रोज के खर्चों का एक सही बजट बनाकर चलने से आपकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत बनी रहेगी।

### कर्क
आज सोची-समझी प्लानिंग के कारण आपकी आर्थिक स्थिति में अच्छा सुधार होगा। आप फालतू के खर्चों को कम करने और अपनी बचत को मजबूत करने में सफल रहेंगे। जमीन-जायदाद या लंबे समय के निवेश को लेकर परिवार में होने वाली बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ेगी। आपकी विश्वसनीयता के कारण दफ्तर के लोग और क्लाइंट्स आपका आदर करेंगे।

### सिंह
आज आर्थिक मामलों में धीरे-धीरे और सही प्लानिंग के जरिए ही सुधार देखने को मिलेगा। भावनाओं में बहकर पैसे खर्च करने के बजाय अपनी बचत को बढ़ाने पर ध्यान दें। आपका धीरज ही आपको मुश्किल कामों को अच्छे से निपटाने की ताकत देगा। जो लोग किसी परीक्षा या इंटरव्यू की तैयारी कर रहे हैं, वे पूरे भरोसे के साथ आगे बढ़ें।

### मिथुन
आज बातचीत और नए संपर्कों के जरिए आज धन कमाने के कुछ नए मौके मिल सकते हैं। इसके बाद भी किसी समझौते पर दस्तखत करने से पहले उसके हर एक नियम को खुद अच्छे से पढ़ लें। आज की गई छोटी-छोटी बचत भी आपके आर्थिक पक्ष को आने वाले समय में काफी सुरक्षित कर देगी।

### कन्या
आज आपकी ही राशि में बने हुए हैं, जिससे आर्थिक मामलों को लेकर नई सोच जागेगी। इसके बाद भी बहुत बड़े जोखिम उठाने से पूरी तरह बचें। अपनी धन की योजनाओं में कोई भी बदलाव करने से पहले अच्छे से सोच-विचार कर लें।

### तुला
लंबे समय की आर्थिक स्थिति में अच्छी मजबूती आएगी। बुध देव के असर से इस राशि के लोगों को पैसों से जुड़ा कोई भी फैसला भावनाओं में बहकर करने से बचना चाहिए। अपने पुराने बकाए को चुकाने और धन के कागजातों को व्यवस्थित करने पर ध्यान दें। आज आप अपने पुराने अधूरे कामों को दोबारा शुरू कर सकते हैं।

### वृश्चिक
आज पैसों को लेकर नियम का पालन करना ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा। अनजान जगहों या जोखिम भरे कामों में धन लगाने से पूरी तरह दूर रहें। सूझबूझ से तैयार किया गया बजट भविष्य के अनचाहे खर्चों को संभालने में आपकी पूरी मदद करेगा। मुश्किलों को सुलझाने का आपका तरीका कार्यस्थल पर आज बहुत काम आएगा।

### मकर
आज आर्थिक मामलों को लेकर आपका संतुलित तरीका आज बहुत मददगार साबित होगा। आपकी आय ठीक बनी हुई है, इसलिए ऑनलाइन खरीदारी या बिना सोचे-समझे धन का जोखिम लेने से बचें। सांझा धन को लेकर यदि कोई बात करनी हो, सहकर्मियों के साथ बातचीत को पूरी तरह साफ और ईमानदार रखें। रचनात्मक काम करने वाले लोगों को आज अपनी मेहनत की अच्छी सराहना मिल सकती है।

### कुंभ
धन कमाने के कुछ नए विचार आज आपको बड़े आकर्षक लग सकते हैं, लेकिन कहीं भी पैसा लगाने से पहले पूरी पड़ताल करना बहुत जरूरी है। बाजार की अफवाहों या उत्साह में आकर कोई निर्णय न लें। आपका उत्साह आज आपको और आपके साथियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। बुध देव की स्थिति को देखते हुए काम के सिलसिले में होने वाली यात्राओं की योजना को दोबारा जांच लेना ठीक रहेगा।

### धनु
आज सुख-सुविधा और रहन-सहन की चीजों पर खर्च करने का मन कर सकता है। जीवन के सुखों का आनंद लें, लेकिन फालतू की महंगी चीजों पर पैसे बर्बाद करने से बचें। पैसों को लेकर आपका नियम से चलना ही आपकी बचत को सुरक्षित रखेगा। कामकाज को लेकर आपके अच्छे गुण आज साफ दिखाई देंगे।

### मीन
आज धन से जुड़ी जिम्मेदारियां थोड़ी बढ़ सकती हैं, लेकिन आपकी लगन उन्हें अच्छे से संभाल लेगी। जब तक बहुत जरूरी न हो, किसी से नया कर्ज लेने से बचें। लंबे समय की बचत को लेकर बनाई गई योजनाएं आने वाले दिनों में अच्छे अवसर लेकर आ सकती हैं। आपका पूरा ध्यान और लगन आपको कार्यक्षेत्र की हर चुनौती से पार दिलाएगी।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6144

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | 5 | | 8 | | |
| | | 6 | 3 | | 9 | | | 2 |
| 4 | 2 | | | | | | | 7 |
| 9 | | 2 | | | | | 8 | |
| | | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | | |
| | 5 | | | | | 1 | | 4 |
| 7 | | | | | | | 9 | 5 |
| 2 | | | 5 | | 7 | 3 | | |
| | | 1 | | 2 | 3 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6143

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 5 |

## वर्ग पहेली 6144

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | 9 | | |
| 10 | | 11 | ■ | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | | 14 | | ■ | 15 | |
| 16 | ■ | ■ | 17 | | 18 | ■ | |
| 19 | 20 | | | ■ | 21 | | ■ |
| 22 | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |
| 25 | | ■ | | ■ | ■ | 26 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. पद्म विभूषण से सम्मानित ये भारतीय तैराक थे जिन्होंने इंगलिश चैनल तैरकर पार किया (5)
5. थोड़ा, अल्प, न्यून (2)
7. मंगल ग्रह इस रंग का बताया गया है, इंद्रधनुष के रंगों में से एक (2)
8. बातचीत करने का गुण या हुनर (5)
10. हाथी को यह भी कहते है, पर्वत से उत्पन्न (3)
12. शिकन, सिकुड़न, मरोड़ (2)
13. नानफरोश, नानबाई (4)
15. नगाड़ा, ख्याति (2)
17. आघात करना, पीटना (3)
19. उथल-पुथल, यह अभिनेत्री जीनत अमान की पहली फिल्म थी (1970) (4)
21. सरल, भला, सज्जन (2)
22. आफत, विपत्ति, भूत-प्रेत की बाधा (2)
23. उचित, मुनासिब (3)
25. तीर, किनारा (2)
26. विवाह के समय वर को पहनाऐ जाने वाला मुकुट, शिरोभूषण (2)

**(ऊपर से नीचे**

1. सामंजस्य स्थापना, तुलनात्मकरूप से देखा जाना (3)
2. परचना, मेलजोल कायम रखना (4)
3. परिचर्या, सर्विस, खिदमत (2)
4. दीवार में सेंध लगाकर चोरी करने वाला (5)
5. कडुवा, अप्रिय (2)
6. वोट देने की पात्रता (5)
9. समय का सबसे छोटा भाग, क्षण (2)
11. पांचवा लोक जहां से मनुष्य उत्पन्न होते है (2)
14. कुश्तीबाज, योद्धा, वह जो कुश्ती लड़ता हो (5)
16. संगति, साथ, संग (4)
18. तकदीर, भाग्य, प्रारब्ध (3)
20. माथ, मस्तक (3)
24. राजा भोज की नगरी (2)

### वर्ग पहेली 6143 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| झा | र | खं | ड | ■ | स | म | ता |
| वा | म | ■ | का | म | च | ला | ऊ |
| ■ | द | स्तू | र | ■ | मु | ■ | ■ |
| म | ■ | पा | ■ | ना | च | ■ | ज |
| हु | ■ | का | न | न | ■ | घा | न |
| आ | खि | र | ■ | क | प | ट | ता |
| ■ | लौ | ■ | अ | पं | ग | ■ | ■ |
| ज | ना | ब | ■ | थी | ■ | हां | ■ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# आज भारत के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला, ये हो सकती है प्लेइंग इलेवन

**नॉटिंघम (एजेंसी)।** मंगलवार को ट्रेंट ब्रिज में होने वाले तीसरे टी20 में भारत के सामने इंग्लैंड के खिलाफ 'करो या मरो' की चुनौती है। मेहमान टीम पांच मैचों की सीरीज में बराबरी करने की कोशिश करेगी, क्योंकि मेजबान टीम ने मैनचेस्टर में शानदार तरीके से लक्ष्य का पीछा करते हुए 1-0 की बढ़त बना ली है।

चेस्टर-ली-स्ट्रीट में पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद दूसरे टी 20 में इंग्लैंड ने 191 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट शेष रहते जीत हासिल की और सीरीज पर मजबूत पकड़ बना ली। इस हार ने एक अच्छा स्कोर बचाने में भारत की अक्षमता को उजागर किया और श्रेयस अय्यर की युवा टीम पर दबाव बढ़ा दिया। पिछले मैच में जैकब बेथेल की 46 गेंदों में तूफानी 76 रन की पारी और हैरी ब्रूक की सिर्फ 15 गेंदों में विस्फोटक 39 रन की पारी से इंग्लैंड का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है।

सैम करन (3/33) ने अनुशासित गेंदबाजी की, जबकि जोफ्रा आर्चर की तेज गेंदबाजी और आदिल राशिद की चतुराई इंग्लैंड को घरेलू परिस्थितियों में एक मजबूत टीम बनाती है। भारत के लिए चिंता का विषय बल्लेबाजी नहीं,



बल्कि गेंदबाजी है। मेहमान टीम ने मैनचेस्टर में 190/7 का मजबूत स्कोर बनाया, जिसमें अभिषेक शर्मा ने 24 गेंदों में 43 रन बनाकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी, ईशान किशन ने 49 रन बनाकर पारी को संभाला और कप्तान अय्यर ने 37 रन का योगदान दिया।


15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने भी अपने डेब्यू मैच में दो शानदार छक्के लगाकर अपनी जबरदस्त क्षमता की झलक दिखाई। मजबूत बल्लेबाजी के बावजूद भारतीय गेंदबाज शुरुआती सफलता का फायदा उठाने में नाकाम रहे। अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट लिए, जबकि अक्षर पटेल ने किफायती गेंदबाजी से प्रभावित किया, लेकिन गेंदबाजी में निरंतरता की कमी रही और इंग्लैंड ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।

मौसम का पूर्वानुमान बताता है कि हालात काफी हद तक अनुकूल रहेंगे और हल्की बूंदाबांदी की बहुत कम संभावना है, जिससे पूरे 20 ओवर का मैच होने की उम्मीद है। उम्मीद है कि इंग्लैंड अपनी टीम में फिलिप साल्ट, जोस बटलर, हैरी ब्रूक (कप्तान), जैकब बेथेल, टॉम बैंटन, सैम करन, विल जैक्स, लियाम डॉसन, आदिल राशिद, जोफ्रा आर्चर और जोश टोंग को बरकरार रखेगा।

**भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन**

वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हर्षित राणा, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई या वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती ।

## इंग्लैंड ने मैक्सिको को हराकर टूर्नामेंट से किया बाहर, नॉर्वे के साथ क्वार्टरफाइनल तय



**मैक्सिको सिटी (एजेंसी)।** जूड बेलिंगहम के दो गोल और हैरी केन की पेनल्टी की मदद से इंग्लैंड ने रोमांचक और उतार-चढ़ाव भरे फीफा वर्ल्ड कप के राउंड ऑफ 16 मैच में को-होस्ट मैक्सिको को हरा दिया। इंग्लैंड दूसरी बार लगातार तीन टूर्नामेंट्स में अंतिम आठ (क्वार्टरफाइनल) में पहुंचा है. इससे पहले वे 1962 (क्वार्टरफाइनल), 1966 (विजेता) और 1970 (क्वार्टरफाइनल) में ऐसा कर चुके हैं। मैक्सिको और इंग्लैंड के बीच यह केवल दूसरा फीफा वर्ल्ड कप मुकाबला था. इससे पहले 1966 में इंग्लैंड ने ग्रुप स्टेज का मैच 2-0 से जीता था और बाद में ट्रॉफी भी जीती थी। इस जीत के साथ ही मैक्सिको सिटी स्टेडियम में फीफा वर्ल्ड कप मैचों में मैक्सिको का अजेय रिकॉर्ड भी टूट गया. 1986 फीफा वर्ल्ड कप क्वार्टरफाइनल में अर्जेंटीना से 2-1 की हार के बाद, 40 सालों में मैक्सिको सिटी स्टेडियम में इंग्लैंड का यह पहला मैच था। ये भी उल्लेखनीय है कि मैक्सिको ने अपने पहले चार वर्ल्ड कप मैचों में कोई गोल नहीं खाया था, लेकिन जूड बेलिंगहम का उनके पास कोई जवाब नहीं था, जिन्होंने पहले हाफ में 98 सेकंड के अंदर दो गोल किए। इस हार ने मैक्सिको के फैंस को निराश किया. वे उम्मीद कर रहे थे कि उनका देश 1986 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगा, जब उसने आखिरी बार वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी. तब से मैक्सिको आठ बार राउंड ऑफ 16 से बाहर हो चुका है। खराब मौसम के कारण एक घंटे की देरी से शुरू हुआ यह रोमांचक मुकाबला निश्चित रूप से यादगार बन गया, क्योंकि दूसरे हाफ की शुरुआत में इंग्लैंड के जैरेल क्वांसाह को रेड कार्ड मिलने के बाद इंग्लैंड ने 40 मिनट से ज्यादा समय तक दस खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए जीत हासिल की।

# फीफा वर्ल्ड कप में हुआ बड़ा उलटफेर

- **नॉर्वे ने पांच बार की चैंपियन ब्राजील को हराकर पहली बार क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह**

**न्यू जर्सी (एजेंसी)।** अर्लिंग हॉलैंड के शानदार दो गोल की बदौलत नॉर्वे ने फुटबॉल इतिहास की अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की. उन्होंने सोमवार (6 जुलाई) को न्यू जर्सी स्टेडियम में पांच बार की चैंपियन ब्राजील को 2-1 से हराकर पहली बार वर्ल्ड कप के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई. पांच बार की चैंपियन टीम का टूर्नामेंट में लगातार क्वार्टरफाइनल तक पहुंचने का सिलसिला आठ बार के बाद टूट गया. 1990 के बाद पहली बार वे इस स्टेज से पहले ही हारकर बाहर हो गए. 1990 में उन्हें उनके कट्टर प्रतिद्वंद्वी अर्जेंटीना ने हराकर टूर्नामेंट से बाहर किया था।

**अर्लिंग हॉलैंड का चला जादू –** राउंड ऑफ 16 में ब्राजील को हराने के बाद, नॉर्वे अब फाइनल मैच तक पहुंचने से सिर्फ दो मैच दूर है. इस जीत में अर्लिंग हॉलैंड की अहम भूमिका रही. उन्होंने दो गोल किए. जिसके साथ उनके गोलों की संख्या 7 हो गई. वे अब किलियन एम्बाप्पे और लियोनेल मेसी की बराबरी पर आ गए हैं. जिससे 'एडीडास गोल्डन बूट' की दौड़ और रोमांचक हो गई है. हॉलैंड ने नॉर्वे के लिए अपने पिछले 14 प्रतिस्पर्धी मैचों में से हर एक में गोल किया है और कुल 27 गोल दागे हैं।



**ब्राजील ने पेनल्टी मिस किया –** मैच की बात करें तो न्यू जर्सी में नॉर्वे ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया. खेल के तीसरे मिनट में पैट्रिक बर्ग ने गेंद को नेट के ऊपरी हिस्से में पहुंचाकर गोल करने की कोशिश की, लेकिन ऑफसाइड के कारण गोल को अमान्य करार दिया गया. कुछ मिनट बाद, ड्रूक जांच के बाद ब्राजील को पेनल्टी मिली, लेकिन ओरजान हास्कजॉल्ड नाइलैंड के शानदार बचाव ने ब्राजील को बढ़त लेने से रोक दिया। आखिरी मिनटों में नॉर्वे के लिए स्थिति और बेहतर हो गई. पहले, एंड्रियास श्जेल्डरुप ने हॉलैंड को पास दिया, जिन्होंने हेडर से टीम को बढ़त दिलाई. इसके बाद हॉलैंड ने 16 मीटर की दूरी से अपना और नॉर्वे का दूसरा गोल किया. स्टॉपेज टाइम के दसवें मिनट में नेमार की पेनल्टी से मिला गोल केवल सांत्वना के तौर पर ही रहा. इसके साथ ही ब्राजील 1990 के बाद सबसे जल्दी वर्ल्ड कप से बाहर हो गया, जबकि नॉर्वे ने पहली बार अंतिम आठ (क्वार्टरफाइनल) में जगह बनाई।

नॉर्वे का अगला मुकाबला शनिवार को मियामी गार्डन्स इंग्लैंड से होगा. जिन्होंने राउंड ऑफ 16 मैच मैक्सिको को 3-2 से मात दी।



### नेमार ने रिटायरमेंट का किया ऐलान

मैच के बाद 34 साल के नेमार ने कहा कि ब्राजील की नेशनल टीम के लिए यह उनका आखिरी मैच था. नेमार ने ब्राजील के लिए अपना पहला मैच 10 अगस्त, 2010 को खेला था. यह उत्तरी न्यू जर्सी के मीडोलैंड्स स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ एक फ्रेंडली मैच था. नॉर्वे के खिलाफ, बेंच से सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान पर आने के बाद उन्होंने आखिरी मिनटों में पेनल्टी किक से गोल किया. दाहिने पैर की पिंडली (काफ) की लगातार चोट के कारण, नेमार टूर्नामेंट में ब्राजील के पांच में से सिर्फ दो मैचों में खेले. वे ग्रुप स्टेज में स्कॉटलैंड के खिलाफ भी 15 मिनट के लिए मैदान पर उतरे थे। उन्होंने 2010 और 2026 के बीच 130 मैचों में 80 गोल किए और 59 असिस्ट दिए. वे ब्राजील के लिए अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी और इतिहास में पुरुषों के इंटरनेशनल फ़ुटबॉल में 11वें सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी के तौर पर अपना करियर समाप्त कर रहे हैं।

### दासुन शनाका ने 4 गेंद पर झटके 4 विकेट, चेन्नई सुपर किंग्स की टीम हारी

**नई दिल्ली।** मेजर लीग क्रिकेट 2026 में दासुन शनाका ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स की टीम टेक्सास सुपर किंग्स के खिलाफ सिएटल ऑर्कस को जीत दिला दी। टेक्सास सुपर किंग्स को आखिरी ओवर में 15 रन चाहिए थे। शनाका ने 4 गेंद पर 4 विकेट झटके और टेक्सास सुपर किंग्स ने 9 रन से जीत दर्ज की।

जीत के लिए 122 रन का पीछा करते हुए टेक्सास सुपर किंग्स ने आखिरी ओवर में 107 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। डोनोवन फरेरा और शुभम रंजना क्रीज पर थे। फरेरा ने 19वें ओवर में एक चौका और एक छक्का लगाया था। फिर रंजना ने आखिरी ओवर की पहली गेंद पर शनाका को चौका जड़ा, जिससे पांच गेंदों पर 11 रन चाहिए थे।

**शनाका ने फरेरा, सैवेज, मिल्ने और डी सिल्वा को आउट किया–** दो गेंद बाद फरेरा एक धीमी गेंद पर आउट हो गए। फिर केल्विन सैवेज लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट हुए। एडम मिल्ने ने हैट्रिक गेंद का सामना किया और बड़े शॉट के प्रयास में आउट हो गए।

# नेमार ने लिया संन्यास

### पेले के क्लब में हुए शामिल

### नॉर्वे से हारकर ब्राजील बाहर

**न्यूजर्सी (एजेंसी)।।** ब्राजील के सर्वकालिक शीर्ष गोल स्कोरर नेमार जूनियर ने रविवार (5 जुलाई) को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा कर दी। उन्होंने यह ऐलान ब्राजील के फीफा वर्ल्ड कप 2026 से बाहर होने के बाद की। नॉर्वे के खिलाफ राउंड ऑफ 16 में उसे 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। 1990 के बाद पहली बार ब्राजील इतना जल्दी वर्ल्ड कप से बाहर हुआ है।

नेमार ने अतिरिक्त समय के 10वें मिनट में पेनल्टी से मैच का एकमात्र गोल दागा, जिससे ब्राजील के लिए 130 मैचों में उनके गोलों की संख्या 80 हो गई, साथ ही उन्होंने 59 असिस्ट भी किए। दिग्गज पेले के मुकाबले उन्होंने 3 गोल ज्यादा किए हैं। वह पेले के अलावा चार विश्व कप में गोल करने वाले दूसरे ब्राजीलियाई खिलाड़ी बने। नेमार ने ब्राजील के लिए 130 मैच खेले। कैफू ने (142) उनसे ज्यादा मैच खेले हैं।



### नेमार रोते हुए जमीन पर बैठ गए

न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में आखिरी सीटी बजने के बाद नेमार रोते हुए जमीन पर बैठ गए। साथी खिलाड़ियों ने उन्हें मनाया। मैच के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'मैंने कोशिश की। इसकी शुरुआत मेट लाइफ स्टेडियम में हुई और यहीं इसका अंत हुआ।' नेमार ने अगस्त 2010 में मेटलाइफ स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ एक फ्रेंडली मैच में ब्राजील के लिए डेब्यू किया और अपना पहला इंटरनेशनल गोल किया।

**नेमार की फिटनेस बनी समस्या–** फीफा वर्ल्ड कप 2026 से पहले नेमार की फिटनेस चर्चा का विषय बनी हुई थी, लेकिन चिंताओं के बावजूद मुख्य कोच कार्लो एंसेलोटी ने उन्हें 26 सदस्यीय टीम में शामिल किया। दाहिने पैर की पिंडली में चोट लगने की वजह से नेमार टूर्नामेंट में ब्राजील के पांच मैचों में से सिर्फ दो में ही खेले। वह ग्रुप प्ले में स्कॉटलैंड के खिलाफ 15 मिनट तक मैदान पर रहे और नॉर्वे के खिलाफ 67वें मिनट में मैदान पर आए।

## 'उन्हें जेल में देखकर बहुत बुरा लगता है'

- **पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर इमरान खान को लेकर कपिल देव ने जाहिर किया अपना दर्द**

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान व पीएम इमरान खान को लेकर अपने मन की बात कही। एक इंटरव्यू के दौरान कपिल देव ने इमरान खान को लेकर खुलकर बातें की और बताया कि वो किस तरह से इंसान थे। कपिल देव ने साफ तौर पर कहा कि एक ऐसा खिलाड़ी जिसने अपने देश के लिए वर्ल्ड कप जीता और फिर देश का प्रधानमंत्री भी बना उसके साथ इस तरह का व्यवहार देखकर बुरा लगता है।

### इमरान की लाइफ स्टाइल को छू भी नहीं सकते

कपिल देव ने स्पोर्ट्स तक पर इंटरव्यू के दौरान पूछा गया कि क्या आपकी इमरान से दोस्ती थी तो उन्होंने कहा कि मैं ऐसा तो नहीं कहूंगा, लेकिन जब जरूरत होती थी हम बैठकर बात करते थे। वो भी पंजाबी थे और मुझे भी पंजाबी समझ में आती थी तो हम आसानी से एक-दूसरे की बात समझ लेते थे। इमरान खान की लाइफ स्टाइल को तो हम छू भी नहीं सकते। उनका लाइफस्टाइल काफी अलग था और ऐसा हमेशा रहा। इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट के दौरान भी ऐसा ही था।

# 'मेरे साथ कई बार धोखा हुआ'

### पृथ्वी शॉ की मंगेतर आकृति ने किसके लिए लिखा ऐसा, क्या दोनों की राहें हुई जुदा?



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शॉ एक बार फिर से चर्चा में हैं। रविवार को उनकी मंगेतर आकृति अग्रवाल ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की जिसमें उन्होंने दावा किया कि उन्हें एक बार नहीं बल्कि कई बार धोखा दिया गया है। आकृति के इस पोस्ट के बाद पृथ्वी शॉ और उनके रिश्ते को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। आईपीएल 2026 सीजन से पहले जब दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें खिलाड़ियों की नीलामी में खरीदा था उससे पहले ही पृथ्वी शॉ और आकृति अग्रवाल की सगाई हो गई थी।

### क्या पृथ्वी और आकृति में हुआ अलगाव



आकृति ने क्रिकेटर पृथ्वी के साथ अपने रिश्ते को दिखाने के लिए अपने ऑफिशियल अकाउंट से कई पोस्ट शेयर किए थे। क्रिकेट फैंस को आकृति और पृथ्वी के रिश्ते के बारे में अच्छी तरह से पता है, लेकिन इन सारी बातों के बीच आकृति ने जो पोस्ट शेयर किया वो किसके लिए है ये बड़ा सवाल है। क्या दोनों की राहें जुदा हो गई है, हालांकि अब तक आधिकारिक तौर पर ऐसी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। आकृति ने अपने पोस्ट में लिखा कि मेरे साथ कई बार धोखा हुआ, फिर भी मैंने कभी कुछ नहीं कहा। अभी भी यकीन नहीं होता कि एक कदम आगे बढ़ने के बाद... सब कुछ सच है, हर अफवाह सच है। सोशल मीडिया पर आप उनके बारे में जो कुछ भी देखते हैं। जब आकृति ने लिखा कि सब सच है तो इंटरनेट यूजर्स ने आकृति और पृथ्वी के रिश्ते में कुछ गड़बड़ होने का अंदाजा लगाना शुरू कर दिया। हालांकि आकृति ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में किसी का नाम नहीं लिया। फिलहाल ना तो आकृति और ना ही पृथ्वी की तरफ से कोई आधिकारिक बयान आया है। दोनों में से किसी की भी तरफ से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया न मिलने के कारण लोगों को यह नहीं पता चला है कि आकृति को सार्वजनिक रूप से इतना दुखद संदेश क्यों साझा करना पड़ा। क्या सगाई के बाद भी उनका ब्रेकअप हो गया है ये सवाल सबके मन में कौंध रहा है।



# गोल्डन बूट की रेस हुई रोमांचक

- **मेसी-एम्बाप्पे को हालैंड दे रहे कड़ी टक्कर**

**नई दिल्ली।** नॉर्वे के स्ट्राइकर अर्लिंग हालैंड ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 गोल्डन बूट की रेस में फ्रांस के दिग्गज किलियन एम्बाप्पे और अर्जेंटीना के लियोनल मेसी को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। उन्होंने दो गोल करके ब्राजील को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया और नॉर्वे ने राउंड ऑफ 16 का अहम मैच 2–1 से जीत लिया। उन्होंने 79वें और 90वें मिनट में गोल किए। हालैंड के अब 7 गोल हो गए हैं, जो एम्बाप्पे और मेसी के बराबर है। एम्बाप्पे 7 गोल और 2 असिस्ट के साथ फीफा वर्ल्ड कप 2026 में गोल्डन बूट की रेस में सबसे ऊपर हैं, जबकि हालैंड और मेसी दोनों के 7 गोल और 0 असिस्ट हैं। नॉर्वे के खिलाड़ी अभी तीसरे नंबर पर हैं क्योंकि मेसी ने कम मिनट में ज्यादा गोल किए हैं। इंग्लैंड के हैरी केन 5 गोल और 0 असिस्ट के साथ चौथे नंबर पर हैं, जबकि फ्रांस के ओस्मान डेम्बेले, स्पेन के मिकेल ओयारजाबल, ब्राजील के विनीसियस जूनियर और इस्माइला सार 4–4 गोल के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

# तिलक वर्मा ने अभिषेक का रिकॉर्ड तोड़ा

### बने नंबर 1, टी-20 में सबसे कम उम्र में 1500 रन बनाने वाले टॉप-10 भारतीय





**नई दिल्ली।** भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के उप-कप्तान तिलक वर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में 11 गेंदों पर 2 छक्के और एक चौके की मदद से नाबाद 24 रन की पारी 218.18 की स्ट्राइक रेट के साथ खेली। तिलक वर्मा ने अपनी इस पारी के दौरान टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 1500 रन भी पूरे किए और वो टी20 क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे कम उम्र में 1500 रन बनाने वाले सबसे युवा बैटर भी बने।

- **तिलक वर्मा ने दो दिन बाद तोड़ा अभिषेक शर्मा का रिकॉर्ड–** इससे पहले टीम इंडिया के ओपनर अभिषेक शर्मा ने एक जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच के दौरान अपने 1500 रन टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में पूरे किए थे और भारत की तरफ से क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में 1500 रन बनाने वाले सबसे युवा बैटर बने थे, लेकिन दो दिन के बाद ही यानी 4 जुलाई को तिलक वर्मा ने उनका रिकॉर्ड तोड़ दिया और पहले नंबर पर आ गए। तिलक वर्मा ने टी20आई में 1500 रन 23 साल 238 दिन की उम्र में पूरे किए जबकि अभिषेक ने ये कमाल 25 साल 300 दिन की उम्र में किया था और वो अब दूसरे नंबर पर आ गए।

## न्यूज बाइट्स

### अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** प्रखंड परिसर स्थित बुनियाद केंद्र के सभागार में सोमवार को अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया तथा सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, बिहार पेंशनर समाज के प्रखंड उपाध्यक्ष हृदयानंद सिंह, केंद्र प्रभारी इमरान अहमद एवं राजेंद्र सिंह ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और उनके कल्याण के लिए सरकार की यह पहल सराहनीय है तथा इससे समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा मिलेगा। समारोह में दाउदनगर अनुमंडल के विभिन्न गांवों से आए दर्जनों वृद्ध महिला-पुरुष एवं दिव्यांगजन शामिल हुए। सभी वरिष्ठ नागरिकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सवेरा दिव्यांग फाउंडेशन के प्रखंड अध्यक्ष सागर कुमार, बुनियाद केंद्र के हेयरिंग स्पेशलिस्ट यशवंत कुमार एवं संगीता कुमारी भी उपस्थित रहे।

### वन महोत्सव के तहत एनएसएस ने निकाली जागरूकता रैली

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** भारत सरकार के आह्वान पर 1 से 7 जुलाई तक आयोजित वन महोत्सव के तहत दाउदनगर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा सोमवार को सिपहां गांव में पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान एवं रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) एम. एस. इस्लाम ने किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन, पर्यावरण और जैव विविधता के आधार हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण के साथ उसके संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा ही मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने सिपहां गांव में जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

# आज जिले की 30 पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर, आवेदन जमा करने की अपील

- जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर शिविर की तैयारियां और व्यापक प्रचार-प्रसार जारी।
- प्रत्येक शिविर के लिए वरीय, पुलिस एवं सहयोगी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई।
- बीडीओ, सीओ और प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को सफल आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई।
- सहयोग शिविर का आयोजन प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को किया जाएगा।




### इन पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर

**मदनपुर प्रखंडः** नीमा आँजन, घटराईन, दधपी एवं बनिया
**औरंगाबाद प्रखंडः** पोखराहाँ एवं इब्राहिमपुर
**बारूण प्रखंडः** पौथु एवं भोपतपुर
**देव प्रखंडः** सरगावाँ एवं ढुलारे
**रफीगंज प्रखंडः** कोटवारा एवं भदवा
**कुटुम्बा प्रखंडः** अम्बा, दधपा, सुही एवं पिपरा बगाही
**नबीनगर प्रखंडः** मझियावाँ, बेलाई, सिमरी धमनी एवं बरियावाँ
**ओबरा प्रखंडः** गैनी, बभंडीहा, खुदवाँ एवं मलवाँ
**दाउदनगर प्रखंडः** गोरडीहा एवं संसा
**गोह प्रखंडः** मीरपुर एवं भुरकुण्डा
**हसपुरा प्रखंडः** डुमरा एवं ईटवाँ

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार आज जिले की विभिन्न पंचायतों में पंचायतवार सहयोग शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर के सफल संचालन को लेकर सभी संबंधित पंचायतों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन शिविर से पहले ही पंचायत सरकार भवन में जमा करें। इससे शिविर के दिन आवेदनों का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

प्रशासन के अनुसार 'सहयोग शिविर' का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की शिकायतों का पंचायत स्तर पर ही सरल, त्वरित और पारदर्शी समाधान उपलब्ध कराना है। इसके तहत प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहेंगे। प्रत्येक शिविर से पूर्व संबंधित पंचायतों में कम-से-कम 30 दिन पहले से आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था की जाती है, ताकि आवेदनों का पूर्व परीक्षण कर उनके निष्पादन की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। जिला पदाधिकारी ने प्रत्येक शिविर के लिए वरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सहयोगी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है। वहीं संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को आयोजन की संपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला प्रशासन ने सभी जिलेवासियों से समय पर आवेदन जमा कर सहयोग शिविर का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की है।

# रास्ते के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, लाठी-डंडों से मारपीट, महिला समेत चार घायल



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेंदुआ पोखर गांव में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें एक महिला समेत चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान संगीता देवी, रंजन कुमार, कांति कुमारी और राजू कुमार के रूप में हुई है। संगीता देवी ने बताया कि पाटीदारों के बीच लंबे समय से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। पारिवारिक बंटवारे के दौरान सामने की जमीन दूसरे पक्ष के हिस्से में चली गई थी, जबकि उनके परिवार के आवागमन के लिए पीछे की ओर करीब पांच फीट चौड़ा रास्ता छोड़ा गया था। उनका परिवार वर्षों से उसी रास्ते का उपयोग करता आ रहा है। आरोप है कि रविवार की शाम दूसरे पक्ष के लोग उक्त रास्ते को बांस लगाकर बंद कर रहे थे। इसका विरोध करने पर दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई और फिर विवाद बढ़ते-बढ़ते मारपीट में बदल गया। दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे, जिसमें चार लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत कराया गया। घायलों को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि दूसरे पक्ष के कुछ लोगों को भी चोटें आई हैं, हालांकि उनकी ओर से पुलिस को आवेदन दिए जाने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। मुफस्सिल थाना पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों से प्राप्त आवेदन के आधार पर मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। जांच के बाद दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### रास्ते के विवाद में महिला पर हमला, मारपीट व छिनतई का आरोप, छह के खिलाफ एफआईआर

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

रफीगंज थाना क्षेत्र के चंदौल गांव में रास्ते के विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता कुंती देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि सोमवार सुबह करीब 11 बजे गांव के रास्ते पर कुछ लोग जानबूझकर गोबर फेंक रहे थे तथा वहां शौच करा रहे थे। विरोध करने पर आरोपित गाली-गलौज करने लगे और रास्ते से आने-जाने पर रोक लगाने की धमकी देने लगे। आरोप है कि इसके बाद महाजू यादव, शंकर यादव, जितेंद्र यादव, गुड़िया देवी, कविता देवी एवं एक अन्य महिला ने ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। हमले में कुंती देवी के सिर में गंभीर चोट लगी और वह घायल हो गईं। उन्हें बचाने पहुंचीं उनकी गोतनी मींता देवी के साथ भी मारपीट की गई। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उनके गले से दुर्गा जी का सोने का लॉकेट छीन लिया गया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद दोनों महिलाओं को आरोपितों के चंगुल से छुड़ाया गया। रफीगंज थाना प्रभारी शम्भू कुमार ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# दो साल बाद मिली न्याय की जीत, उपभोक्ता आयोग के हस्तक्षेप से डाकघर ने लौटाए 33,799 रूपए

निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)



औरंगाबाद जिले के हसपुरा डाकघर की लापरवाही के कारण दो वर्षों से अधिक समय तक बचत खाते में फंसी 33,799 की राशि आखिरकार जिला उपभोक्ता परितोष आयोग के हस्तक्षेप के बाद खाताधारक को वापस मिल गई। यह मामला उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा और सरकारी विभागों की जवाबदेही का महत्वपूर्ण उदाहरण बनकर सामने आया है। हसपुरा थाना क्षेत्र के अम्बा शरीफ गांव निवासी सूरयदयाल राम (पिता- राजा राम) का हसपुरा डाकघर में एसबी खाता संख्या 6415884307 है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके बचत खाते में 33,799 की राशि की प्रविष्टि नहीं की गई थी। इस त्रुटि को सुधारने के लिए उन्होंने हसपुरा डाकघर एवं डाक अधीक्षक, औरंगाबाद मंडल को कई बार आवेदन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत प्राप्त जानकारी से पता चला कि डाक विभाग ने 27 सितंबर 2024 को ही संबंधित राशि खाते में जमा करने का आदेश जारी कर दिया था। इसके बावजूद राशि खाताधारक के खाते में नहीं पहुंची। बाद में 5 अगस्त 2025 को विभाग को विधिक नोटिस भी भेजा गया, लेकिन उसका भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

लगातार उपेक्षा से परेशान होकर सूरयदयाल राम ने जिला उपभोक्ता परितोष आयोग, औरंगाबाद में वाद संख्या 45/2026 दायर किया। उन्होंने बकाया 33,799 के भुगतान के साथ मानसिक प्रताड़ना एवं असुविधा के लिए 50,000 मुआवजे की मांग करते हुए डाक विभाग पर सेवा में त्रुटि का आरोप लगाया। मामले की सुनवाई के दौरान 6 जुलाई 2026 को डाक अधीक्षक, औरंगाबाद मंडल ने आयोग में अपना जवाब दाखिल किया। विभाग ने बताया कि आंशिक राशि वाले खातों के भुगतान के संबंध में पहले स्पष्ट दिशा-निर्देश उपलब्ध नहीं थे। एसबी ऑर्डर 15/2025 लागू होने के बाद 1 अप्रैल 2026 को औरंगाबाद प्रधान डाकघर को भुगतान करने का निर्देश जारी किया गया। विभाग ने यह भी बताया कि 18 मई 2026 को संबंधित बचत खाता बंद कर खाताधारक के नाम चेक संख्या 639179 जारी करते हुए 33,799 का भुगतान कर दिया गया। उपभोक्ता आयोग में मामला पहुंचने के बाद विभाग द्वारा लंबित राशि का भुगतान किए जाने से खाताधारक को आखिरकार दो वर्ष से अधिक समय बाद राहत मिली। यह मामला दर्शाता है कि यदि किसी उपभोक्ता के साथ सरकारी या निजी संस्था द्वारा सेवा में लापरवाही बरती जाती है, तो उपभोक्ता आयोग के माध्यम से न्याय प्राप्त किया जा सकता है।

# जनता दरबार में जिलाधिकारी ने सुनीं लोगों की समस्याएं, त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में सात निश्चय-3 के अंतर्गत 'सबका सम्मान–जीवन आसान' पहल के तहत जनता दरबार आयोजित कर जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली एवं सड़क निर्माण, भूमि विवाद, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से जुड़े मामले, मानदेय भुगतान तथा अनुग्रह अनुदान सहित विभिन्न जनहित से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त सभी परिवादों का विधिवत पंजीकरण कर उन्हें संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर उसका निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। डीएम अभिलाषा शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और न्यायसंगत निष्पादन करने तथा मामलों की नियमित समीक्षा कर आमजन को समयबद्ध राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# बाइक फिसलने से दो किशोर घायल, हायर सेंटर रेफर



निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)

ओबरा थाना क्षेत्र में सोमवार को सड़क हादसे में बाइक सवार दो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों दोस्त ओबरा बाजार किराना का सामान लेने जा रहे थे। इसी दौरान ओबरा-पचरुखिया पथ पर गीरा गांव के समीप सड़क पर बिखरी गिट्टी के कारण बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। घायलों की पहचान मनोरा गांव निवासी पवन कुमार (18), पिता जितेंद्र राम, एवं दृश्य प्रकाश (17), पिता मिथिलेश राम, के रूप में हुई है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों को तत्काल ओबरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायल पवन कुमार के दादा शिव भजन राम ने बताया कि उनकी मलवां गांव में किराना दुकान है। उन्होंने पवन को साइकिल से ओबरा बाजार सामान लाने भेजा था, लेकिन वह अपने दोस्त दृश्य प्रकाश की बाइक से बाजार चला गया। इसी दौरान रास्ते में दुर्घटना हो गई। घटना की सूचना पुलिस और परिजनों को दी गई। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती सोमवार को औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह के कार्यालय में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुई। सभा को संबोधित करते हुए विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना संपूर्ण जीवन भारत की एकता, सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित कर दिया। वे एक उत्कृष्ट शिक्षाविद्, दूरदर्शी विचारक और राष्ट्रसेवक थे, जिन्होंने शिक्षा और नवाचार को बढ़ावा देने के साथ राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार भी उनके विचारों से प्रेरित होकर जनकल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ा रही है।

पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि देश के पहले उद्योग मंत्री के रूप में डॉ. मुखर्जी ने औद्योगिक आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव रखी।

# प्रो. अरुण कुमार सिंह को भावभीनी विदाई, योगदान को किया गया सम्मानित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में सोमवार को भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार सिंह के 41 वर्षों की समर्पित शैक्षणिक सेवा पूर्ण होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में उनके उत्कृष्ट शिक्षण, अनुशासन, शैक्षणिक नेतृत्व और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के संस्थापक स्व. राम लखन सिंह यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद वंदे मातरम् और स्वागत गीत की प्रस्तुति ने समारोह को गरिमामय बना दिया। समारोह के मुख्य अतिथि बिहार के पूर्व शिक्षा मंत्री एवं मधेपुरा सदर विधायक प्रो. डॉ. चंद्रशेखर थे। विशिष्ट अतिथियों में सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस. के. मिश्रा, किशोरी सिन्हा महिला कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या डॉ. कुमारी गायत्री, शिक्षक नेता प्रो. अमरेश शांडिल्य, डॉ. कृष्णानंद यादव तथा डॉ. अमित कुमार सहित अनेक शिक्षाविद उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों का स्वागत देव सूर्य मंदिर की स्मृति-चिह्न, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। वहीं प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार सिंह को विभिन्न शिक्षण संस्थानों, शिक्षक संगठनों तथा महाविद्यालय परिवार की ओर से स्मृति-चिह्न, अंगवस्त्र, पौधा एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. चंद्रशेखर ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माता होता है। उन्होंने कहा कि डॉ. अरुण कुमार सिंह ने चार दशकों से अधिक समय तक हजारों विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन और जीवन मूल्यों का मार्गदर्शन दिया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस. के. मिश्रा ने कहा कि डॉ. अरुण कुमार सिंह ने अपनी सादगी, समयपालन, कर्मनिष्ठा और शैक्षणिक उत्कृष्टता से शिक्षकों के लिए आदर्श स्थापित किया है। वहीं उप-प्राचार्य सह नैक समन्वयक डॉ. तरुण माथुर ने कहा कि महाविद्यालय के विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासित वातावरण के निर्माण में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है।

